Page 11



जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

**आईपीएल 2024 : आईपीएल में दो टीमों के खिलाफ 1000+रन बनाने वाले पहले भारतीय बने**

देश

**गाजियाबाद से सिर्फ एक बार महिला बनी सांसद, भाजपा ने कभी नारी शक्ति को...**

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष उत्तर फाल्गुनी संवत 2080 • औरंगाबाद • रविवार • 24 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 104 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 66, 820 | ₹77,500 |

## आज का इतिहास

- 1999 : पी.एन. भगवती (भारत) लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कमेटी के उपाध्यक्ष चयनित।
- 1998: भारत में दान्तान के माध्यम में तेज़ तूफान के कारण 250 लोग मारे गए और 3000 घायल हो गए।

## न्यूज बाइट्स

### होली में छुट्टी नहीं:25 से 30 मार्च तक 20 हजार शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण

**पटना। (नि.सं.)।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने 20 हजार शिक्षकों को 25 से 30 मार्च तक विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले कक्षा एक से पांच तक के 20 हजार शिक्षकों को होली की छुट्टी रद्द कर दी गई है। हालांकि बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजनंदन शर्मा ने शिक्षा विभाग द्वारा लिए गए निर्णय का विरोध किया है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव और एससीईआरटी के निर्देशक सज्जन आर को पत्र लिखकर होली त्यौहार के दिन प्रशिक्षण कार्य को बदलकर दूसरे दिन करवाने की मांग की है।

### रूसी आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या 115

**नई दिल्ली (ए.)।** रूस की राजधानी मॉस्को क्षेत्र के क्रोकस सिटी हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 115 हो गई है जबकि 145 लोग घायल हैं। गंभीर रूप से घायल लोगों को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। रूसी जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने टेलीग्राम पर कहा कि आतंकवादी हमले में मरने वालों संख्या 115 पहुंच गयी है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

### डॉ. लोहिया की जयंती के अवसर पर सांसदों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली (ए.)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर शनिवार को नयी दिल्ली के संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संसद सदस्य; लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. लोहिया को संविधान सदन में पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में 30 मई, 1991 को तत्कालीन संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर नें डॉ. लोहिया के चित्र का अनावरण किया था।

### हजारीबाग में चचेरे भाई को फरसा से काटा

**हजारीबाग (झारखंड)(नि. सं.)।** हजारीबाग के चुरचू थाना क्षेत्र में चचेरे भाई को एक व्यक्ति ने फरसे से काट दिया। इससे उसकी हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फरसे को जब्त कर लिया। इधर, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार है। ग्रामीणों की मानें, तो आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा का रिजल्ट जारी, 87.21 फीसदी रहा रिजल्ट

# पटना के तुषार ओवरऑल टॉपर, सीवान के मृत्युंजय साइंस एवं कॉमर्स में शेखपुरा की प्रिया ने किया टॉप

» साइंस में टॉप 5 में 11 छात्र-छात्राएं, आर्ट में 5 और कॉमर्स में टॉप 5 में 8 छात्र-छात्राएं हैं। तीनों संकाय मिलाकर कुल 24 छात्र-छात्राएं टॉप 5 पोजिशन पर रहे

- प्रज्ञा कुमारी, गर्ल्स एसएस स्कूल, गोहा, औरंगाबाद के 94.80 प्रतिशत लाकर की टॉप


निज संवाददाता | पटना

इंतजार के बाद फाइनली बिहार बोर्ड की ओर से बारहवीं कक्षा के नतीजों का एलान कर दिया गया है। रिजल्ट का एलान बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सभागार से प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया। नतीजों के साथ-साथ टॉपर्स की सूची, जिलेवार बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की लिस्ट सहित अन्य डिटेल्स भी जारी किये गये हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार कुल परीक्षार्थियों में से 87.21 प्रतिशत छात्र पास किये हैं। कला संकाय में कुल 86 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में 87 प्रतिशत, जबकि कॉमर्स संकाय में 94 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा पास किया है। सिवान के मृत्युंजय कुमार विज्ञान संकाय के टॉपर बने हैं। मृत्युंजय कुमार 96.2 प्रतिशम अंक के साथ टॉपर हैं। कला संकाय में पटना कॉमर्स कॉलेज के तुषार कुमार टॉपर रहे हैं, उन्हें 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। वहीं शेखपुरा की प्रिया कुमार कॉमर्स संकाय की टॉपर रही है। उन्हें 488 यानी 96.6 प्रतिशत अंक पाया है। प्रिया सबसे अधिक अंक के साथ स्टेट टॉपर भी बनी है। इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 की परीक्षा में 13 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसका आयोजन 1 फरवरी से 12 फरवरी तक किया गया था। अब उनका रिजल्ट जारी हो गया है। कल ही टॉपर्स इंटेलिजेंस वेरीफिकेशन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी थी। बिहार बोर्ड बीते कई सालों से देश भर में सबसे पहले इंटर की वार्षिक परीक्षा का परिमाण घोषित करता आ रहा है। इस बार भी ये रिकॉर्ड कायम रहने वाला है। 28 मार्च से इस परीक्षा के लिए स्क्रूटनी के लिए आवेदन लिए जाएंगे। जिनको भी अपने मार्क्स से दिक्कत है वो इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। अप्रैल में कंपार्टमेंटल परीक्षा होगी। जिन छात्रों को सफलता नहीं मिली है वह परीक्षा दे सकते हैं।






आर्ट्स के तुषार कुमार ने ओवर ऑल टॉप किया है



सीवान के मृत्युंजय कुमार साइंस में स्टेट टॉपर हैं



शेखपुरा की प्रिया कुमार कॉमर्स संकाय की टॉपर रही

### आर्ट्स के टॉप 5

- » तुषार कुमार- 482 नंबर- 96.40%- पटना
- » निशि सिन्हा-473 नंबर- 94.60%- पटना
- » तनु कुमारी-472 नंबर- 94.40%- पटना
- » कुमार निशांत-469 नंबर-93.80%- नवादा
- » अभिलाषा कुमारी- 468 नंबर- 93.60%- कैमूर

### पहले से बेहतर रिजल्ट, लड़कियां फिर आगे

आनंद किशोर ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष रिजल्ट बेहतर रहा है। तीनों संकायों में छात्राओं ने बाजी मारी है। इस बार 88.84 प्रतिशत छात्राओं ने परीक्षा पास किया है। आनंद किशोर से एक बार फिर देश में सबसे पहले रिजल्ट जारी करने के लिए बोर्ड और स्कूल के सभी कर्मचारी और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने पास करनेवाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी और असफल परीक्षार्थियों को धैर्य रखने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बोर्ड उनके लिए परीक्षा आयोजित करेगा।

### साइंस स्ट्रीम के जानें 5 टॉपर्स कौन

- » मृत्युंजय कुमार जीएम उच्च विद्यालय शाह इंटर कॉलेज, सीवान 96.20
- » सिमरन गुप्ता श्री यमनाचारी हाइ स्कूल कम इंटरकॉलेज, सारण 95.40
- » वरूण कुमार एच/एस सिंहवाहिनी, सीतामढ़ी 95.40
- » प्रिंश कुमार एच/एस बरौली, गोपालगंज 95.20
- » आकृति कुमारी ए.ए एस.डी हाइ स्कूल, बड़का गांव, सीवान 95
- » राजा कुमार आर लाल चनन हाइस्कूल लखोचक,लखीसराय 95
- » सना कुमारी एच.एस भोबी नालंदा 95
- » प्रज्ञा कुमारी गर्ल्स एसएस स्कूल, गोहा, औरंगाबाद 94.80
- » अनुष्का गुप्ता एसएसबी कॉलेज, कहलगांव, भागलपुर 94.80
- » अंकिता कुमार श्री गणेश मथुरा उच्च विद्यालय, शाह इंटर कॉलेज, सीवान 94.80
- » प्रिंस राज जगदीश सीनीयर सेकेंडरी स्कूल, चमहारा, वैशाली 94.80

### कॉमर्स के टॉप 5

- » प्रिया कुमारी -478 नंबर-95.60%- शेखपुरा
- » सौरभ कुमार-470 नंबर-94.00 %- पटना
- » गुलशन कुमार- 469नंबर-93.80%- पटना
- » कुणाल कुमार-469 नंबर-93.80%- नवादा
- » सुजाता कुमारी-468 नंबर-93.60%- राजौली
- रैंक-4) साक्षी कुमारी-468 नंबर-93.60%- फारबिसगंज, अररिया
- रैंक-5) धर्मवीर कुमार- 467 नंबर-93.40%- पश्चिमी चंपारण
- रैंक-5) दिपाली कुमारी- 467 नंबर-93.40%- नवादा

### 31 मार्च तक मैट्रिक का रिजल्ट

बिहार बोर्ड ने जानकारी दी है कि 31 मार्च तक मैट्रिक परीक्षा 2024 का रिजल्ट भी जारी हो सकता है।

# कल सर्वार्थ सिद्धि योग में होलिका दहन, आज रहेगा भद्रा का साया



निज संवाददाता | पटना

कल होलिका दहन है। होलिका दहन फाल्गुन मास की भद्रा रहित पूर्णिमा में रात्रिकाल में करने का विधान है। फाल्गुन की पूर्णिमा रविवार की सुबह 09:35 बजे से शुरू हो रही है और भद्रा भी उसी समय से आरंभ हो रहा है। भद्रा रविवार की रात 11:14 बजे तक रहेगी। वहीं, 25 मार्च सोमवार को पूर्णिमा तिथि दोपहर 11:41 बजे तक ही है। इसलिए होलिका दहन का पर्व रविवार को ही मनाया जाएगा। कल सर्वार्थ सिद्धि योग में होलिका दहन होगा। होलिका दहन पाप पर विजय के रूप में मनाई जाती है। भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी। भगवान विष्णु ने प्रह्लाद को होलिका की अग्नि में जलने से बचाया था। इसलिए यह पर्व और भी पवित्र हो जाता है।

### होलिका जलाने का शुभ मुहूर्त

पंडित मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि होलिका में अग्नि जलाने का विशेष महत्व होता है। इस बार होलिका जलाने का शुभ मुहूर्त रात्रि 11:14 बजे से लेकर 12:07 बजे तक ही रहेगी। उससे पहले होलिका का दहन नहीं किया जाएगा, क्योंकि भद्रा का साया है। भद्रा जबतक रहता है, उस समय कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। यदि गलती से कोई शुभ कार्य ही गया तो उसका परिणाम विनाशकारी होता है।

## खत्म नहीं होने वाली केजरीवाल की मुश्किलें ईडी के बाद सीबीआई ले सकती है रिमांड पर



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें अभी जल्द खत्म नहीं होगी, बल्कि बढ़ ही सकती हैं क्योंकि ईडी की रिमांड की अवधि खत्म होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी अपने केस में उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर ले सकती है। ईडी पैसों के ट्रेल जानने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामले की जांच कर रही है। एक बार जब ईडी की रिमांड खत्म हो जाएगी तो सीबीआई केजरीवाल को रिमांड पर लेने के लिए अदालत का रुख कर सकती है क्योंकि वह भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत उस अपराध की जांच कर रही है, जिसमें उसने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और अन्य को गिरफ्तार किया है। सिसोदिया के साथ भी यही किया गया था। दोनों एजेंसियों ने उन्हें काफी दिनों तक रिमांड पर लेकर अलग-अलग पूछताछ की थी। बीते सोमवार को सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट को यह बताया भी था कि आबकारी नीति घोटाला मामले में कुछ और हाई प्रोफाइल लोगों की गिरफ्तारियां' हो सकती हैं। इस संकेत की अटकलें लगाई जा रही थी।

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने भी चुनाव नहीं लड़ने का किया एलान

निज संवाददाता | पटना



कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने भी इस बार का आम चुनाव नहीं लड़ने का एलान किया है। श्रीमती कुमार ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने।की घोषणा की। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया। 2024 के आम चुनाव में मैंने नहीं लड़ने का निर्णय किया है। मैं अपने देश के लोगों, विशेषकर गरीब, वंचित वर्ग और महिलाओं की सेवा हमेशा करती रहूंगी। गौरतलब है कि श्रीमती मीरा कुमार दो बार बिहार के सासाराम (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह सासाराम से 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में विजयी हुई थीं। 2004 में वह केंद्रीय मंत्री और 2009 में देश की प्रथम महिला लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं लेकिन 2014 और 2019 में वह सासाराम में भाजपा उम्मीदवार छेदी पासवान से हार गईं। उनके पिता जगजीवन राम 1952 के प्रथम चुनाव से 1986 तक सासाराम लोकसभा से लगातार आठ बार सांसद रहे थे।

## मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा : उपराष्ट्रपति धनखड़



**नयी दिल्ली (ए.)।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक विमर्श पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां कहा कि मीडिया को भारत को समझने के लिए सही दृष्टिकोण बताने वाला बनना चाहिए और छवि खराब करने वाले सुनियोजित आख्यानों का शिकार नहीं बनना चाहिए।

## बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के जल्द होगा अपना डाटा बैंक : राज्यपाल

- राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को खुद सॉफ्टवेयर विकसित करने का दिया निर्देश
- राज्यपाल आर्लेकर ने निजी आईटी एजेंसियों से काम नहीं लेने का दिया निर्देश



निज संवाददाता | पटना

राज्य के सभी विश्वविद्यालयों का अपना सॉफ्टवेयर तैयार होगा। इससे प्रत्येक विश्वविद्यालय में डाटा बैंक भी बनेगा। इस प्रस्ताव पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्वीकृति दे दी है और इसे प्रत्येक विश्वविद्यालय में कार्यान्वित करने को कहा है। राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देशित किया है कि विश्वविद्यालयों में यूएमआइएस (यूनिवर्सिटी इंफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम) की निजी एजेंसियों से काम नहीं लिया जाए, बल्कि खुद विश्वविद्यालय अपना सॉफ्टवेयर विकसित करे। विश्वविद्यालयों का सभी डेटा बाहर की एजेंसियों के पास कतई नहीं जाना चाहिए। विश्वविद्यालयों को खुद डेटा बैंक तैयार करना चाहिए। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की ओर से कुलपतियों को निर्देशित किया गया है कि जिस काम को विश्वविद्यालय अपना सॉफ्टवेयर विकसित करने में एक करोड़ रुपये में खर्च कर सकता है, उसके लिए यूएमआइएस की निजी एजेंसियों द्वारा साढ़े पन्द्रह करोड़ रुपये विश्वविद्यालय से लिए जाते हैं। स्पष्ट है कि सॉफ्टवेयर पर एक करोड़ खर्च साढ़े चौदह करोड़ रुपये को बचाया जा सकता है। यह बात भी सामने आई है कि निजी एजेंसी जानबूझ कर प्रवेश और अंक पत्र गलत प्रिंट कर गरीब छात्र-छात्राओं का आर्थिक दोहन करती है।

### विश्वविद्यालयों में इनोवेशन नेटवर्क को तैयार करना

राजभवन द्वारा सभी विश्वविद्यालयों में नवाचार को बढ़ावा देने को कहा गया है। नई योजनाओं में राजभवन का खास फोकस है जिसमें स्नातक स्तर पर युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना है। साथ ही युवाओं को प्रशिक्षण एवं शोध के लिए खासतौर से प्रोत्साहित भी करने की योजना है। इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों में इनोवेशन नेटवर्क खड़ा करने की भी प्लानिंग है। इस पर जो राशि खर्च होगी, वह यूजीसी से आएगा। प्रत्येक विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल का गठन अनिवार्य होगा, जहां प्रोफेशनल काउंसलर की नियुक्ति होगी।

## बस-ट्रक में टक्कर, 3 बच्चों की मौत, कई घायल

निज संवाददाता



**लोहरदगा (झारखंड)।** झारखंड के लोहरदगा में सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई। जिनमें एक 8 महीने का नवजात भी है। लोहरदगा के कुड़ू टाटी इलाके में बारतियों से भरी बस की ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का ड्राइवर काफी देर तक ड्राइविंग सीट पर फंसा रहा, उसे किसी तरह बाहर निकाला गया। हादसा शुक्रवार की रात करीब पौने नौ बजे नेशनल हाईवे 143ए पर टाटी का पास हुआ। एक्सीडेंट में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि करीब 25 लोग घायल हुए हैं। 12 से ज्यादा घायलों को रांची के रिम्स रेफर किया गया है। कुछ का इलाज लोहरदगा और कुड़ू के अस्पतालों में भी किया गया है। शुक्रवार रात रांची की ओर से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बाराती गाड़ी अपने घर गुमला बिशनपुर के बनालात लौट रही थी। लोहरदगा से कुड़ू की ओर हाईवा (ट्रक) जा रहा था। बस की रफ्तार तेज थी। अचानक गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ा और ट्रक के साथ बस की टक्कर हो गई। इस हादसे में जिन तीन बच्चों की मौत हुई उसमें एक आठ माह का बच्चा भी शामिल है। हादसे में मारे गए बच्चों में प्रियंका कुजूर और सुमंति खेरवार और एक आठ माह का बच्चा है। कुड़ू पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। घटना में बस और हाइवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### ये लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं

कलशमुनि पति बरिया उरांव, सुनील उरांव पिता जगदीश उरांव, हीरामन उरांव पिता स्व फगुवा उरांव, विनोद उरांव पिता रोपना उरांव, छत्रपाल पिता धर्मदेव उरांव, बरिया देवी पति बन्धु उरांव सभी विशुनपुर थाना क्षेत्र के बनालात के रहने वाले हैं।, जबकि विशुनपुर के हरिया गांव निवासी होमगार्ड जवान बलराम उरांव और हाइवा का चालक इलताफ भी जख्मी हैं।

## बिहार में कागजों पर है 200 से ज्यादा राजनीतिक पार्टियां

**पटना(नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद राजनीतिक दलों की हलचल बढ़ गई है। चुनाव आयोग ने पिछले दिनों प्रशांत किशोर की जन स्वराज पार्टी को निबंधित किया है। बिहार में एक नहीं सैकड़ों की संख्या में ऐसे राजनीतिक दल हैं, जिनका वजूद सिर्फ कागजों में ही सिमटा हुआ है। बिहार में ऐसे दलों की संख्या 200 से अधिक है। ये चुनाव आयोग में निबंधित तो हैं, लेकिन इन्हें मान्यता नहीं मिली हुई है। देश में ऐसे गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की संख्या 2796 है। आश्चर्यजनक पहलू यह है कि 8 फीसदी ऐसे दलों की संख्या बिहार में ही मौजूद है। इन पार्टियों के नाम भी ऐसे हैं, जिन्हें शायद ही किसी ने कभी सुना होगा। सबसे ज्यादा पटना के कागजी पते पर ही पार्टियों के कार्यालय मौजूद हैं।

## अटल पथ पर किस स्पीड में चलेगी गाड़ियां, फुट ओवर ब्रिज पर पर लगेगी लिफ्ट

निज संवाददाता | पटना



पटना के व्यस्तम सड़कों में से एक बेली रोड पर चार नए फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। सगुना मोड़, पुनाईचक, चिड़ियाखाना और तारामंडल के पास यह ब्रिज बनेगा। ये अटल पथ पर बने ओवर ब्रिज के डिजाइन जैसा ही होगा। इसके अलावा कंकड़बाग में भी एक ब्रिज बनेगा। साथ ही अटल पथ पर स्पीड लिमिट कर दिया गया है। ऑटो के लिए 30 किलोमीटर प्रतिघंटा, बस के लिए 50 और चार चक्का वाहन के लिए 70 किलोमीटर प्रति घंटा फिक्स किया गया। साथ ही आम लोगों की सुविधा के लिए वीमेंस कॉलेज के पास बने फुट ओवर ब्रिज पर लिफ्ट भी लगाया जाएगा।

दरअसल, सड़क सुरक्षा पर गठित सर्वोच्च न्यायालय की समिति के निर्देश पर राजधानी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और पैदल चलने वाले लोगों को सड़क पार करने की सुविधा के लिए अहम बैठक बुलाई गई थी। मीटिंग में परिवहन, पथ निर्माण, बीएसआरडीसी, ट्रांसपोर्ट और पटना जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान फुट ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया। कुछ दिन पहले बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई थी। समें फुट ओवर ब्रिज, अंडर पास निर्माण के लिए बजट अनुमोदित किया गया था। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि नेहरु मार्ग बेली रोड पर पैदल यात्रियों के लिए सड़क पार करने की कोई सुविधा नहीं है। इस वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। नेहरु मार्ग सहित किस रूट पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा सकता है। इस बारे में संबंधित पदाधिकारियों से फीड बैक लिया गया

नेहरु मार्ग पर फुट ओवर ब्रिज बनने से पैदल यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। पटना शहर और दानापुर को जोड़ने वाला नेहरु मार्ग बेली रोड प्रशासनिक-व्यावसायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। ये मार्ग काफी व्यस्त रहता है।

BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### सब्जी दुकानदार की पुत्री श्रुति ने इंटर में लाई 450 अंक



**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल बाजार निवासी व सब्जी दुकानदार रंजीत कुमार साव की पुत्री श्रुति कुमारी ने शनिवार को घोषित इंटर विज्ञान की परीक्षा में 450 अंक लाकर परचम लहराई है। उसके इस सफलता पर उसके स्वजनों एवं स्थानीय ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। श्रुति ने बताया कि उन्होंने इंटर विद्यालय कौआकोल से इंटर की परीक्षा दी थी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता,पिता,गुरु एवं परिवार के सदस्यों को देते हुए कहा कि आगे उनकी इच्छा एक अच्छे अधिकारी बनकर समाज व देश की सेवा करने का है।

### मतदाताओं ने वोट डालने के लिया शपथ

**नारदीगंज।** लोकसभा चुनाव को शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम नारदीगंज पंचायत वार्ड चार में आयोजित कर मतदान की महत्ता के बारें में जानकारी दी गई। अध्यक्षता सरपंच प्रवेश रविदास ने की। जहां कहा,उन्होंने कहा आगामी 19 अप्रैल को चुनाव है। वोट बहुमूल्य होता है। जब इसकी अहमियत देश व समाज की दिशा देंगे। जनता समझ ले,तो यह किसी को सबक से कम नहीं होता है। जिसे सबको याद रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा गया पहले मतदान करेंगे,तब जलपान करेंगे की बात कह लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उपस्थित मतदाताओं ने आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने का शपथ ली।

### दिव्यांग मतदाता बैलेट देंगे मत

**नारदीगंज।** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पुस्तकालय भवन नारदीगंज में बीएलओ की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ रंजीत कुमार ने की। इस प्रकार बीडीओ ने कहा दिव्यांग मतदाता व 85 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता है,जो मतदान केंद्र पर नहीं पहुंच सकते हैं, इसके अलावा मतदान केंद्र पर पहुंचने कर वोट नहीं दे पाने वाले दिव्यांग मतदाता हैं। उन सभी मतदाताओं से प्रपत्र (घ) भराने का निर्देश बीएओ को दिया,वैसे मतदाता बैलेट के माध्यम से वोट कराया जाय। मौके पर मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार ,दीपक कुमार, बीएओ विद्या भूषण कुमार, पूजा कुमारी, श्रवण कुमार समेत अन्य बीएओ मौजूद रहे।

### नारदीगंज में 101 मतदान केंद्र पर मतदाता देंगे वोट

**नारदीगंज।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। नवादा लोकसभा चुनाव आगामी 19 अप्रैल 2024 को है। बीडीओ रंजीत कुमार ने बताया चुनाव के मद्दे नजर नारदीगंज प्रखंड में 101 मतदान केंद्र बनाए गए है,यह मतदान केंद्र 67 भवन में है,जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव को लेकर कई मतदान केंद्र सामान्य, संवेदनशील और अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। वही विधि व्यवस्था संधारण शांति ,सुरक्षा व निष्पक्ष चुनाव हेतु पुलिस बल आवास स्थल की संख्या पांच जगह निर्धारित की है। इसके अलावा प्रखंड के विभिन्न चार स्थानों पर हैलीपैड बनाया जाएगा।

### 49 हजार 316 रुपये हुए राजस्व की वसूली

**नारदीगंज।** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज स्थित पावरग्रिड परिसर में किया गया। बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह व बिजली विभाग के कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी के देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के छह बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये। वही 24 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किये। बिजली विभाग के जेई ने बताया आयोजित शिविर में छह उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन जमा किये थे,जिसमे तीन उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार किया गया, शेष उपभोक्ताओं को हिसुआ में निष्पादित किया जाएगा।उन्होंने कहा 24 उपभोक्ताओं ने 49 हजार 316 रुपये राजस्व जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम बिपिन कुमार के अलावा उपभोक्ता करुणा देवी,धर्मेंद्र कुमार,रामरूप महतो,चांदो महतो,प्रदीप कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

### किसानों को दी गई नवीनतम तकनीक की जानकारी

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के तत्वाधान में तकनीकी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दरम्यान कृषि एवं पशुपालन के नवीनतम तकनीक को प्रदर्शित कर किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कृषि के नई तकनीक जीरो टिलेज,हैप्पीसीडर,कल्टीवेटर, रोटावेटर,पावर स्प्रेयर,रोटरी टिलर, प्लो,पावर हैरो,लेवलर, रिपर मशीन और डिस्क हैरो आदि कृषि संयंत्रों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं पशुपालन से संबंधित तकनीक सहजन पिलेट, हेचरी,गौ पालन, आयुर्वेदिक किलनी मारने की दवा,ब्रॉयलर मुर्गियों के बढ़वार के लिए सूखे नीम का पत्ती, आईएफएस मॉडल,आदि तकनीक का प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को बताया गया। इस दौरान सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। किसानों ने सभी प्रदर्शित इकाइयों का भ्रमण किया एवं इससे संबंधित जानकारियां प्राप्त किया। मौके पर केवीके प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,पशु एवं विज्ञान विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० धनन्जय कुमार समेत अन्य कृषि वैज्ञानिक मौजूद थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हेल्थ कैंप का आयोजन

**कौआकोल।** एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखण्ड के सरौनी गांव में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल की ओर से हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया।कैम्प में खून में हीमोग्लोबिन जांच कर एनीमिया से ग्रसित किशोर,किशोरी,गर्भवती महिला आदि की जांच किया गया। इस दरम्यान 30 लाभार्थियों की एनीमिया से बचाव हेतु परामर्श एवं आयरन फोलिक टैबलेट का वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य कैंप में सामान्य बीमारी, शुगर मरीज,बीपी मरीज सहित दर्जनों मरीजों को चिकित्सा सेवा प्रदान की गई। साथ ही यक्ष्मा बीमारी की उन्मूलन हेतु टीवी जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिसमें 15 दिनों से अधिक खांसी वाले लाभार्थियों का जांच किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० पंकज कुमार ने टी-3 कैंप (टेस्ट,ट्रीट एवं ट्रीटमेंट) के उद्देश्यों की जानकारी दी।

### जयंती पर याद किए गए लोहिया जी

**बखरी/बेगूसराय।** सपा एवं बहुजन कल्याण समिति के संयुक्त बैनर तले कार्यकर्ताओं ने प्रख्यात समाजवादी विचारक डॉक्टर राममनोहर लोहिया की जयंती पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सपा जिलाध्यक्ष सह बहुजन कल्याण समिति संयोजक दिलीप केशरी ने कहा कि डॉक्टर लोहिया की विचारधारा ही देश को तरक्की की राह पर ले जाने में सक्षम हैं। लोहिया जी देश के दबे कुचले, शोषित समाज के मसीहा और सच्चे समाजवादी थे। उन्होंने हमेशा पूंजीवादी व्यवस्था का विरोध किया। उनका मानना था कि समाजवाद को अपनाकर ही देश में सभी वर्गों का विकास संभव है। लोहिया ने कहा था कि जिंदा कौमें पांच वर्ष तक इंतजार नहीं करती है। जयंती की अध्यक्षता मांगन सदा ने की। मौके पर अधिवक्ता गौरव कुमार,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजो साह,अर्जुन यादव, नंदलाल यादव, सचिन शर्मा, मनोज चौधरी,गणेश सदा,मो नौशाद आदि ने उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# तिलैया कोडरमा रेलखण्ड में चार टनलों में एक टनल का काम हुआ सम्पन्न

निज संवाददाता। **रजौली**




प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत अंतर्गत निर्माणाधीन तिलैया-कोडरमा रेलखण्ड में शनिवार को चार टनलों में एक टनल का निर्माण सफलतापूर्वक किया गया।इस दौरान रेलवे अधिकारी डिप्टी चीफ मनीष कुमार,आर आर कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के जेनरल मैनेजर प्रेम सिंह,एस एस सोम इंजीनियरस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रोहित सोम व प्रोजेक्ट मैनेजर जीवा रत्नम के अलावे अन्य अभियन्तागण एवं कर्मी मौजूद रहे।जेनरल मैनेजर प्रेम सिंह ने बताया कि रेलखण्ड निर्माण कार्य में स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय है।वहीं रेलवे द्वारा भी बहुत अच्छा सहयोग मिल रहा है।उन्होंने कहा कि रेलखण्ड निर्माण में 1100 मीटर में चार टनलों का निर्माण किया जाना है।उन्होंने कहा कि शनिवार को टनल संख्या 2 जिसकी लंबाई कुल 305 मीटर थी।उन्होंने कहा कि टनल संख्या 2 का निर्माण सफलतापूर्वक किया गया है। वहीं टनल संख्या 1 की लंबाई 355 मीटर, टनल संख्या 3 की लंबाई 205 मीटर एवं टनल संख्या 4 की लंबाई 255 मीटर है।जेनरल मैनेजर ने कहा कि बीते छः माह से टनल का बनाने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कार्य के शुरुआती दौरान में टनल बनाने वाले एक विदेशी मशीन के करोड़ों रुपये मूल्य की एक मशीनरी पार्ट्स चोरी हो गई थी।जिसका उद्भेदन रजौली पुलिस द्वारा आशा से कम समय में कर लिया गया।साथ ही कहा कि सिर्फ पानी की दिक्कत उन्हें हो रही है।हालांकि पानी के लिए 3-4 बोरिंग भी करवाया गया था।किंतु वे सभी विफल रहे।उन्होंने कहा कि टनल निर्माण के दौरान मशीन को अधिक पानी की आवश्यकता होती है।जिसके लिए वे पानी टैंकर का उपयोग किया जा रहा है।वहीं चार टनलों में एक का सफल निर्माण पर कर्मियों एवं अन्य लोगों को धन्यवाद भी दिया है।

# अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की दी शुभकामनाएं



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

नारदीगंज स्थित कोचिंग संस्थान में शनिवार को होली मिलन समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कोचिंग संस्थान के निदेशक शैलेश कुमार,शिक्षक अरुण टाइगर,पंकज कुमार समेत अन्य की मौजूदगी में हुआ।इस मौके पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की को शुभकामनाएं देते हुए शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि यह रंगोत्सव का पर्व है,हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ भाईचारे व आपसी मतभेद को भुलाकर यह पावन पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर रिमझिम, प्रिया, रिया,श्रेया, मुस्कान, प्रीति,सोनू ,निशा समेत अन्य शामिल हुए।

## महजबीं प्रवीण ने 419 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रौशन

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**

प्रखण्ड क्षेत्र के छात्र छात्राओं ने इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर नरहट प्रखण्ड का नाम रौशन किया है। मिली जानकारी के अनुसार शेखपुरा पंचायत अंतर्गत बेरौटा गांव के माता मुसर्रत प्रवीण पिता नसीम उद्दीन की पुत्री मजहबी प्रवीण ने आर्ट्स में 419 अंक प्राप्त कर गांव एवं प्रखण्ड का नाम रौशन किया है।मजहबी इंटर में 419 अंक प्राप्त कर आगे बीपीएससी की तैयारी कर पदाधिकारी बनना चाहती है। माता पिता ने बेटी की इस उपलब्धि पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बेरौटा गांव की दो सगी बहन फिजा प्रवीण ने 406 अंक और नाजिया प्रवीण माता सकीला खातून पिता जावेद आलम ने 402 अंक प्राप्त कर गांव का नाम रौशन किया है। दोनों बहने इंटर में अच्छे अंक प्राप्त कर यूपीएससी की तैयारी कर देश की सेवा करना चाहती है। दीपांशु कुमार पिता बिपिन सिंह घर रामपुर ने इंटर सांईन्स में 397 अंक प्राप्त कर गांव का नाम रौशन किया है। सभी छात्र छात्राएं टीएस कॉलेज हिसुआ के विद्यार्थी हैं। सभी छात्र छात्राएं शेखपुरा में दीपक सर के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया है। सूफिया तब्बसुम 346, मुक्कदस जबी 323, अलिशा नाज 345, सानिया बानो 339 ने बेहतर अंक लाया। दीपक सर, मो सद्दाम, आशीष, फैयाज एवं पंचायत के मुखिया निर्मला देवी ने सभी छात्र छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आशा एवं एएनएम को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्राथमिक स्वास्थ्य कौआकोल में शनिवार को समारोह का आयोजन कर आयोजित पुरस्कार सम्मान स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर तीन आशा एवं तीन एएनएम को सम्मानित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० पंकज कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुष नसबंदी के लिए कौआकोल प्रखंड को जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने सभी कर्मियों से स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को तत्पर रहने को लेकर निर्देशित भी किया। इस दौरान प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रविचंद्र प्रसाद,प्रखंड लेखापाल इंद्रजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# खेती के लिए बीज की पहचान के लिए किसानों को दी गयी जानकारी

निज संवाददाता। **खोदावंदपुर/ बेगूसराय**






खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नौ स्थित गोगल टोल में शनिवार को कोर्टेवा एग्रिसाइंस कंपनी के द्वारा खेती में सही बीज पहचानने की तरीका के गुर किसानों को बताये गये. इस मौके पर अधिक उपज के लिए नवीनतम तकनीक की जानकारी भी दी गयी. बताते चलें कि गांव के ही किसान राजेश कुमार के दरवाजे पर पायोनियर कंपनी के द्वारा ऑफ सीजन एक्टिविटी के तहत किसानों के अधिक उपज देने वाली शंकर 27पी37 धान के बारे क्षेत्रीय अधिकारी अरविंद कुमार ने किसानों को सही पैकेट पहचानने का तरीका बताया और आगामी फसल शंकर 27पी37 लगाने की सलाह दी. मौके पर किसान पवन कुमार राकेश, राम ईश्वर महतो, परमेश्वरी महतो, सीताराम महतो, राकेश कुमार, अजीत राम, अमन कुमार, राकेश कुमार, मीना देवी, अभिलाषा कुमारी, ममता कुमारी, शोभा कुमारी सहित दर्जनों किसान मौजूद थे.

# रजौली की सुजाता ने कॉमर्स में लाया पांचवा स्थान, परिजनों में खुशी

निज संवाददाता। **रजौली**



प्रखण्ड क्षेत्र के तकिया मोहल्ला निवासी डीलर सुजीत कुमार की बड़ी बेटी सुजाता कुमारी ने इंटरमीडिएट के कॉमर्स में सूबे में पांचवा स्थान प्राप्त कर परिजनों एवं गांव का नाम रौशन की है।प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल की छात्रा सुजाता ने इंटरमीडिएट के 500 अंकों की परीक्षा में 468 अंक प्राप्त की है।इससे परिजनों में खुशी का माहौल है।टॉप होने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी सुजाता कुमारी को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।वहीं लोगों ने कहा कि आज के समय में बेटियां बेटों से किसी भी मामले पीछे नहीं है।टॉपर के पिता सुजाता कुमारी हरदिया पंचायत में डीलर हैं एवं माता सोनी देवी गृहणी है।टॉपर सुजाता कुमारी ने कही कि वह दो बहनों में बड़ी है।छोटी बहन नौंवी में पढ़ रही एवं छोटा भाई चौथी कक्षा में पढ़ रहा है।साथ ही वे अपनी सफलता के पीछे कड़ी सेल्फ स्टडी एवं परिजनों के सहयोग को अहम कारण बताई है।टॉपर सुजाता आगे की पढ़ाई को लेकर पटना अथवा कोटा में जाकर करने की बात कही है एवं भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की इच्छा जाहिर की है।वहीं आसपास के लोगों ने कहा कि सुजाता ऐसी बेटियां कई माता-पिता को यह संदेश दिया कि बेटों के साथ-साथ अगर बेटियों को सुविधा और सहयोग किया जाए,तो बेटियां और भी बेहतर कर सकती हैं।

# कौआकोल में शिक्षिका के बंद घर से नगदी समेत लाखों की चोरी

निज संवाददाता। **कौआकोल**




कौआकोल बाजार गैस गोदाम उतरवारी गली स्थित शिक्षिका सोनम कुमारी के बंद घर से अज्ञात चोरों द्वारा नगदी एवं आवश्यक कागजात समेत लाखों मूल्य की समानों की चोरी कर ली गई। इस संबंध में शिक्षिका के पति जवाहर दास पिता स्व. रामेश्वर दास ने कौआकोल थाना में आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। थाना में दिए गए आवेदन पत्र में बताया गया है कि उसकी पत्नी सोनम कुमारी जमुई जिले के चकाई प्रखंड में शिक्षिका की नौकरी करती है। वह भी अपनी पत्नी के साथ चाय में ही रहते हैं। तथा प्रत्येक सप्ताह में सोमवार को चकाई जाते हैं और शनिवार को अपनी घर आ जाते हैं। 18 मार्च को ही वे अपनी पत्नी के साथ चकाई गए थे। 23 मार्च को जब वे लौटकर अपनी घर कौआकोल आये तो देखा की घर का दरवाजा में ताले लगे हुए हैं, पर अंदर के रूम का कब्जा तोड़ा हुआ है और सभी सामान यत्र तंत्र बिखरे हुए हैं। जब सभी रुम को सर्च किया गया तो देखा कि घर में रखे 60 हजार रुपए नगदी, लैपटॉप, सोने का एक भर का मंगलसूत्र, 20 भर का चांदी का पायल, नौकरी के सभी कागजात आदि गायब हैं। इधर घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम है। ग्रामीणों की शिकायत है कि थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा रात्रि गश्ती नहीं किए जाने से थाना क्षेत्र में चोरी की लगातार घटनाएं घट रही है। क्षेत्र के लोगों में दहशत कायम हो चुका है। बावजूद स्थानीय पुलिस पूरी तरह से लापरवाही बरत रही है।

# भगवानपुर, मानोपुर के भाजपा नेता के असामयिक निधन, जताया शोक, शवयात्रा में केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह व पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार भी हुए शामिल

निज संवाददाता। **बेगूसराय**



भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के मानोपुर गांव निवासी भाजपा नेता 61 वर्षीय अशोक कुमार राय का असामयिक निधन हो गया. उनके निधन की सूचना पाकर मानोपुर स्थित उनके आवास पर भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य कई दलों के दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर पुष्प अर्पित किया. साथ ही उनके परिजनों को ढांढस बंधाया. उन्होंने अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार को छोड़कर स्वर्ग सिधार हो गये. बताते चले कि भाजपा नेता अशोक कुमार राय पिछले कई महिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे. उनका इलाज चल रहा था. 22 मार्च को उनकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गयी तो परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए बेगूसराय के एक नीजी क्लिनिक में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसने अपना दम तोड़ दी. इसके बाद परिजनों ने उनके पार्थिव शरीर को मानोपुर स्थित पैतृक आवास पर लाया. इसके बाद शनिवार को सिमरिया गंगा तट स्थित शमशान घाट में उनका अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया. भाजपा नेता के पार्थिव शरीर का दर्शन करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि वह अपने युवा समय से ही भाजपा के विचारधारा से जुड़े हुए थे. उन्होंने पार्टी के कई पदों पर रहकर काम भी किया था. क्षेत्र में हुए कला, साहित्य, संस्कृति और धर्म से जुड़े हुए कार्यक्रम मौका लगातार आयोजन करते रहते थे. उनके चले जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है. वहीं पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार ने कहा कि श्री राय सच्चे और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे.

गाँव ही नहीं पूरे क्षेत्र में उन्होंने समाजसेवा के दौरान बिना कोई भेदभाव के हर जरूरतमंद तक यथासंभव मदद पहुंचाने का काम किया करते थे. बताते चले कि भाजपा नेता स्वर्गीय राय के निधन के बाद उनके राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उनके भतीजा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अविगत शाण्डिल्य लगातार काम कर रहे हैं. उनका जुड़ाव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन से है. प्रांत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के कई संगठन और राजनीतिक दलों के नेताओं ने अभीगत शांडिल को फोन पर दुखद घड़ी में ढांढस बंधाया और साथ खड़ा रहने की बात कही. शवयात्रा में भाजपा नेता संजीव सिंह, नवीन सिंह, अमिय कश्यप, कल्याण सिंह, पत्रकार घनश्याम देव, सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमित सन्नी, आयुष ईश्वर समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे.

बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पटना-औरंगाबाद मुख्य मार्ग को जामकर किया हंगामा

# वाहन की चपेट में आने से किशोर की मौत कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार




निज संवाददाता

**अरवल।** अरवल के कलेर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गांव के पास शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर कंटेनर ने एक चार वर्षीय किशोर को कुचल दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पटना-औरंगाबाद मुख्य मार्ग को जामकर हंगामा किया। ग्रामीण कंटेनर चालक की गिरफ्तारी की मांग और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। शव को सड़क पर रखकर तीन घंटे तक यातायात बाधित की। जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, जाम की वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। 3 घंटे बाद जाम को हटाया गया। मृतक की पहचान दिलावरपुर गांव निवासी वरुण कुमार के 14 वर्षीय पुत्र रवीश कुमार के रूप में की गई है। मृतक सड़क पार कर अपनी मां के पास खेत में जा रहा था। इसी दौरान कंटेनर की चपेट में आ गया। कंटेनर औरंगाबाद की तरफ से आ रही थी। किशोर की मां सब्जी की खेत में काम कर रही थी। जैसे ही लोगों ने इसकी सूचना दी वह खेत में ही बेहोश हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने उसे खेत से उठाकर घर लाया। थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि कंटेनर को जब्त कर लिया गया है। चालक और खलासी मौके से फरार हो गया है। जल्दी उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। थाना अध्यक्ष के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।

## झोपड़ी में आग लगने से वृद्ध की मौत

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में कडौना ओपी क्षेत्र के बुलाकी विगहा में शुक्रवार की रात एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जिसमें 55 साल के दशरथ पासवान की झुलसे से मौत हो गई। बताया जाता है कि दशरथ अपने घर में मच्छर भगाने की अगरबत्ती जलाकर सोया था तभी अचानक झोपड़ी में आग लगी और धु धु कर जलने लगी। इस बात की सूचना आसपास के लोगों को मिली तभी आसपास के लोग आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि ग्रामीणों से आग नहीं बुझ पाई तभी इस घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशामक विभाग फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात आग लगने के कारण लोग नहीं देख पाए मृतक व्यक्ति गहरी नींद में सोया हुआ था, जिसके कारण उसे पता नहीं चल सका जिसके कारण या घटना घट गई। अग्निशमन विभाग द्वारा लगातार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आग से बचाव करने के लिए लोगों को उपाय बताया जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी लोग सजग नहीं हो रहे हैं जिसके कारण घटना घट रही है।

# होली को लेकर डीएम-एसपी ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ किया संयुक्त बैठक

- होली के दिन जिला में एक हजार जवान रहेंगे तैनात
- 500 स्थानों पर मजिस्ट्रेट रहेंगे मौजूद




निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** होली को लेकर डीएम नवीन कुमार और एसपी विनीत ने शनिवार को प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक किया। डीएम ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और साथ ही अतिरिक्त बल की तैनाती भी की जाएगी। विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए शहर के हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा डीएम ने कहा कि ड्यूटी से गायब होने पर सख्त कार्रवाई कि जाएगी। वहीं एसपी विनीत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलाने वाले पर भी कड़ी नजर रहेगी। जिला के लिए दो कंपनी को बाहर से बुलाया गया है, एक बीएमपी की कंपनी भी तैनात रहेगी। पर्व में करीब एक हजार पुलिस कर्मी मूवमेंट में रहेंगे। डीएम और एसपी ने आम लोगों से शांति माहौल में पर्व मनाने की अपील की।

### शराब मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** सदर थाने की पुलिस ने शराब मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से अखलासपुर पटिया निवासी किशन नोनिया को अखलासपुर से 6.50 अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया, जबकि भेकास के मिथुन कुमार व कविन्द्र कुमार को नशे की हालत में हंगामा करते हुए पकड़ा। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## पुलिस ने तीन आरोपियों को भेजा जेल

निज संवाददाता

**चैनपुर (कैमूर)।** तीन दिन पहले ओवरलोडेड गिट्टी लेद ट्रैक्टर बरामदगी व अन्य मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल गिट्टी लदे ट्रैक्टर को लेकर चालक कहीं जा रहा था। जब उसकी नजर पुलिस की गाड़ी पर पड़ी तो वह दुबे के सरैयां गांव की ओर लेकर भागने लगा। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष विजय प्रसाद ने बताया कि इस मामले में खड़ौरा गांव निवासी संतोष राम को चिन्हित किया। इसी गांव के सोनू खान एवं जुबेर खान को भी पुलिस ने दूसरे आरोप में गिरफ्तार किया है। तीनों की मेडिकल जांच कराकर जेल भिजवा दिया गया।

एसडीओ नेतृत्व में बभना व इरकी के शराब अड्डे पर छापेमारी

# पुलिस ने शराब बनाने के उपकरणों को किया ध्वस्त, सौ लीटर शराब बरामद

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** होली व चुनाव को लेकर जिला प्रशासन शराब धंधेबाजों पर कहर बनकर टूट रहा है। जिले भर में शराब के खिलाफ अभियान को तेजी दी गई। इसी क्रम में एसडीओ विकास कुमार की अगुआई में टीम ने शहर के बभना व इरकी में धंधेबाजों के अड्डे पर छापेमारी कर वहां स्थापित शराब बनाने के उपकरणों को ध्वस्त करते हुए सौ लीटर शराब बरामद किया। इस दौरान टीम ने 25 क्विंटल जावा महुआ भी नष्ट कर दिया। इरकी में हुई छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में बिक्री के लिए छुपा कर रखे गए देसी शराब एवं शराब बनाने के उपकरण को ध्वस्त कर दिया। हालांकि मौके से कोई धंधेबाज नहीं धराया। हालांकि शराब बदामदगी के घरों को पुलिस ने सील कर दिया है। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि एसडीओ के नेतृत्व में शुक्रवार को इरकी में शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान के दौरान तलाशी में एक घर के रास्ते से गुजरे चार कमरों में बिक्री के लिए छुपा कर रखे गए करीब 100 लीटर शराब पुलिस को मिला है।

शराब के अड्डे से पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण, गैस चूल्हा, सिलेंडर, तसला,सेम तथा भारी मात्रा में शराब बनाने उपकरण को बरामद किया गया है। पुलिस ने शराब के ठिकाने से तस्कर द्वारा जमीन के अंदर ड्रम व तसले में छुपा कर रखे गए 15 क्विंटल जावा महुआ भी बरामद किया है, जिसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। इधर नगर थाना क्षेत्र के बभना में भी शराब के अड्डे पर छापेमारी अभियान में नगर थाने एवं एंटी लिकर टास्क फोर्स की पुलिस ने धंधेबाजों के द्वारा शराब बनाने के लिए जमीन के अंदर छुपा कर रखे गए करीब 10 क्विंटल जावा महुआ बरामद करते हुए मौके पर नष्ट कर दिया। पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर संबंधित धंधेबाजों की पहचान करने में जुटी है।

# कैमूर की अभिलाषा ने इंटरमीडिएट आर्ट्स में टॉप-5 में बनाई जगह



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** इंटरमीडिएट का रिजल्ट आने के बाद कैमूर में खुशी का माहौल है। सरकारी विद्यालय में पढ़कर, घर के भाई और बहनों के गाइड लाइन में कैमूर के रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय की अभिलाषा कुमारी पूरे बिहार में टॉप फाइव पर पहुंची है। इसके बाद परिवार और स्कूल के शिक्षकों में खुशी का माहौल है। अभिलाषा सात बहन और एक भाई में सबसे छोटी है। सिविल सर्विसेज पास कर देश की सेवा करना चाहती है। पिता छोटे व्यवसायी हैं। एक भाई और एक बहन शिक्षिका है जो समय-समय पर अभिलाशा को गाइड करते हैं। अभिलाषा की पढ़ाई रामगढ़ के कन्या मध्य विद्यालय में पहली से लेकर 8वीं क्लास तक हुई। वहीं नौवीं से 11वीं तक की पढ़ाई आदर्श बालिका प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में हुई। अभिलाषा ने बताया कि कभी प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण नहीं की। शुरू से सरकारी विद्यालयों में पढ़ी और शिक्षकों के गाइडलाइन में और अपने परिवार के गाइडलाइन में इस मुकाम तक पहुंची है। जब 10वीं का रिजल्ट आया था तो जिले में पांचवें नंबर पर थी।

बिहार में 50वां रैंक था। महज 5 नंबर के लिए बिहार टॉप 10 से बाहर हो गई थी। उसी समय ठान लिया इंटरमीडिएट में परिश्रम करके टॉप 10 की सूची में जगह बनाना है। आगे यूपीएससी की तैयारी कर देश की सेवा करनी है। अभिलाषा के पिता विजय कुमार शाह और माता सीता देवी ने बताया कि बहुत खुशी की बात है कि मेरी बेटी बिहार टॉप फाइव में शामिल है। बेटी जो भी पढ़ना चाहेगी उसमें परिवार की तरफ से पूरा मदद करेंगे। वहीं, आदर्श बालिका गर्ल स्कूल के प्रधानाचार्य और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि बच्ची मेधावी है। स्कूल की भूमिका मार्गदर्शक की रही है। सभी क्लास में बच्ची अच्छे नंबर लाती थी। वर्ग 9 से ही हमारे विद्यालय की छात्रा रही है। इस उपलब्धि से हम लोग बहुत खुश हैं। लोगों को या नजरिया तोड़ना चाहिए कि प्राइवेट विद्यालय में ही पढ़ाई होती है। हमारे सरकारी विद्यालय में भी अच्छी पढ़ाई हो रही है।

## इंटरमीडिएट परीक्षा में शीतल बनी जिला टॉपर

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद की शीतल कुमारी ने बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सामाजिक विज्ञान में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की है। शीतल कुमारी सामाजिक विज्ञान संकाय में 500 अंकों की हुई परीक्षा में 454 अंक प्राप्त कर जिले की टॉपर घोषित की गई है। मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत टेहटा स्थित सुखदेव प्रसाद वर्मा हाई स्कूल की शीतल छात्रा है। मूल रूप से टेहटा गांव के रहने वाले पेशे से अधिवक्ता सह पत्रकार मुकेश कुमार गौतम की बेटी शीतल ने अपनी सफलता से परिवार और स्कूल के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। अपनी बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए शीतल के पिता ने बताया कि बेटी है तो कल है। अगर बेटी है तो जिंदगी में कोई शिकवा नहीं होती। उन्होंने बताया कि शीतल अपनी शुरुआती दौर से ही काफी मेधावी रही है। 10वीं तक उसकी शिक्षा केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद से हुई है। शीतल अंग्रेजी माध्यम की छात्रा रही है। विज्ञान में भी अच्छी छात्रा रहने के बावजूद उसने इंटर में सामाजिक विज्ञान संकाय चुनने का फैसला लिया। शीतल की परीक्षा का माध्यम भी अंग्रेजी ही था। उन्होंने कहा कि बेटी है तो कल है। बेटा और बेटी में कोई असमानता नहीं है। उन्होंने कभी भी बेटा और बेटी की पढ़ाई में कोई असमानता नहीं की। उनका मानना है कि पढ़ाई ही सफलता की पूंजी है। उन्हें विश्वास था कि उनकी बेटी का रिजल्ट अच्छा रहेगा। उसकी मेहनत और तैयारी को लेकर वह आश्वस्त थे कि वह निश्चित रूप से जिला टॉपर या स्टेट रैंक की लिस्ट में रहेगी। उन्होंने कहा कि तमाम बाधा और परेशानियों के बावजूद वे बच्चों की पढ़ाई में कोई कसर और कमी नहीं होने दी। वहीं हर्ष राज अनंतपुर गांव निवासी है जिला सेकंड टॉपर कर जिले के नाम रोशन किया है जैसे ही सेकेंड टॉप की खबर मिली परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

## नव नियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विकास मित्रों के साथ किया बैठक



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** नव नियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने प्रखंड कार्यालय में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के विकास मित्रों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान सभी विकास मित्रों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया। उसके उपरांत उन्होंने कहा कि आप सभी सबसे निचले पायदान पर रह रहे लोगों तक सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए नियुक्त किए गए हैं। हम लोगों की पहली प्राथमिकता सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों का लाभ महादलित परिवारों तक पहुंचाना है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। उन्होंने सभी लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रेम और भाईचारा वाले इस पर्व को शांति एवं सद्भाव के साथ मनायें।इस मौके पर सभी पंचायतों के विकास मित्र उपस्थित रहे।

## विवादित स्थल संवेदनशील इलाके का होलिका दहन वाले स्थलों का किया गया निरीक्षण

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के कुर्था बाला, सूरा, बिष्णु बिगहा, राजेपुर, उतरा पट्टी सहित 16 गांव में होलिका दहन विवादित स्थल एवं संवेदनशील इलाके का प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. ज़ियाउल हक, अंचलाधिकारी ऋतिका कृष्णा और थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने क्षेत्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ बैठक कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि राजेपुर गांव में होलिकादहन के स्थल पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लेने की बात शांति समिति के बैठक के दौरान आई थी। जिस पर वहां जाकर स्थल निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान लोगों को आदेश दिया गया है कि आप सभी लोग जो भी स्थल पर अतिक्रमण किए है उसे हटा लें।

होली का पर्व हिंदू धर्म का महापर्व है इसे आप लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए ।वही थानाध्यक्ष व अंचलाधिकारी ने बताया कि सूरा और कुर्था वाला, कुर्था डीह इत्यादि गांव से होलिका दहन स्थल को लेकर अक्सर कुछ न कुछ शिकायतें मिलते रहती है जिसको लेकर यथास्थिति बनाएं रखने के लिए सभी लोगों के साथ बैठक कर होलिकादहन स्थल का निरीक्षण किया गया है। साथ ही यह कहा गया है कि होली पर्व पर शरारती तत्व के लोगों के द्वारा किसी तरह का हुड़दंग किया जाता है तथा अफवाह फैलाया जाता है।

## आग से बचाव अभियान चलाकर अग्निशमन विभाग द्वारा लोगों को किया गया जागरूक

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** बिहार अग्निशमन विभाग के निर्देश पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी रश्मि कुमारी के नेतृत्व में आग से बचाव एवं स्थितियों से निपटने के लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इस दौरान रूटीन चार्ट के अनुसार फायर ब्रिगेड के कर्मी अजीत कुमार यादव एवं कर्मेंद्र कुमार लगातार गांव में घूम कर आग से नुकसान बचाव एवं स्थितियों से निपटने के लिए जानकारी दे रहे हैं।

कभी कला जत्था के माध्यम से तो कभी ग्रामीण एवं स्कूल में पहुंचकर मार्क ड्रिल कराते हुए अग लगी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उपाय बताए जा रहे हैं। हालांकि अग्निशमन विभाग के द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर समाज में सार्थक प्रयास माना जा रहा है। जिस कारण लोगों ने स्वीकार किया है कि छोटी-छोटी भूल के कारण भयंकर अग लगी की घटना घटती है और वह आपदा में तब्दील हो जाती है। खास करके इसके लपेटे में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोग ज्यादा प्रभावित होते हैं। इसलिए आग से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से लोग रूबरू होकर इसके बचाव के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। कला जत्था एवं मार्क ड्रिल के सहारे आग से बचाव हेतु बताए गए सभी बिंदुओं पर लोग गहनता पूर्वक आत्मसात कर रहे हैं।

# शहादत दिवस पर युवाओं ने निकाला मार्च

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** वामपंथी संगठनों ने शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर शनिवार को शहर में मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व भगत सिंह छात्र नौजवान सभा के युवा कर रहे थे। नगर के गांधी चौक से जुलूस निकालकर शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते शहीद भगत सिंह प्रतिमा स्थल पहुंचे। इसके बाद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। दो मिनट का मौन रखकर उनके क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इसके बाद युवा मार्च करते हुए करगहर चौक पहुंचे और फिर वहां से कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जमकर नारेबाजी की। युवा भगत सिंह अमर रहे, खुखदेव अमर रहे और राजगुरू अमर रहे के नारे लगा रहे थे। मार्च में शामिल नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा शहीद ए आजम भगत सिंह की शहादत ऐसे मौके पर मना रहे हैं। जब देश कई चुनौतियों से जूझ रहा है। आज बेरोजगारी और रोजगार युवाओं के सामने सबसे बड़े सवाल हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों को बचाने की चुनौति है। ऐसे में युवाओं को आगे आना होगा। हमे भगत सिंह के सपनों का भारत बनाना है। मार्च के कारण कुछ समय ते सड़क जाम की स्थिति भी रही, लेकिन ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्थिति जल्द ही सामान्य करा दिया गया।

## रंगो का त्योहार होली को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता

**अरवल।** हिंदू धर्मालंबियों का रंगों का त्योहार होली को लेकर किंजर थाना परिसर में थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक राज कौशल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि होली महापर्व भाईचारे का पर्व है। इसे आपसी सौहार्द के साथ मनायें। होली पर्व के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के वैसे उपद्रवी तत्व जो पर्व के दौरान उपद्रव करना चाहते हो ऐसे लोगों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी और वैसे लोगों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई करेगी। पर्व के दौरान कोई ऐसी हरकत न करें जिससे लोगों को परेशानी उठाना पड़े। कभी-कभी देखा जाता है की होली महापर्व के नाम पर लोग कीचड़ का इस्तेमाल लोगों पर करते हैं। ऐसे में ऐसी कोई हरकत न करें जो सामने वाले को बुरा लगे और सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ होली महापर्व मनायें। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर कमलेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि रामदेव सिंह, पूर्व सरपंच अलीम मंसूरी, रामबचन पासवान, उप मुखिय I धर्मेंद्र कुमार ,मोकीम अहमद सहीत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा
(जिला सामान्य शाखा)

–: आदेश :–

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में शस्त्र नियमावली 1962 के नियम 63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त संख्या–9 एवं 14 के अंतर्गत गढ़वा जिले के सभी शस्त्रों को जमा किया जाना है। सभी अनुज्ञप्तिधारी दिनांक 27.03.2024 से 02.04.2024 तक निश्चित रूप से अपने शस्त्रों को संबंधित थाना में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत् अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द की कार्रवाई की जायेगी।

संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए सभी शस्त्रों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा

PR 323341 (District)23-24*D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### होली मिलन समारोह में हुआ पारंपरिक गीतों का गायन, खाए फगुआ के विशेष पकवान

**बोधगया**। प्रकृति प्रेम के साथ जुड़ा परंपरा का पर्व है होली। यह ऋतु परिवर्तन के साथ लोगों के मन मस्तिष्क में परिवर्तन लाता है। शुक्रवार को इ ब्रजेंद्र कुमार चौबे द्वारा संचालित राधा कृष्ण वैदिक गिर गौशाला में ढोल मंजीरे के साथ पारंपरिक फाग गीतों का आयोजन किया गया। भक्ति रस एवं लोक रस से सराबोर होकर कीर्तन मंडली के लोगों ने गायन किया। डॉ बीआर अम्बेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों ने भी इसमें हिस्सा लिया। यहां पहुंचने पर लोगों ने पहले गौशाला में गिर नस्ल की गऊ माता एवं नंदी महाराज का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर प्रसिद्ध नेत्र रोग चिकित्सक डॉ अभय सिम्बा, प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर बोधगया सदस्य सचिव राय मदन किशोर, प्रो केके नारायण, डॉ अशोक यादव, डॉ कमलेश आदि मौजूद थे।

### महिला किसानों को श्रीविधि से तिल की खेती का प्रशिक्षण

**टनकुप्पा**। प्रखंड में तिल की खेती को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि विभाग सहित जीविका की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण, अनुदानित दर पर बीज वितरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्र के आरोपुर गांव में जीविका समूह की किसान रीता देवी के खेत में तिल की खेती को लेकर डेमो प्रशिक्षण दिया गया। बाद में तैयार खेत में तिल के बीज की बुआई पदाधिकारियों की मौजूदगी में की गई। कार्यक्रम का आयोजन एसी पिंकी कुमारी, एसईडब्लू ईश्वर कुमार वर्मा व सीएम सुनीता देवी की देखरेख में हुआ। प्रखंड परियोजना पदाधिकारी राम विनय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि तिल की खेती को बढ़ावा देने के लिए जीविका द्वारा महिला किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर चार पंचायतों टनकुप्पा, उतलीबारा, बरसौना व आरोपुर के 12 वीआरपी मंजू देवी, पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, गुड़िया कुमारी, सरस्वती कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### 25 ली. देसी शराब बरामद

**रहुई**। पुलिस ने थाना क्षेत्र से 25 लीटर देशी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सुपासंग गांव निवासी श्रवण बिंद को शराब लेकर बिक्री करने जा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शराब धंधेबाज पुलिस को देखकर शराब भरा थैला फेंककर फरार हो गया। इस संबंध में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### दिल्ली CM की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन

**गया**। बीती रात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद गया जिला आम आदमी पार्टी ने गांधी मैदान में प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। हालांकि इस मौके पर प्रदर्शनकारियों की संख्या गिनती भर ही थी। प्रदर्शनकारियों ने एनडीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस मौके प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतंत्र के आवाज दबाई जा रही है। एनडीए के खिलाफ बोलने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। यह स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए कहीं से उचित नहीं है। आम आदमी पार्टी के गया जिला प्रभारी कृष्ण यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव



में हार के डर से अरविंद केजरीवाल को ईडी के सहारे गिरफ्तार करवाया है। उनकी गिरफ्तारी ईडी ने की है और ईडी भाजपा सरकार का तोता है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पीएमएलए एक्ट के तहत की गई है। पीएमएलए एक्ट आतंकवादियों पर लागू होता है न कि अरविंद केजरीवाल पर। पीएमएलए का इस्तमाल केंद्र सरकार ने अरविंद केजरीवाल पर किया है। अरविंद केजरीवाल कोई आतंकवादी नहीं है। उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन को लीड कर रहे थे और वह जहां-जहां जा रहे थे वहां-वहां एनडीए के लिए खतरा उत्पन्न हो रहे थे। इस वजह से नरेंद्र मोदी ने डर कर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कराई है। अरविंद केजरीवाल बीते कुछ दिनों से इलेक्ट्रोल बंद घोटाला का खुलासा कर रहे थे। यह भी एक बड़ी वजह है जिसके कारण अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी इस गिरफ्तारी के विरोध में हर संभव संघर्ष करेगी। न्याय के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेगी। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने गांधी मैदान में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास अपनी आवाज़ बुलंद की और महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन किया।

### एक करोड़ रुपए के शराब पर चली JCB, 97 मामलों में किया गया था जब्त


**गया**। गया में शुक्रवार को DM डॉ. त्यागराजन SM के निर्देश पर जिले के उत्पाद विभाग की टीम ने एक करोड़ विदेशी-चुलाई और महुआ शराब को JCB मशीन चलाकर नष्ट किया है। ज़िले के विभिन्न स्थानों और अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 97 मामलों में पकड़े गए देसी-विदेशी चुलाई शराब व बरामद महुआ फ़ूल को दंडाधिकारी की मौजूदगी में विनष्ट किया गया। उत्पाद अधीक्षक प्रिय रंजन ने बताया जिले के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम के निर्देश पर ज़िले के उत्पाद विभाग एवं विभिन्न थाना की पुलिस द्वारा पकड़ी गई लगभग एक करोड रुपए मूल्य के विदेशी चुलाई व महुआ शराब को विनष्ट किया गया है। शराब की विन्ष्टी बाराचट्टी थाना के डोभी उत्पाद विभाग चेक पोस्ट परिसर काहुदाग में कि गई। इस दौरान बाराचट्टी अंचलाधिकारी अरुण कुमार, मैं स्वयं समेत अन्य थाना के पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल रहे। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रिय रंजन ने बताया



विभिन्न क्षेत्रों से 97 वें मामलों में बरामदगी किए गए अंग्रेजी व चुलाई शराब समेत महुआ फूल को नष्ट किया जा रहा है। जब्त अंग्रेजी शराब 12.700 लीटर,चुलाई शराब 2250 लीटर सहित महुआ फ़ूल 500 किलोग्राम नष्ट किया गया। इस मौके पर दंडाधिकारी बाराचट्टी के अरुण कुमार ने कहा कि नियमानुसार अंग्रेजी व देसी शराब को नष्ट किया गया। इस मौके पर विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। सहायक उत्पाद आयुक्त ने कहा इससे पहले भी शराब विनिष्टिकरण किया गया। शराबबंदी कानून लागू होने के बाद जिले के विभिन्न प्रखंड थाना क्षेत्रों में जब्त अंग्रेजी व देसी शराब को सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद विभागीय निर्देश के आलोक में हर माह शराब नष्ट किया जाता है। शराब बरामदगी के बाद उसके रखने की भी समस्या पुलिस को होती है। इसीलिए समय समय पर शराब को विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे नष्ट कर दिया जाता है।

### नन्हे तीरंदाजों ने मनाई होली

**गया**। जिले में चल रहे मगध तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों ने शुक्रवार को गया कॉलेज खेल परिसर में धूमधाम से होली मनाई। होली सम्मेलन में जिला खेल पदाधिकारी नरेश चौहान व गया के मेयर गणेश पासवान ने नन्हें तीरंदाजों को आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बच्चों के कोच जयप्रकाश ने कहा कि पहले की तुलना में अभी खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन मिल रहा है। मेडल



लाने वाले हर खिलाड़ी को नौकरी दी जा रही है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि बच्चे मोबाइल व टेलीविजन से दूरी बनाएं और अपना ध्यान पढ़ाई व खेल में लगाएं। सम्मेलन में राकेश कुमार, विजय कुमार सिंह, अंजय कुमार, अखिलेश कुमार, निर्भय कुमार कुमार सिंह, रिचा सिंह, धर्मदेव कुमार,अनिता कुमारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी ने करवाई फायरिंग, पति से चल रहा था विवाद

## नालंदा में प्रेमी के साथ प्लानिंग कर मरवाई पत्रकार को गोली

निज संवाददाता। नालंदा

17 मार्च की शाम पत्रकार दीपक विश्वकर्मा (60) को अपराधियों ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी भाग निकले। अब पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए पत्नी रागिनी और उसके प्रेमी शशांक कुमार समेत 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। घटना के वक्त दीपक विश्वकर्मा अपनी पत्नी रागिनी (30) के साथ राजगीर से लौट रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने दीपक को दो गोली मारी थी। फिलहाल, दीपक का इलाज पटना AIIMS में चल रहा है। नालंदा पुलिस ने बताया कि रागिनी और दीपक के बीच आपसी विवाद चल रहा था। इसकी जानकारी रागिनी ने अपने प्रेमी शशांक (25) को दी थी। इसके




बाद शशांक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दीपक विश्वकर्मा पर हमला किया। रागिनी और शंशाक के बीच पिछले चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं दीपक विश्वकर्मा ने दूसरी शादी रागिनी से मई 2023 में की थी। पुलिस ने बताया कि दीपक विश्वकर्मा की पत्नी रागिनी विश्वकर्मा उर्फ निक्की, रहुई थाना क्षेत्र के रहीमपुर गांव के शशांक कुमार, सिलाव थाना क्षेत्र के नानंद गांव के साहिल कुमार (26) और दीपक कुमार (29) है। DSP नुरुल हक ने बताया कि 17 मार्च को हुई गोलीबारी में घायल दीपक विश्वकर्मा की पत्नी रागिनी विश्वकर्मा के बयान पर दीप नगर थाने में FIR दर्ज की गई थी। नालंदा SP ने निर्देश पर SIT का गठन किया गया, जो वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान शुरू की। दीपक से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपनी पत्नी के अवैध संबंध की जानकारी दी।

**रागिनी को हिरासत में लेकर की पूछताछः** DSP ने बताया कि रागिनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उनकी निशानदेही पर शशांक कुमार, साहिल कुमार और दीपक कुमार को गिरफ्तार किया। शशांक और साहिल ने पल्सर बाइक से पीछा कर दीपक पर फायरिंग किया था। इन आरोपियों के पास से एक पिस्टल, पल्सर बाइक, तीन जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किया गया है।

# लावारिस हालत में मिला था महिला का शव, FIR दर्ज

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी टोला में बुधवार की सुबह सोनी देवी के मकान के आगे से एक विधवा का शव पुलिस ने बरामद किया था। मृतका की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के केवाली गांव निवासी स्वर्गीय पप्पू पासवान की पत्नी गिरिजा देवी (45) के रूप में की गई थी। 2 दिन बाद इस मामले में गिरिजा देवी की बेटी रेखा कुमारी ने राजगीर थाने में अज्ञात अपराधियों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है, जिसमें उसने बताया है कि उनकी मां गिरिजा देवी 6 वर्षों से राजगीर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम कर रही थी। 20 मार्च की सुबह उन लोगों को जानकारी मिली कि उनकी मां की हत्या कर गांधी टोला राजगीर में फेंक दिया गया है। शव किराए के मकान से लगभग 400 मीटर की दूरी पर लावारिस हालत में पड़ा था। हालांकि हत्या किसने और क्यों की है। इस वजह का पता परिवार वालों को भी नहीं है। मृतका की बेटी रेखा कुमारी ने जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गिरिजा देवी राजगीर में रहकर



मजदूरी का काम कर अपने बच्चों का भरण पोषण कर रही थी। पति के बीमारी से मौत के बाद वह राजगीर में ही 6 सालों से रह रही थी। बड़ा बेटा बेंगलुरु में मजदूरी करता है। जबकि बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। वहीं छोटे बेटे और छोटी बेटी परिवार के यहां रहकर पढ़ाई करता है।

**CCTV फुटेज को भी खंगाला जा रहा है : पुलिसः-** इस मामले में राजगीर थाना अध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि दो दिन बाद महिला के परिजनों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### प्रशिक्षु शिक्षकों ने धूमधाम से मनाया होली का त्योहार



**गया**। रीजनल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में बिहार दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रशिक्षण शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हिमांग्शु रॉय ने सभी को होली की शुभकामना देते हुए समाज में सभी धर्मों के लोगों को मिलजुल कर रहने का सन्देश दिया। मौके पर सभी सहायक प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी मौजूद थे।

# चोरी की कार से विदेशी शराब बरामद, 4 गिरफ्तार

## ऑटो में बने तहखाने से भी जब्त हुई शराब, झारखंड से बिहार शरीफ ले जा रहे थे खेप

निज संवाददाता। गया

गया जिले के उत्पाद विभाग की टीम इन दिनों पूरी तरह से सक्रिय है। झारखंड से बिहार के गया सड़क मार्ग से शराब तस्करी कर लेकर आने वाले शराब तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल कर रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की टीम बाराचट्टी के डोभी चेक पोस्ट पर लग्जरी कार और शेरघाटी थाना क्षेत्र में पैसेंजर ढोने वाले ऑटो से शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है। इस दौरान कार पर सवार तीन तो ऑटो से एक शराब तस्कर को पकड़ा गया।

**52.250 लीटर विदेशी शराब जब्तः** सहायक उत्पाद आयुक्त



प्रिय रंजन ने बताया, कि आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली जैसे प्रमुख त्योहार के मद्देनजर उत्पाद पुलिस काफ़ी सतर्कता बरत रही है। झारखंड से शराब भरकर बिहार के गया आने वाले वाहनों पर ख़ासा नज़र रखी जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम अवैध विदेशी शराब से लदी एक लग्जरी कार को जप्त किया है। जप्त कार की जांच की गई, तो कार के अंदर से 52.250 लीटर विदेशी शराब जप्त की गई है। इस दौरान नालंदा ज़िले के सिलाव थाना क्षेत्र के सिलाव मुहल्ले के रहने वाले विकास कुमार पिता रमेश प्रसाद, दूसरा साजन वर्मा पिता विनय प्रसाद वर्मा बिहार शरीफ थाना बिहार शरीफ जिला नालंदा तीसरा आरोपी अतुल कुमार पिता सुरेंद्र प्रसाद बिहार शरीफ थाना बिहार शरीफ जिला नालंदा का रहने वाला बताया जाता है। तीनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अवैध शराब झारखंड से लोड कर होली में बिक्री करने के लिए बिहार शरीफ़ लेकर जा रहे थे इसी क्रम में पकड़े गए, बताया जा रहा है कि उनकी लग्जरी कार भी चोरी की है। जिसकी जांच पड़ताल के लिए गया परिवहन विभाग को दिया जा रहा है।

**ऑटो में बनाया गया था तहखानाः** सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया इसी क्रम में शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत रमण मोड़ के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने एक ऑटो में छापेमारी की उस सवारी ऑटो में सीट के अंदर तहखाना से 90 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। इस दौरान चालक सीट से शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर के रहने वाले विष्णु कुमार पिता रविंद्र सोनी को गिरफ़्तार किया गया है।

# होली पर फायर कर्मियों की विशेष तैनाती, 24 से 28 मार्च तक अलर्ट पर रहेंगे फायर कर्मी

## प्रशासन और अग्निशमन विभाग की पहल

निज संवाददाता। गया

होली और होलिका दहन के मद्देनजर शहर के प्रमुख स्थानों पर इस बार पहले से ही फायर ब्रिगेड की टीम और गाड़ियां मौजूद रहेंगी। फायर कर्मी 24 मार्च की सुबह से लेकर 28 मार्च विशेष तैनाती वाले स्थान पर होंगे। इस बाबत जिला पुलिस प्रशासन और अग्निशमन विभाग की ओर से विशेष पहल की गई है। तैनाती वाले स्थान भी तय कर दिए गए हैं। हालांकि, पूरे शहर को चार ही जोन में बांटा गया है। उन चार स्थानों से ही अग्नि से जुड़ी घटना के वक्त फायर कर्मी मूव करेंगे। ताकि रेस्पॉन्स समय कम से कम हो और हादसे पर तेजी



से काबू पाया जा सके। इसके लिए पुलिस और अग्निशमन विभाग की ओर से सारी तैयारी कर ली गई है। ड्यूटी चार्ट भी तैयार कर लिया गया है। डीएम डॉ त्यागराजन और एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि होली और होलिका दहन को देखते हुए। शहर प्रमुख स्थानों पर फायर विभाग के कर्मी और उनकी गाड़ी पूर्व से ही तैनाती होगी। ऐसा इसलिए कि सम्बन्धित क्षेत्र के हादसे वाले स्थान पर जल्दी पहुंचा जा सके। इस बाबत शहर के अंतर्गत आने वाले थानों को ब्रीफ कर दिया गया है। ताकि सभी लोग 24 मार्च की सुबह ही आपस मे सामंजस्य स्थापित कर लें। बताया गया कि पूर्व में अग्निशमन विभाग के जिला मुख्यालय से हादसे वाले स्थान के लिए गाड़ियां और फायर कर्मी रवाना होते थे। लेकिन होली को देखते हुए विशेष रूप से परिवर्तन किया गया है।

विष्णुपद, मुफस्सिल, डेल्हा और कोतवाली थाना में एक एक एक गाड़ी की तैनाती की गई है। विष्णुपद में 5, डेल्हा में 3, कोतवाली 3 और मुफस्सिल में 6 फायर कर्मी की विशेष रूप से तैनाती की गई है।

# घर में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुराने विवाद में घटना को दिया था अंजाम

निज संवाददाता। गया

गया में मारपीट कर घर जला देने के मामले में एक आरोपी को शेरघाटी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत जयपुर गांव का रहने वाला बिंद कुमार पिता दिहल पासवान है। इसकी गिरफ्तारी पुलिस ने इसके गांव से की है। घटना करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कई महीनों बाद घर आया हुआ है। जिसके बाद पुलिस इसके घर पहुंची और छापेमारी करते हुए इसकी गिरफ्तारी कर ली गई। घटना 12 दिसंबर 2023 को शेरघाटी थाना क्षेत्र के जयपुर गांव का एक पीड़ित शेरघाटी थाना को पहुंचा और थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया। दिए आवेदन में पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि बिंद कुमार एवं उनके अन्य सहयोगियों के द्वारा मेरे घर में पुराने विवाद में हुए दुश्मनी को लेकर आग लगा दिया है। जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया और



उसमें रहे सारा सामान भी जल गया है। जिससे लाखों की संपत्ती क्षति हुई है। घटना को लेकर शेरघाटी थाना में 1232/23 दर्ज किया गया। थाने में केस दर्ज होने की भनक किसी तरह आरोपी को मिल गई और वह फरार हो गया। इधर, पुलिस लगातार उसके विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी देती रही लेकिन वह पकड़ नहीं जा रहा था। इसी क्रम में शेरघाटी थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने घर आया हुआ है। शेरघाटी थाने के सब इंस्पेक्टर आरडी बर्मन ने बताया स्थानीय पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके घर छापेमारी की और उसे पकड़ लिया गया।

# अपराध की योजना बना रहे चार बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

नालंदा की सोहसराय थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सोहसराय थाना का टॉप 10 अपराधी समेत चार अपराधियों को हरवे हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के मगध कॉलोनी में अपराधकर्मियों द्वारा संगठित होकर अपराध की योजना बनाई जा रही है। इसके उपरांत वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए उक्त घटनास्थल की घेराबंदी की गई। जहां से 4 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से कारतूस और हथियार बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में से मोहम्मद सैफ एवं मोहम्मद आमिर का कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**हथियार भी बरामदः** गिरफ्तार अपराधियों में गया जिला के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नीम दरगाह गली निवासी मोहम्मद जमाल का (22) वर्षीय पुत्र मोहम्मद सैफ उर्फ मोहम्मद लल्लू, सोहसराय थाना क्षेत्र के खासगंज निवासी मंजर आलम का (22) वर्षीय पुत्र मोहम्मद आमिर उर्फ बोतला, हरनौत थाना क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी मनोज साव का पुत्र विक्की कुमार, महाराष्ट्र राज्य के अंधेरी जिला के डिंडोशी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरेगांव निवासी अली अंसारी का पुत्र अनवर अंसारी है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल, 312 बोर की दो जिंदा गोली, 7 मोबाइल, 2 फीट का नुकीला छड़ चिमटा लोहे की रड एवं चाकू बरामद की गई है। छापेमारी टीम में सोहसराया थाना अध्यक्ष राजमणि, प्रशिक्षु दरोगा मोहम्मद अलीम अंसारी, जमादार नंदकिशोर कुमार सिंह एवं सोहसराय थाना कि सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# पिछले 25 साल से गया पर मांझी का कब्जा

## उम्मीदवार बदले, लेकिन जाति सिर्फ मांझी ही रही, इस बार लालू ने बदला ट्रेंड

निज संवाददाता। गया

गया संसदीय क्षेत्र में पिछले 25 साल से मांझी प्रत्याशी ही जीत दर्ज कर रहे हैं। उम्मीदवार भी ज्यादा मांझी समुदाय से ही होते हैं। इसकी दो वजह है। पहली यह सीट रिजर्व है। दूसरी यहां बड़ी आबादी मांझी समुदाय की है। इस बार गया सीट एनडीए में हम के खाते में गई है। जीतम राम मांझी खुद चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। गया में करीब 14 फीसदी मांझी हैं। वहीं, महागठबंधन की ओर से राजद ने पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत को उम्मीदवार बताया गया है। इस बार लालू प्रसाद ने ट्रेंड बदल दिया है। उन्होंने मांझी समुदाय को छोड़ कर पासवान जाति से आने वाले सर्वजीत को प्रत्याशी बनाया है। गया लोकसभा में मतदाता की कुल आबादी करीब 18,13000 है। इसमें सबसे ज्यादा यादव मतदाता 2,73,144 है।



जबकि दूसरे पायदान पर मांझी समाज की है। इनके मतदाताओं की संख्या 2,49,988 है। इसके बाद तीसरे नंबर पर मुसलमान हैं। इसके मतदाताओं की संख्या 2,24,685 है। इसके बाद ही जनरल जाति का नंबर आता है। इस लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के दौरान कोई भी मुद्दा नहीं रहता है। रिजर्व सीट होने के कारण हर बार एससी कैंडिडेट को चुन कर खड़ा किया जाता है। यहां किसी भी पार्टी का उम्मीदवार जनता के मुद्दे पर बात करता नहीं दिखता है।

**कब रिजर्व हुई थी सीटः** गया संसदीय क्षेत्र 1967 से रिजर्व सीट घोषित है। इससे पूर्व यह सामान्य सीट था। यही वजह रही कि शुरू के तीन लोकसभा चुनाव 1952 से लेकर 1962 तक सामान्य वर्ग के कैंडिडेट ब्रजेश्वर प्रसाद ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। वे तीन बार गया से सांसद रहे थे। इसके बाद से यह सीट अतिपिछड़ा वर्ग के कोटे में चला गया। गया को पौराणिक धर्म नगरी भी है। सनातनी और बौद्ध धर्मावलम्बी का केंद्र रहा है। इसे बिहार की धार्मिक राजधानी भी कहा जाता है। गया जी भगवान विष्णु की मोक्ष नगरी है तो भगवान बुद्ध के ज्ञान की नगरी बोधगया भी। यही वजह है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में विदेशी टूरिस्ट भी यहां पहुंचते हैं। विष्णु पद भी बड़ी संख्या में सनातन धर्म के लग आते हैं। यहां पिंडदान भी करने के लिए लग पहुंचते हैं।

**सवर्ण की आबादी सबसे कमः** गया में सबसे अधिक आबादी यादव की है। इसके बाद मांझी और उसके बाद बारी आती है मुस्लिम की। गया की आबादी करीब 57 लाख 65 हजार 397 है।इसमें सबसे अधिक यादव समाज टॉप पर हैं। इनकी आबादी 15.6 फीसदी है। दूसरे नम्बर पर मांझी समाज है। इनकी आबादी 14.5 फीसदी है। सवर्ण वर्ग की जातियां मात्र 7 प्रतिशत के करीब है। गया संसदीय क्षेत्र में 6 ही विधानसभा है। इसके अलावा जिले के 4 विधानसभा जहानाबाद और औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में आता है। शेरघाटी, बाराचट्टी, बोधगया, गया टाउन, बेलागंज और वजीरगंज गया में है। जबकि, अतरी विधानसभा जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में आता है। वहीं, गुरुआ, इमामगंज और टिकारी विधानसभा क्षेत्र औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में आता है। गया लोकसभा में करीब 18,13,183 मतदाता हैं। वर्ष 2019 में 55.8 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### दोषी अधिकारियों पर की जाय कठोर कार्रवाईःटीएन चौबे

**बक्सर**। बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि चौसा के अन्नदाता किसान आंदोलन और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन, सरकार इनकी बात को नहीं सुन रही। लोकसभा चुनाव के ऐन मौके पर किसानों के साथ जिस तरह से पुलिस प्रशासन ने मारपीट की घटना किया है उस पर सरकार की जितनी भी निन्दा कि जाए वो कम ही होगी। आखिरकार सरकार क्या चाहती है। किसानों कि जमीन जबरन मारपीट कर लुटना चाह रही है। यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है। एनडीए की सरकार निकम्मी सरकार है जो बराबर किसानों कि विरोधी रही है। जब-जब किसान अपनी वाजिब मांग के लिए आवाज उठाते हैं तो उन पर दमनात्मक कार्रवाई की जाती है। लंबी अवधि तक किसानों का धरना प्रदर्शन चला तो क्या सरकारी अधिकारी संदेह के घेरे में नहीं है। आज तक अधिकारी इस समस्या का समाधान नहीं निकाल सके। यह सारा खेल एनडीए की सरकार के इशारे पर हो रहा है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र खुला रहने के बावजूद टीएचआर वितरण नहीं

**बक्सर**। बिहार दिवस के अवसर पर जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र खुले तो कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। हालांकि आदेश था कि बिहार दिवस के अवसर पर केवल कार्यालय बंद रहेगा, इसको लेकर जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे तो कई आंगनबाड़ी केंद्र खुले भी रहे। हालांकि जहां जहां आंगनबाड़ी केंद्र खुला था, वहां टीएचआर वितरण किया जाना था, परंतु ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र खुले रहने के बावजूद भी टीएचआर का वितरण नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई सेविका कहती है कि टीएचआर का वितरण हुआ है तो उसका सत्यापन भी कराया जाना चाहिए। बताते चले कि समाज कल्याण विभाग की ओर से यह बताया गया है कि प्रत्येक महीने के 15 व 22 तारीख को टीएचआर का वितरण प्रखंड के पंचायत स्तरीय महिला पर्यवेक्षिका व पदाधिकारी के देख रेख में कराया जाना चाहिए। यदि 15 तारीख को टीएचआर का वितरण नहीं हो पाता है तो 22 तारीख को अवश्य वितरण हो जाना चाहिए। हालांकि बिहार दिवस होने के कारण जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे तो कई खुले रहे, लेकिन जहां खुला था, वहां टीएचआर का वितरण नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार टीएचआर का वितरण यदि 22 को नहीं हुआ तो अब अगले महीने हीं वितरण करने की संभावना जताई जा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर आईसीडीएस के डीसी महेंद्र कुमार ने बताया कि इटाढ़ी में टीएचआर का वितरण किया गया।

### गंगा किनारे चला रहा था जुआ और शराब का ठेका, की गई गिरफ्तारी

**बक्सर**। औद्योगिक थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव के समीप गंगा किनारे उत्पाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उत्पाद पुलिस ने झोपड़ी नुमा दुकान में छापेमारी कर करीब 500 बोतल शराब बरामद किया। उत्पाद पुलिस में शराब बिक्री कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उत्पाद पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। उत्पाद अधीक्षक दिलीप कुमार पाठक ने बताया की मंझरिया गांव के समीप गंगा किनारे स्थित एक झोपड़ीनुमा दुकान में ग्राहकों को शराब पिलाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान दुकानदार हृदयानंद को गिरफ्तार किया गया। दुकान में रखें करीब 500 बोतल शराब भी बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि दुकानदार झोपड़ी नुमा दुकान में ही जुआ खिला था और शराब भी लोगों को मुहैया कराता था। दुकान को बीयर बार के जैसा बना दिया था। दुकानदार से पूछताछ के बाद उत्पाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### चुनाव के मद्देनजर मास्टर ट्रेनरों का होगा प्रशिक्षण

**बक्सर**। मतदान दल के कर्मियों को प्रशिक्षण देने के मद्देनजर सभी मास्टर ट्रेनरों का छोटा-छोटा ग्रुप बनाकर व ईवीएम का संचालन और उसमें आने वाली गड़बड़ियों को दूर करने की विधि के साथ-साथ ईवीएम को कनेक्शन कर मतदान करवाने का संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएहा। गौरतलब है कि जिले के सभी मास्टर ट्रेनरों को पहले भी दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था। यहां से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अब सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम का प्रशिक्षण देकर लोकसभा चुनाव कराने के लिए तैयार करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान इवीएम व वीवीपैट की ट्रेनिंग, कमिशनिंग टीम को इवीएम की ट्रेनिंग, कंनडिशनिंग से संबंधित संपूर्ण ट्रेनिंग दी जाएगी।

### बालिका कबड्डी में सिमरी की टीम विजेता

**बक्सर**। बिहार दिवस के अवसर पर डीएम के निर्देश पर मतदाता समावेशन खेल-कूद प्रतियोगिता शुक्रवार को एमपी उच्च विद्यालय बक्सर में आयोजित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, कुमारी अनुपम सिंह ने किया। उन्होंने बिहार दिवस के बारे में बच्चों को बताया। इसके साथ ही पूर्व से आयोजित इस खेल-कूद प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों का हौसला अफजाई किया। समावेशन खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल एवं दिव्यांगजन का एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां बालिका कबड्डी खेल बक्सर एवं सिमरी के टीम के बीच किया गया। जिसमें सिमरी विजेता तथा बक्सर उप विजेता रही। प्रतिभागियों में काफी उत्साह रहा। वहीं वॉलीबाल का मैच एकलब्य टीम बक्सर तथा चौसा के बीच खेला गया। जिसमें एकलब्य टीम बक्सर ने चौसा को तीन-शून्य से हराया। दिव्यांगजनो का एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं गोल फेंक,चक्का फेंक, 50 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम द्वारा विजेता एवं उप विजेताओं को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।

### खूब करें मतदान, तभी आगे बढ़ेगा बिहार का कीर्तिमान




**बक्सर**। बिहार दिवस पर साबित खिदमत फाउन्डेशन ने कैंडल मार्च निकालकर लोगों को जागरूक किया। कैंडल मार्च में शामिल लोग हाथों में पोस्टर लेकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे थे। बिहार दिवस के अवसर पर उक्त कैंडल मार्च निकाला गया। स्थानीय नया बाजार स्थित सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम के समीप साबित खिदमत फाउंडेशन एवम मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय के द्वारा केक कटिंग व कैंडल मार्च निकाला गया। डॉ दिलशाद आलम ने मौके पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदान करें। सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की जरूरत है।सभी को बूथों तक ले जाने के लिए संस्थान प्रयासरत हैं। मौके पर भरत गोंड, पांडेय जी,जाहिर अंसारी, आतिशी, मनीष कुमार, इम्तियाज, मुर्शीद रजा, डॉ खालिद, डॉ मनीष कुमार आदि लोग कैंडल मार्च में शामिल हुए।

### अवैध वसूली मामले में एक गिरफ्तार हुआ

**कोईलवर**। ट्रकों से अवैध वशूली के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहां-कोईलवर मार्ग पर धनडीहां के समीप का है। जहाँ बालू लदे ट्रकों से अवैध वसूली करते हुए एक व्यक्ति को कोईलवर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार धनडीहां निवासी मृत्युंजय कुमार सिंह को कोईलवर पुलिस ने शराब नशे में धनडीहां गांव के समीप वाहनों से अवैध वसूली करते गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध वसूली के पांच सौ 72 रुपये भी बरामद हुए हैं। इस आशय की जानकारी कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने दी। साथ ही बताया कि यह पूर्व का भी वारंटी है।

## दूसरे दिन भी रात को पुलिस की छापेमारी

# लाठीचार्ज के 50 घंटे बाद प्लांट के पास खेत में बेसुध मिला किसान

- हालत गंभीर, फिर तोड़फोड़ के आरोप

निज संवाददाता। बक्सर

चौसा में 20 मार्च को किसानों पर पुलिस के लाठीचार्ज के दो दिन बाद प्लांट के पास खेत में बेहोशी की हालत में एक किसान मिला। जिसको परिजनों द्वारा आनन-फानन में चौसा प्राथमिक उपचार केंद्र में भर्ती किया गया है। वृद्ध की हालत चिंताजनक है। हालांकि सूचना पर पुलिस भी अपनी गाड़ी लेकर वृद्ध को हॉस्पिटल ले जाने के लिए पहुंची थी, लेकिन ग्रामीणों ने साफ मना कर दिया कि बक्सर पुलिस पर हमें भरोसा नहीं है। हम अपने एम्बुलेंस से इलाज के लिए ले जाएंगे। किसान के इलाज के दौरान मुफस्सिल थाने की पुलिस भी मौजूद रही।



वृद्ध की पहचान कोचाढ़ी गांव के निवासी दीना राजभर 70 वर्ष के रूप में हुई है। किसान की पत्नी ने बताया कि पुलिस ने मारने के बाद मरा हुआ समझ खेत में फेंक दिया था। जिसे दो दिन से हम लोग ढूंढ रहे थे। तीसरे दिन प्लांट के पास खेत में मिले। इनके ऊपर पुआल फेंक दिया गया था। इसी में शुक्रवार की रात भी गांव में पहुंची पुलिस ने तोड़फोड़ की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस किसानों को तलाशने आयी थी। जब नहीं मिले तो घरों में तोड़फोड़ की गई है। जबकि पुलिस अफसर ऐसी घटना से साफ इनकार कर रहे हैं। किसान नेता व मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रवेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी उत्तरप्रदेश के गहमर थाना इलाके से हुई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी हुई है। अन्य 53 नामजद व 350 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार 29 लोगों के पास से गोलियां-खोखे, कोल्डड्रिंक्स बोतल, पत्थर व माइक आदि जब्त होने की बात कही है।

## वीकेएसयू के 70 कॉलेजों ने नहीं किया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन का डाटा अपलोड

निज संवाददाता। आरा



वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अधीनस्थ 70 कॉलेज सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन (एआईएसएचई) का डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं कर रहे है। दो बार तिथि बढ़ने के बाद केवल 23 कॉलेजों ने ही अबतक डाटा पोर्टल पर अपलोड किया है। इस कड़ी में विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को हिदायत देते हुए कार्य संस्कृति में बदलाव लाने को कहा है। मानव संसाधन विकास विकास मंत्रालय, (एमएचआरडी) नई दिल्ली ने सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन (एआईएसएचई) सत्र, 2022-23 का डाटा विश्वविद्यालयों से मांगा है। पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के लिए 30 मार्च तक का अंतिम समय दिया है। इसके बाद पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा। सीसीडीसी प्रसुंजय कुमार सिन्हा ने बताया कि तीसरी बार कॉलेजों को पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के लिए समय दिया गया है। इसके बाद कोई तिथि नहीं बढ़ायी जाएगी। उन्होंने बताया कि 13 वर्षों से पूरे सूबे में यह विश्वविद्यालय एआईएसएचई का डाटा अपलोड करने में टॉप पर रहा है। लेकिन इस बार कॉलेजों द्वारा इस कार्य में विशेष रूचि नहीं ली जा रही है। 30 मार्च तक डाटा अपलोड करने का तक अंतिम समय निर्धारित है। ससमय डाटा अपलोड नहीं होने पर इसकी जारी जवाबदेही कॉलेजों की होगी। विश्वविद्यालय कड़ी कार्रवाई के लिए बाध्य होगा। जाने कॉलेजों को एआईएसएचई के पोर्टल पर क्या-क्या डाटा अपलोड करना होता है मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली की देखरेख में एआईएसएचई कार्य करता है। इसमें कॉलेजों के इंफ्रास्कट्रचर, लैब, पुस्तकालय, स्थाई शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी की संख्या, अस्थाई कर्मियों की संख्या, विद्यार्थियों की संख्या, कैम्पस का क्षेत्रफल, क्लास रूम, शौचालय, बच्चों के लिए खेलने का मैदान का क्षेत्रफल, कॉलेजों में किन-किन विषयों की पढ़ाई हो रही है एवं कॉलेज का संबंधन है कि नहीं इन सभी जानकारियों को पोर्टल पर अपलोड करना होता है।

## होली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



निज संवाददाता। धनसोई

स्थानीय धनसोई थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता एसआई चंचल महथा ने की। होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक में कई पंचायतों के लोग मौजूद रहे। लोगों से सौहार्द पूर्ण भाईचारे से होली मनाने की बात कही गई। इसके साथ ही होली का त्योहार आदर्श आचार संहिता को मद्दे नजर रखते हुए मनाने की बात कही गई। इसके साथ ही होली में हुड़दंग करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही होली एवं लोक सभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था एवं शांति माहौल बनाए रखने में लोगों से सहयोग करने की अपील की गई। एसआई चंचल महथा ने कहा कि शरारती तत्वों पर नजर रखी जा रही है। वहीं धारा 107 की कार्रवाई भी की गई है। डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में धारा 144 लगाई गई है। इसका अनुपालन करने का निर्देश भी दिया गया।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

निज संवाददाता। आरा

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी भोजपुर के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आरा रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी विपक्ष विहीन लोकतंत्र चाहते हैं। विपक्ष के सारे नेताओं को जो उनके जनविरोधी आचरण को उजागर करते हैं जेल भेज देना चाहते हैं, ताकि जनता को सच नहीं पता चल सके। केजरीवाल, मोदी जी के चाल और चरित्र को तर्कों के साथ रखते हैं और मोदी जी उन्हें सबसे बड़ा खतरा मानते हैं। केजरीवाल




ने इलेक्टोरल बांड और सीएए पर भाजपा की असलियत को उजागर किया है। ईडी भाजपा की राजनीतिक विंग बन चुकी है, जो कृत्रिम शराब घोटाला में आम आदमी पार्टी के नेताओं को ईडी का दुरूपयोग कर जेल भेज रही है। जब कि आजतक एक रुपये का लेनदेन नहीं साबित कर सकी है। जो कोर्ट के आदेश उसके खिलाफ रहते हैं, अध्यादेश लाकर बदल देती है। खुलेआम वोटों का कैमरे पर गोलमाल करती है और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण की गारंटी देकर भाजपा में शामिल करती है। जो उनके पाले में नहीं आते उनका दमन करना चाहती है। आम आदमी कार्यकर्ताओं को, जो भगत सिंह के चेले हैं भाजपा जेल भेजकर और दमन से नहीं डरा सकती। हमलोग संघर्ष करेंगे और मोदी के तानाशाही का मुकाबला करेंगे। तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और माले और वाम दलों को भी आप और केजरीवाल के साथ खड़े होने के लिए धन्यवाद दिया। विरोध प्रदर्शन में प्रो राजेन्द्र सिंह त्यागी, नंदजी सिंह, ओपी तिवारी, महेंद्र शर्मा, कृष्ण मोहन ठाकुर, प्रमोद कुमार, ब्रजेश गुप्ता, अमित कुमार, अमित कुमार सिंह, उदय सिंह, राजा मौजूद थे।

## फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट व चप्पल मिलेंगे

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य समिति प्रयासरत है। जिसके लिए फाइलेरिया प्रबंधन को लेकर जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, हेल्थ मैनेजर, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक और वेक्टर जनित रोग सुपरवाइजर के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने अपने संबोधन के साथ किया। सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग फाइलेरिया उन्मूलन के साथ साथ फाइलेरिया से ग्रसित हो चुके मरीजों के प्रभावित अंगों के प्रबंधन पर ज्यादा जोर दे रहा है। जिससे मरीजों की परेशानी कम की जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक सैकड़ों मरीजों के बीच में एमएमडीपी किट का वितरण किया जा चुका है। जिसमें अब चप्पल भी जोड़ा जा रहा है। इसके लिए विभाग से चप्पल की मांग की गई है। जिसकी उपलब्धता होते ही मरीजों को चप्पल का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी एमओआईसी अपने अपने क्षेत्रों के ग्रेड तीन और उससे ऊपर के मरीजों की लाइन लिस्टिंग तैयार रखें। जिससे एमएमडीपी किट के साथ उन्हें चप्पल दिया जा सके। मरीजों का बनाया जा रहा प्रमाण पत्र जिला



वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देशों के अनुसार जिले में फाइलेरिया मरीजों के बीच निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। लेकिन, इसमें एक बात का ध्यान रखना है कि इसकी स्वीकृति जिला प्रशासन द्वारा गठित मेडिकल टीम के माध्यम से दी जाती है। यदि फाइलेरिया के कारण किसी मरीज का प्रभावित अंग अगर 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकृत हो चुका हो तो उसे ही निःशक्तता प्रमाण पत्र की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इसलिए वीबीडीएस अपने क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों के बीच इसकी सूचना का प्रचार प्रसार करें। ताकि, जो पात्र मरीज हैं केवल वही इसके लिए आवेदन करें। उन्होंने बताया कि सभी प्रखंडों में नियमित रूप से एमएमडीपी क्लिनिक का संचालन करना है। साथ ही, हेड्रोसिल के मरीजों का भी ऑपरेशन किया जाए। जिससे मरीजों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

## कोईलवर में शांति व सद्भावना के लिए फ्लैग मार्च, सौहार्द के साथ मनाएं पर्व

निज संवाददाता। कोईलवर

गीधा थाना प्रभारी प्रिया शीला द्वारा शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया गया। इस मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने, असामाजिक तत्वों को सावधान करने एवम शांति प्रिय आवाम में कानून के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। होली त्योहार और रमजान पर्व दोनों इसी माह में पड़ा है, इसको लेकर प्रशासन अलर्ट है। इस फ्लैगमार्च में पुलिस पदाधिकारी और शस्त्र लैस पुलिस जवान मुस्तैद थें। साथ ही इस मार्च में शामिल प्रशिक्षित महिला पुलिस भी तदाद में मौजूद थीं। पुलिस का काफिला कतारबद्ध गीधा, कायमनगर, बिरमपुर, खेसरहिया, सोनघट्टा गांव आदि क्षेत्र होते हुए गीधा थाना परिसर लौटी। इस अवसर पर नेतृत्व कर रहीं गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शीला ने शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाएं रखने के लिए हर वर्ग से सहयोग की अपील की।



थानाध्यक्ष ने भ्रामक खबर, अपवाह या सोशल मीडिया साइट व एप्प पर जाति सूचक, धर्म से संबंधित अपवादों से दूर रहने को कहा। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले सन्देश को फॉरवर्ड करने से परहेज करने को कहा। विधि व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस 24 घंटे सक्रिय है। अप्रिय सूचना मिलने पर अपने नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। मौके पर गीधा थानाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## 5 अप्रैल से शुरू होगी स्नातक पार्ट-3 की परीक्षा

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक पार्ट थ्री सत्र, 2021-24 की परीक्षा का प्रोग्राम जारी कर दिया है। यह परीक्षा 5 अप्रैल से शुरू होगी जो कि 20 अप्रैल तक चलेगा।परीक्षा दो पालियों में ली जायेगी। परीक्षा में 80 हजार के करीब विद्यार्थी शामिल होंगे।एडमिट कार्ड होली के बाद जारी किया जाएगा। स्नातक की परीक्षा को ले आनर्स के विषयों को चार ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप के अनुसार ही प्रतिदिन परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा के लिए 44 केंद्र बनाए गए है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया कि सत्र को नियमित करने के लिए परीक्षा विभाग युद्ध स्तर से काम कर रहा है। भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले में परीक्षा के लिए 44 केंद्र बनाए गए है। सभी केंद्रों पर जल्द ही परीक्षा से संबंधित सामग्रियों को भेज भी दिया जाएगा।

## रमजानः गुनाहों से तौबा करना अल्लाह को पसंद

निज संवाददाता। आरा

रमजान के दूसरे जुमे की नमाज़ शुक्रवार को अदा की गई। रमज़ान के जुमे की नमाज होने से आम दिनों की अपेक्षा मस्जिदों में काफी भीड़ देखी गई। माह ए रमज़ान का महीना रहमत और बरकत का महीना होता है। इस महीने में किया गया इबादात। इस्लाम धर्मवालंबियों को रहमत और बरकत देता है। शाही मस्जिद, तलाब की मस्जिद, सराय की मस्जिद, दूध कटोरा मस्जिद, कलेक्ट्रेट तालाब की मस्जिद, पकड़ी मस्जिद, नवादा मस्जिद, धरहरा मस्जिद, मौलाबाग की मस्जिद, बरहबतरा मस्जिद, धर्मन मस्जिद, पश्चिम टोला मस्जिद, पुलिस क्लब मस्जिद, वली गंज मस्जिद, काजी टोला मस्जिद, बेगमपुर मस्जिद, कसाब टोला मस्जिद, मेहरु मस्जिद, तरी



मोहल्ला वहींदिया मदरसा मस्जिद, पकड़ी मस्जिद, जेल की मस्जिद समेत कई मस्जिदों में जुमे की नमाज़ अदा की गई। शुरू हुआ रमजान का दूसरा अशरा रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। एक असरा 10 दिनों का होता है। अभी दूसरा अशरा चल रहा है। मान्यता है कि रमजान के शुरु के 10 दिनों में जो बंदा रोजे रखता है और नमाजे पढ़ता हैं तो उस पर अल्लाह की खास रहमत नाजिल होती है।

दूसरा अशरा मगफिरत का होता है। यानी दूसरे अशरे में 11 रमजान से 20 रमजान तक अपने गुनाहों की माफी मांगी जाती है। रमजान के दूसरे अशरे की एक मख़सूस दुआ है जो कि रोजाना पढ़नी चाहिए। जो मुसलमान दूसरे अशरे में ये खास दुआ पढ़ता है, उस पर मौला की खास नजरे करम होती है। दूसरे अशरे की दुआ हिंदी में अस्तग़्फ़िरुल्लाह रब्बी मिन कुल्लि ज़म्बिन वा आतूबु इलैह। इसका हिंदी अर्थ है मैं अपने सभी गुनाहों के लिए अपने रब, अल्लाह पाक से माफ़ी मांगता हूं और उसकी ओर मुड़ता हूं।

माह ए रमजानूल मुबारक रहमत व मगफिरत और आजादी का परवान लेकर आता है। इंसान की अपनी कोशिश हो कि इस माह ए मुबारक से कितना फायदा उठा सकता है, माह ए मुबारक के इस अशरे में हम सभी को चाहिए । दो काम जरुर कर लें। एक अपने गुनाहों से तौबा दूसरा ज्यादा से ज्यादा लोगों को माफ करें। अल्लाह यह दोनों काम को पसंद फरमाता है। अगर हम ऐसा करेंगे तो हम इस माह ए मुबारक से एक कीमती हिस्सा के हकदार होंगे, जो दुनिया और आखिरत दोनों जगह हमारे लिए भलाई है।

– **जावेद अख्तर,** हाफिज व कारी, फरीदे इमाम चमन मस्जिद, (आरा)

क्रेटा पटना से आरा जा रहा थी,जबकि ऑल्टो आरा से पटना आ रही थी

# 100 से ज्यादा की स्पीड में टकराई दो कार, दो लोगों की मौत, नौ घायल

निज संवाददाता

**पटना।** पटना में शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बिहटा थाना के परेव गांव के पास 100 किमी प्रति घंटे से भी ज्यादा की रफ्तार से फोर लेन पर 2 कार में आमने-सामने भिड़ंत हुई। हादसे में कार सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है। बिहटा आरा मुख्य मार्ग में सह थाना क्षेत्र के परेव गांव के पास ये हादसा हुआ, जहां फोर लेन ऑल्टो और क्रेटा में टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑल्टो के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक कोइलवर में क्रेटा पटना से आरा जा रहा थी,जबकि ऑल्टो आरा से पटना आ रही थी। क्रेटा रॉन्ग साइड से आ रही थी। इस वजह से टक्कर हुई। बताया जा रहा है कि ऑल्टो कार में महिला थी, जो होली में अपने मायके जा रही थी। कार में उसका दुपट्टा और दूसरे सामान बिखरे पड़े हैं। घटना में कार सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए बिहटा स्थित ईएसआईसी



अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई है।

## दुकान में घुसा ट्रक, एक की मौत, तीन घायल

निज संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक दुकान में घुस गया। इस हादसे में एक महिला दुकानदार की मौत हो गई। वही, तीन महिला ग्राहक जख्मी हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर आगजनी कर सड़क जाम किया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ड्राइवर को गिरफ्तार कर जाम हटाने का प्रयास कर रही है। वही, पूछताछ में ड्राइवर ने कहा कि ब्रेक फेल हो गया था। जिस वजह से ट्रक को नियंत्रण नहीं कर पाया। दरअसल, दलसिंहसराय-विद्यापतिनगर मुख्य पथ के स्मारक चौक के समीप निर्माणाधीन एनएच 122 बी स्टोर प्वाइंट की घटना है। जहां, सीमेंट लदी एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक महिला दुकानदार की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतका की पहचान विद्यापतिधाम निवासी रामचन्द्र साह की पत्नी मीना देवी (55 ) के रूप में हुई है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 10 घायल

निज संवाददाता

**लखीसराय।** लखीसराय में शुक्रवार रात स्विफ्ट और बोलेरो में टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। इसमें पांच छात्राएं शामिल हैं। स्विफ्ट में मृतक सहित 6 लोग सवार थे। जो गढ़ी बिशनपुर से लड़की की विदाई कराकर खुटूकपार पर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में स्विफ्ट ने बुजुर्ग राहगीर कपिल यादव को टक्कर मार दी। बुजुर्ग को ज्यादा चोट नहीं लगी। जिसके बाद स्विफ्ट चालक हड़बड़ा गया और भागने लगा। इसी दौरान बोलेरो से टक्कर हो गई। बोलेरो में बिहार दिवस महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर कस्तूरबा स्कूल की छात्राएं हॉस्टल जा रहीं थीं। बोलेरो पर 5 छात्राएं बैठीं थीं। एक चालक था। घटना में स्विफ्ट और बोलेरो सवार घायल हो गए। हादसा नगर थाना क्षेत्र के गढ़ी चौक के समीप का है। घायल छात्रों की पहचान लखीसराय जिले के पीरि बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगाली बांध निवासी खुशबू कुमारी, सुनीता



कुमारी, नेहा कुमारी, संगीता कुमारी, ममता कुमारी के रूप में हुई है। इसके अलावा बोलेरो ड्राइवर कृष्ण बल्लभ भी घायल हैं। वहीं, स्विफ्ट पर सवार घायलों में सुनील कुमार, बादल कुमार, विशाल कुमार, कंचन कुमारी शामिल हैं। मृतक कार ड्राइवर पिंटू कुमार है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बोलेरो में सवार सभी घायल छात्रों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही स्विफ्ट कार पर सवार सभी व्यक्तियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए लखीसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान कार ड्राइवर पिंटू कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएम-एसपी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना। स्विफ्ट वाले सदर अस्पताल में भर्ती हैं और बोलेरो वालों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि बिहार दिवस महोत्सव से कार्यक्रम खत्म कर छात्रों को बोलोरो से उनके हॉस्टल भेजा जा रहा था। इसी क्रम में विद्यापीठ चौक के समीप स्विफ्ट कार ने बोलेरो गाड़ी में टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियों में सवार लोग घायल हो गए हैं। एक की मौत हुई है और बाकी घायल हैं।

अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने की कार्रवाई

## पुलिस ने 14 फरार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी के पकड़ीदयाल अनुमंडल पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से अलग-अलग मामले में कार्रवाई करते हुए 14 वैसे लोगों को गिरफ्तार किया है। जो पुलिस के नजर से काफी दिन से बच रहे थे। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश एसपी कांतेश मिश्रा ने दिया है। जिसके बाद अनुमंडल क्षेत्र के पकड़ीदयाल, मधुबन, पताही और राजेपुर थाना क्षेत्र में विभिन्न कांडों में फरार 14 आरोपियों को पकड़ कर जेल भेज दिया। एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी के दिशा निर्देश पर यह छापेमारी आगे भी जारी रहेगी। मधुबन थाना क्षेत्र से रेप मामले में कोठिया से शिवजी सहनी और राजा सहनी को गिरफ्तार किया गया। हत्या के प्रयास मामले में सेमरा से राजदेव सहनी और 4 लीटर देसी शराब के साथ गनौरी से भगत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के ठिकहां बनकट से 10 लीटर देसी शराब के साथ भयराम मुखिया और जयराम मुखिया, एससीएसटी मामले में सिसहनी से प्रमोद मुखिया के साथ 4 वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। राजेपुर थाना क्षेत्र से 20 किलो गांजा बरामदगी मामले में नरहां से रामू राय और पताही थाना क्षेत्र से 180 लीटर देसी शराब, चार चक्का वाहन के साथ सरैया गोपाल से कृष्णा तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के आलावा पकड़ीदयाल, मधुबन, पताही ओर राजेपुर थानाध्यक्ष शामिल थे।

## शांति से मनाए पर्व, डीजे पर रहेगी रोक हुड़दंगियों पर रखी जाएगी नजर : डीएम

निज संवाददाता

**मधेपुरा।** मधेपुरा में आदर्श आचार संहिता और होली पर्व को लेकर शनिवार को डीएम विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में कला भवन में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि जिला में सभी जगहों पर अधिकारी समेत पुलिस के जवान नजर बना कर रखेंगे। ताकि कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी ना हो। वहीं एसपी संदीप सिंह ने कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव के लेकर आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। इसके साथ हीं होली का पर्व भी है। ऐसे में सभी जगहों पर वाहन



गश्ती और पुलिसिंग व्यवस्था दुरुस्त की गई है। पर्व के मौके पर डीजे पर पूरी तरह से रोक रहेगी और हुड़दंगियों पर खास तौर से नजर रखी जाएगी। मौके पर मौजूद उदाकिशुनगंज एसडीएम एसजेड हसन ने लोगों से अपील करते कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाए। किसी भी आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित होकर ऑटो पलटी दो पुलिसकर्मी घायल

**गोपालगंज (नि.सं.)।** गोपालगंज के ऊंचकागांव थाना क्षेत्र के इटवापुल के पास स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में ऑटो पलट गई। इसके कारण ऑटो में सवार 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए। जबकि घायलों में शामिल सब इंस्पेक्टर बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल से गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं, अन्य दो पुलिसकर्मी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। घायल भोरे थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर राजेश राम, सिपाही काली दयाल चौधरी और राजेंद्र राम शामिल हैं। सब इंस्पेक्टर राजेश राम अपने थाना के दो पुलिसकर्मी और चौकीदार के साथ गिरफ्तार अभियुक्त को लेकर ऑटो पर सवार होकर गोपालगंज स्थिति सिविल कोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए आ रहे थे।

## रमेश कुशवाहा और विजय लक्ष्मी कुशवाहा जेडीयू में शामिल

निज संवाददाता

**पटना।** जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा और उनकी पत्नी विजय लक्ष्मी कुशवाहा जदयू में शामिल हो गई हैं। उमेश कुशवाह ने कहा कि ये लोग रास्ता भटक गए थे और फिर वापस आए हैं। नीतीश कुमार के कार्यों से प्रभावित होकर जदयू से जुड़े हैं। राज्यसभा सांसद संजय झा ने दोनों को सदस्यता दिलाई। आरजेडी के नेता सत्येन्द्र मिश्रा भी पार्टी जॉइन की है। विजय लक्ष्मी कुशवाहा को सीवान से टिकट देने की चर्चा है। माना जा रहा है कि कविता सिंह को इस बार टिकट से हाथ धोना पड़ेगा। जदयू में शामिल होने पर रमेश कुशवाहा ने कहा कि हम कुछ देर पहले तक उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी



के प्रदेश अध्यक्ष थे लेकिन अब जदयू से जुड़ गये है। लेकिन सभी लोग एक साथ है और राष्ट्रीय स्तर पर सभी लोग एनडीए में है। उम्मीद है कि जदयू अपने कैंडिडेट्स की लिस्ट एक-दो दिन में जारी कर सकती है। पार्टी सूत्रों की माने तो 4 सीटों पर कैंडिडेट बदले जा रहे हैं। सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम सीवान की कविता सिंह का है, जिनका टिकट कट सकता है। गठबंधन के तहत गया और काराकाट की सीट पहले जदयू के हिस्से से हटा ली गई है। इसकी जगह शिवहर सीट दी गई है। ऐसे में सीट शेयरिंग की घोषणा के साथ ही यहां के सीटिंग सांसदों का टिकट कट गया है। पांच दिन पहले एनडीए में सीट शेयरिंग में उसके हिस्से 16 सीटें आई हैं, जबकि बीजेपी 17, चिराग की पार्टी को 5 सीटें मिली हैं। जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को एक-एक सीट दी गई है। जीतन राम मांझी गया से और उपेंद्र कुशवाहा काराकाट से चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा पार्टी ने सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू का टिकट काट दिया गया है। विधान परिषद सभापति देवेश चंद्र ठाकुर जदयू की टिकट पर इस बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने इसकी घोषणा तीन महीने पहले ही कर दी थी। सुनील कुमार पिंटू लगातार पार्टी लाइन से इतर ये कहते आ रहे थे कि वे भाजपा के सिपाही हैं। केंद्रीय नेतृत्व के कहने पर पिछली बार वो जदयू के सिंबल पर चुनाव लड़े थे। सीवान से बाहुबली अजय सिंह की पत्नी कविता सिंह का टिकट कटने की संभावना है। कविता की जगह जीरादेई के पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी विजय लक्ष्मी को अपना उम्मीदवार बना सकती है।

## रेप कर बनाया था अश्लील वीडियो, 14 साल की सजा

**अररिया (नि.सं.)।** लगभग तीन साल पूर्व पत्नी की बीमारी का बात बताकर घरेलू कार्य में मदद के लिए 18 साल की युवती को रेलवे सरकारी आवास पर लाने फिर कई बार रेप की घटना को अंजाम देकर उसका अश्लील वीडियो बनाने का मामला प्रमाणित होने पर एडीजे-1 न्यायालय के न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने दुष्कर्मी को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कारावास की सजा के अलावा आरोपी को विभिन्न धाराओं में 55 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। यह सजा एसटी 200/2023 में सुनाई गई है। सजा पाने वाले 39 वर्षीय अभय रंजन उर्फ कुमार अभय रंजन कटिहार मैथिल टोला ऑफिसर कॉलोनी का रहने वाला है। वह अररिया के कुसियारगांव स्टेशन का एक रेलवे कर्मचारी है। उन्हें सरकारी आवास आवंटित है। घटना कुसियार गांव के इसी सरकारी आवास की है। एपीपी राजा नंद पासवान ने बताया कि आरोपी घटना 16 मई 2021 से 25 मई 2021 के बीच की है।

## बस और कार के बीच सीधी टक्करे में चार लोग घायल



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के मनियारी में देर शाम एक बस और कार के बीच सीधी टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार चार लोग ज़ख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के जमहरुआ का है। जहां मुजफ्फरपुर महुआ सड़क मार्ग पर एक तेज रफ़्तार बस और कार में आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे कार में बैठे यात्री चार यात्री ज़ख्मी हो गए। वही इस घटना के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्तिथि मच गई। जहां मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों के सहयोग किसी तरह घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं इस सड़क हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा मनियारी थाने की पुलिस को दिया गया। वही सुचना मिलते ही मनियारी थाने की पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कार में बैठे घायल सभी यात्री को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने बस और कार को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए थाने ले गई है। वही मामले की जानकारी देते हुए मनियारी थाना के एएसआई अमरेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के जमहरुआ में एक बस और कार की टक्कर हो गई है। जिसमे कार मे बैठे यात्री चार यात्री ज़ख्मी हुए है। जिनको 112 की टीम ने इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। सड़क हादसे के शिकार हुए बस और कार को पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाने लाया गया है।

## शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में छात्र गले में लगी गोली, हालत गंभीर

निज संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में शनिवार की अहले सुबह शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना हुई है। इस दौरान गोली एक युवक के गले में गोली लगी है। जिसे आनन-फानन में अस्पताल में एडमिट कराया गया है। जहां गंभीर हालत में उसका इलाज चल रहा है। घटना लाखो थाना क्षेत्र के मेनका फतेहपुर गांव की है। घायल छात्र की पहचान बहदरपुर गांव निवासी मिथिलेश यादव के पुत्र अमन कुमार (17) के रूप में की गई है। घायल को इलाज के लिए कल्पना नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि अमन अपने बहन की सहेली की शादी समारोह में निमंत्रण पर गया था। बारात साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के आहो गांव से आई थी। शादी समारोह के दौरान में किसी ने फायरिंग की, जिसमें गोली उसके गले में लग गई है। गोली लगने की सूचना पाकर आनन-फानन में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इधर, हर्ष फायरिंग की सूचना मिलते ही लाखो थाना की पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मुजफ्फरपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

## सीएसपी केंद्र में लूट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार हथियार और दो जिंदा कारतूस बरामद

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए चल रहे पुलिस के विशेष अभियान में फिर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां साहेबगंज थाना क्षेत्र के खोरी पाकड़ में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लूट के मामले में कई महीने से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी अशोक कुमार को हथियार और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस कुख्यात अपराधी के गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए सरैया के एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि साहिबगंज पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के खोरी पाकड़ गांव के पंचायत भवन के पास कुछ अपराधीयों के इकट्ठा होने के संबंध में जानकारी मिली। जिसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में मामले की सत्यापन के लिए मौके पर पहुंची



पुलिस को देखते ही एक युवक बाइक से भागने का प्रयास करने लगा। जहां पुलिस की तत्परता से बाइक सवार युवक को मौके पर ही दबोच लिया गया।

जहां युवक की तलाशी लेने के क्रम में उसके कमर से एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में युवक की पहचान खोरी पाकड़ निवासी कुख्यात अपराधी अशोक कुमार के रूप में हुई। पकड़े गए अभियुक्त के द्वारा इसी वर्ष 18 जनवरी को साहेबगंज के डालडा चौक पर स्थित एक सीएसपी केंद्र को हथियार के दम पर लूट लिया गया था। जिसके बाद से यह अभियुक्त पिछले तीन महीने से फरार चल रहा था। वही पकड़े गए अपराधकर्मी के पास से एक चोरी की बाइक और मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अपराधी पर साहेबगंज थाना में लूट और छीनतई के कई मामले दर्ज है। जिनको लेकर अभी भी पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर रही है।

## होली में छुट्टी नहीं : 25 से 30 मार्च तक 20 हजार शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण

निज संवाददाता

**पटना।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने 20 हजार शिक्षकों को 25 से 30 मार्च तक विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले कक्षा एक से पांच तक के 20 हजार शिक्षकों को होली की छुट्टी रद्द कर दी गई है। हालांकि बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजनंदन शर्मा ने शिक्षा विभाग द्वारा लिए गए निर्णय का विरोध किया है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव और एससीईआरटी के निर्देशक सज्जन आर को पत्र लिखकर होली त्यौहार के दिन प्रशिक्षण कार्य को बदलकर दूसरे दिन करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के लिए होली त्यौहार बड़ा त्यौहार है ऐसे में घर से निकलना भी होली के दिन मुश्किल होता



है ऐसे में शिक्षकों की ट्रेनिंग कराना कहीं से भी उचित नहीं है। शिक्षा विभाग अपने निर्णय को वापस नहीं लेगी तो कोई भी शिक्षक ट्रेनिंग के लिए नहीं जाएंगे। बता दें कि एससीईआरटी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है ये शिक्षक 25 मार्च से विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। छह दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को कक्षा एक से दो और कक्षा तीन से पांच तक स्कूलों को उपलब्ध कराए गए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी। एससीईआरटी ने कहा है कि जिन शिक्षकों को प्रशिक्षण लेना वे 24 मार्च तक आवंटित प्रशिक्षण संस्थान में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर. ने कहा कि अब तक राज्य के साढ़े चार लाख शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। एक बैच में 20 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

## पुलिस ने 68 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**सुपौल।** सुपौल के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी सीमा चौकी फतेहपुर और भीमनगर ने संयुक्त गांजे की तस्करी को नाकाम कर दिया। एसएसबी 45वीं बटालियन ने 68 किलो गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से आसूचना मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या 204/1 के निकट के क्षेत्र से प्रतिबंधित सामान की तस्करी नेपाल से भारत में होने वाली है। सूचना की विश्वसनीयता को देखते हुए उप निरीक्षक जगदीश चन्द्र एवं उप निरीक्षक हमीर सिंह के नेतृत्व में नौ अन्य एसएसबी कार्मिकों का नाका दल गठित कर चिह्नित स्थान के लिए रवाना किया गया। निर्धारित स्थान पर नाका दल सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगी और कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति नेपाल प्रभाग से भारत की तरफ सिर पर बोरी लिए आ रहा है। जैसे ही नाका दल को उसने देखा तो वो समान छोड़ नेपाल प्रभाग की तरफ भागने लगा।

लेकिन नाका दल ने सतर्कता दिखते हुए उसे पकड़ लिया। इसके बाद नाका दल ने समान को अपने कब्जे में लेकर तलाशी ली और तलाशी के क्रम में नाका दल को पॉकेट मे बंद सूखे पत्ते जो की गांजे जैसा प्रतीत हो रहा थे। इसका श्वान सुगंध और ड्रग डिटेक्शन किट से उसकी पुष्टि गांजे के रूप में की गई। इसकी मात्रा 68 किलो तोली गई है। गांजा की अंतरराष्ट्रीय मार्केट में 10 लाख कीमत आंकी गई है। इसके अलावा उसके पास से दो मोबाइल फोन, भारतीय मुद्रा 6750 रुपए और नेपाली 40 रुपए मिले। वहीं, पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सुपौल के भीमनगर निवासी 21 वर्षीय रामू भिंडवार के रूप मे की गई है। इधर, आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद जब्त किए गए सामान को थाना बीरपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया।

## हथियार और खोखा के साथ एक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**शेखपुरा।** शेखपुरा के नगर थाना पुलिस सदर प्रखंड के पैन गांव स्थित एक शराब तस्कर के घर पर छापेमारी की गई। इस दौरान तस्कर के घर से 18 लीटर निर्मित देसी शराब के साथ-साथ एक पिस्टल और 2 खोखा बरामद किया गया। छापेमार दल ने बरामद शराब, पिस्टल और खोखा को जब्त करते हुए तस्कर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। नगर थाना अध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम को पैन गांव भेजा गया। तलाशी के दौरान घर में छिपाकर रखा गया हथियार बरामद किया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पैन गांव निवासी राघो रविदास का पुत्र राजो रविदास बताया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध स्थानीय थाना में अलग-अलग दो प्राथमिकी शराब अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज की गई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक को आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस रिमांड पर लेगी। साथ ही सघन पूछताछ करेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# झारखंड में बंदूक की नोक पर दिनदहाड़े लूटी गई बैंक, पांच डकैतों ने सभी को बनाया बंधक

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक (जेएसआरबी) के पलामू जिले के पंडवा स्थित शाखा में शुक्रवार की सुबह करीब सवा दस बजे साढ़े पांच लाख रुपए की डकैती हो गई है। तीन बाईक सवार हथियारबंद डकैत बैंक खुलते ही परिसर में घुसे, डकैतों ने दो बैंककर्मियों व एक ग्राहक को वाशरूम में बंद कर दिया। पीछे से ब्रांच मैनेजर अभिषेक कुमार तिवारी जैसे ही पहुंचे एक डकैत ने उनकी कनपटी पर पिस्तौल रखकर साढ़े पांच लाख



रुपए लूट लिया। बाद में उन्हें भी वाशरूम में बंद कर डकैत बैंक से बाहर निकले व बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। बैंक कर्मियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे व वाशरूम से उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सूचना मिलने पर पंडवा थाना के थाना प्रभारी चंद शेखर यादव बैंक पहुंचे और प्रारंभिक सूचना लेकर डकैतों का पीछा किया। लेकिन शुक्रवार की शाम तक कोई डकैत पकड़ में नहीं आया है। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। बैंक मैनेजर ने बताया है कि एक व्यक्ति के पास पिस्तौल और दो के पास कट्टा था।

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से करीब 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पंडवा कस्बे में घटना से भय का माहौल बन गया है। बैंक मैनेजर अभिषेक कुमार तिवारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह बैंक 10 बजे खोला गया। बैंक खोलने के बाद बैंक के कर्मचारी, जो पांच की संख्या में थे, शाखा में प्रवेश कर अपने काम को शुरू करने की तैयारी में थे। इसी बीच तीन डकैत, बैंक में प्रवेश कर कर्मियों को अपने कब्जे मे लेकर बाशरूम मे बंद कर दिया।

बैंक कर्मियों के कनपटी पर पिस्तौल सटाकर एक डकैत ने लॉकर का चाबी ले लिया लिया। इसके बाद पहले से कब्जे में लिए गए बैंक कर्मियों से लॉकर खुलवाकर साढ़े पांच लाख रुपए निकालकर झोले में भरकर वे फरार हो गए। बाद में शोर मचाकर आम लोगों से दरवाजा खुलवाकर बैंक कर्मी बाहर निकले व पुलिस को सूचना दी।

## संक्षिप्त समाचार

### केओ कॉलेज गुमला में विश्व वानिकी दिवस पर कार्यक्रम

**गुमला , एजेंसी।** केओ कॉलेज गुमला में गुरूवार को विश्व वानिकी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुई । बतौर मुख्या अतिथि गुमला वन प्रमंडल के डीएफओ अनवर बेलाल अहमद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने डीएफओं के सम्मान में स्वागत गीत और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डीएफओं ने कहा कि गुमला के जंगलों में पेड़-पौधों की कटाई और जंगलों में आग लगने के कारण वनों का विनाश हो रहा है। जिसका प्रमुख कारण है महुआ चुनने के लिए जंगलों में आग दिया जाता है। साथ ही पौधों में रासायनिक संकेत के माध्यम से अपने आप को बचाने की अदभूत क्षमता होती है। यूरोप के जंगलों में ऐसा पाया गया की एक जिराफ एक पेड़ के पत्ते को खाने के बाद 50 मीटर के बाद के पेड़ के पत्ते को खाता है। पौधों में रासायनिक संकेत के माध्यम से दूसरे पौधों तक संकेत जाता है। जिससे दूसरे पौधों के पत्ते तीता हो जाता है। इसलिए जिराफ उसे नहीं खाता। कार्यक्रम को का संचालन केओ कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.प्रसन्नजित मुखर्जी ने किया किया जा रहा था। मौके पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजन किया गया था। कार्यक्रम मे डॉ. बीएन मिश्रा, संजय कुमार, डॉ.अंशुमिता शेकर, राजन, तनवी, जगरिती, काजल, संतोषी पांडे, सचिन, किरण, ईशा, शिल्पा, मनीषा, सुनीता, प्रिया, आलिया, मनीष समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित शामिल थे।

### आने वाले पीढ़ी को उच्च शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत है : विनय लाल

**गुमला , एजेंसी।** गुमला सुड़ी समाज का होली मिलन समारोह जिला मुख्यालय स्थित सूड़ी धर्मशाला में बुधवार की देर रात आयोजित हुई। कार्यक्रम में अतिथियों को अंग अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समाज के संरक्षक विनय कुमार लाल ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमारे समाज में वैसे कुप्रथा की तेजी से समाप्ति हो रही है ,जिससे कि हमें शर्मसार होना पड़ता था। हमें अपने आने वाले पीढ़ी को उच्च शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष सूरज साहू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम होली मिलन समारोह का आयोजन कर एक दूसरे से मिलने का एक मंच प्रदान कर रहे हैं। इस समारोह में सिर्फ सूड़ी समाज की सहभागिता नहीं, बल्कि ओबीसी से आने वाले अन्य समाज भी समारोह में आए हैं। होली मिलन समारोह का संचालन जिला सचिव संदीप कुमार ने की। मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। सोनू ग्रुप जमशेदपुर द्वारा झांकी निकाल कर समारोह में बैठे लोगों को खूब झुमाया और गुलाल लगाकर नृत्य कराया। मौके पर शिवप्रसाद साहू, संयुक्ता देवी, तापस लाल, उदय प्रसाद, दिलीप नाथ साहू, रवींद्रनाथ साहू, मनोज साहू, आनंद साहू अन्य समाज से रौनियार समाज, पटेल सेवा संघ, जायसवाल समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### डोरंडा में बिल्डर ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर की खुदकुशी, इस प्रोजेक्ट को लेकर था परेशान

**रांची , एजेंसी।** डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट रोड़ में रहने वाले शहर के एक बड़े बिल्डर नीरज सहाय ने गुरुवार को अपने घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पोस्टमार्टम होने के बाद शव स्वजनों के हवाले कर दिया गया। डोरंडा पुलिस का कहना है कि गुरुवार की सुबह बिल्डर की पत्नी दोनों बेटी को स्कूल छोड़ने के बाद घर आई और फिर पूजा करने के लिए निकल गई। कुछ देर के बाद पत्नी वापस आई तो नीरज सहाय के कमरे का दरवाजा बंद था। पत्नी ने काफी आवाज दिया लेकिन अंदर से बिल्डर की कोई आवाज नहीं आई। पत्नी ने इसकी सूचना अन्य लोगों को दिया। लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ दिया। लोगों ने देखा कि नीरज सहाय का शव पड़ा है और पिस्टल बगल में गिरा हुआ है। पुलिस नीरज को लेकर पारस अस्पताल गई लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पिस्टल लाइसेंसी था।पिस्टल जब्त कर लिया गया है। पिस्टल को एफएसएल भेजा जाएगा। घटना की सूचना पाकर रांची पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लिया।

# लोहरदगा लोकसभा सीट को लेकर उड़ी बीजेपी-कांग्रेस की नींद

**लोहरदगा, एजेंसी।** लोहरदगा लोकसभा सीट आदिवासी बहुल क्षेत्र है। लोहरदगा-गुमला आदि क्षेत्र में पहाड़ और जंगलों के बीच एक बड़ी आबादी निवास करती है। अनुसूचित जनजाति रिजर्व सीट में हमेशा से सभी प्रमुख दलों की नजर रही है। लोहरदगा लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला की परंपरा रही है।

देश के पहले लोकसभा चुनाव से लेकर साल 2019 के लोकसभा चुनाव तक में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में अपनी भूमिका निभाई है। राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच लोहरदगा के लोगों ने राजनीतिक हलचल भी देखी है।

यहां का चुनाव परिणाम हमेशा ही चौंकाने वाला रहता है। कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होता है तो कभी निर्दलीय प्रत्याशी की उपस्थिति भी त्रिकोणीय मुकाबला की तस्वीर दिखा देती है। इस बार भी कुछ वैसे ही हालात नजर आ रहे हैं।

झारखंड में कांग्रेस, झामुमो और राष्ट्रीय जनता दल के बीच गठबंधन है। तीनों ही दल आईएनडीआईए के महागठबंधन का हिस्सा भी हैं। झारखंड में लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन



के बीच स्थिति सामान्य दिखाई दे रही है।

हालांकि, सब कुछ सामान्य नहीं है। इसका एक बड़ा उदाहरण लोहरदगा बन सकता है। लोहरदगा लोकसभा सीट में पिछले कई लोकसभा चुनाव से भाजपा कांग्रेस के बीच ही मुकाबला रहा है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा भी लोहरदगा लोकसभा सीट पर अपना दावा कर रही है। इसके पीछे की वजह यह है कि गुमला जिले के बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता चमरा लिंडा के लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। चमरा लिंडा इस क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनका अपना वोट बैंक भी है। यदि चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो इसका सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को होगा।

अब देखना है यह है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के बीच लोहरदगा लोकसभा सीट को लेकर किस प्रकार का समझौता होता है। खैर, लोहरदगा लोकसभा सीट में चमरा लिंडा के दावा करने के पीछे एक वजह भी है। इस क्षेत्र में वह एक मजबूत नेता के रूप में जाने जाते हैं। तीन लोकसभा चुनाव का परिणाम तो कुछ ऐसा ही कहता है। चुनावी आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2004 के चुनाव से लेकर साल 2014 तक के चुनाव में चमरा लिंडा ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी थी।

साल 2004 के चुनाव में चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे। वर्ष 2004 का चुनाव कांग्रेस पार्टी के डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने जीता था। इस चुनाव में उन्हें 223920 वोट मिले थे। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के दुखा भगत को 133665 वोट से संतोष करना पड़ा था। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने 58947 वोट लाकर सबको हैरान कर दिया था।

वर्ष 2009 के चुनाव में फिर एक बार चमरा लिंडा चुनाव मैदान में थे। इस बार भी वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत चुनाव जीत गए थे। सुदर्शन भगत को इस चुनाव में 144628 वोट मिले थे। निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा को 136345 वोट प्राप्त हुए थे।

तीसरे स्थान पर रहने वाले कांग्रेस के डॉक्टर रामेश्वर उरांव को 129622 वोट मिले थे। साल 2014 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत चुनाव जीते थे। इस चुनाव में उन्हें 226666 वोट मिले थे। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले कांग्रेस के डॉ. रामेश्वर उरांव को 220177 वोट मिले थे।

वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाले ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी रहे चमरा लिंडा को 118355 वोट मिले थे। कई चुनाव में बड़े राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के पसीने छुड़ा चुके चमरा लिंडा के इस बार चुनाव मैदान में उतरने की स्थिति में भाजपा-कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं होगी।

## अंदर टिकट का टेंशन, बाहर रंग-अबीर संग होली का जश्न



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद भाजपा में टिकट को लेकर अंदरखाने टेंशन है। वैसे होली मिलन के मौके पर भाजपा नेताओं की मुलाकात हुई तो गले भी मिले और रंग-गुलाल भी उड़ाए। मानों धनबाद भाजपा में ऑल इज वेल की स्थिति हो।

कलाभवन में शुक्रवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह समेत भाजपा के कई नेता पहुंचे। विधायक हर साल होली मिलन का आयोजन करते हैं। इस बार भी किया। वैसे लोकसभा चुनाव के बीच हो रहे इस होली मिलन समारोह में कई सियासी रंग भी देखने को मिले। लोकसभा टिकट के कई दावेदार पहुंचे। सांसद पशुपतिनाथ सिंह स्वयं चौथी पारी की उम्मीद में हैं तो राज सिन्हा भी अपने आपको दावेदार के रूप में प्रोजेक्ट कर चुके हैं। पर्दे के पीछे कई बड़े चेहरे भी हैं, जो धनबाद के एवं धनबाद के बाहर के भी हैं, जो टिकट की दौड़ में हैं।गीत-नृत्य के बीच विधायक के होली मिलन का रंग सिर चढ़कर बोला। लोग नाचते-झूमते नजर आए। गीत-नृत्य का जमकर आनंद लिया। विधायक राज सिन्हा ने कलाकारों के साथ मंच साझा किया और होली के कई गीत भी गाए। इधर सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अपने संबोधन में लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि होली का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कई कलाकार बुलाए गए थे, जिनमें ब्रजेश सिंह (बक्सर बिहार), रानी सिंह (जपला झारखंड), खुशबू शर्मा (डेहरी ऑन सोन बिहार) एवं आशुतोष यादव (यूपी, बलिया) हैं।

## 3 लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम: कर्मचारियों और ग्राहक को बाथरूम में बंद कर ग्रामीण बैंक से 5.61 लाख लूटे

**पलामू, एजेंसी।** पलामू में शुक्रवार को तीन हथियारबंद लुटेरों ने झारखंड ग्रामीण बैंक की पड़वा शाखा से 5.61 लाख रुपए लूट लिए। लुटेरों ने बैंक कर्मचारियों और ग्राहक को बंधक बनाकर इस घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।शाखा प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे बैंक खुलते ही तीन हथियारबंद लुटेरे पहुंचे। सभी 6 कर्मचारियों और 1 ग्राहक को हथियार दिखाकर बाथरूम में बंद कर दिया। सभी के मोबाइल छीन लिए। सीसीटीवी और कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया। फिर कैश काउंटर से 5.61 लाख रुपए लेकर भाग निकले। जाते समय लुटेरों ने कर्मचारियों के मोबाइल लौटा दिए। लुटेरों के भागते ही अभिषेक ने पड़वा थाने को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी चंद्रशेखर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने बैंक के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, लेकिन कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी हुई है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**बैंक में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं:** ग्रामीण बैंक में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे ऐसी घटनाओं को अंजाम देने से रोका जा सके। मैनेजर ने बताया कि यहां सुरक्षा गार्ड रखने का कोई प्रावधान नहीं है। पहले स्थानीय पुलिस वहां चौकीदार को तैनात करती थी, अब उसकी व्यवस्था भी नहीं है।

# कांग्रेस में नहीं जा रहा... राज पलिवार ने तोड़ी चुप्पी, पवन खेड़ा के इस एक पोस्ट से मची थी सनसनी

**गोड्डा , एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व मधुपुर के पूर्व विधायक व राज्य सरकार के पूर्व मंत्री राज पलिवार के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा पर विराम लग गया है। राज पलिवार ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इस खबर को अफवाह व विरोधियों की साजिश बताया है।

इस संबंध में बुधवार को कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने पोस्ट कर राज पालिवार के कांग्रेस में शामिल होने की बात कही थी। राज पलिवार की ओर से इस खबर को गलत बताए जाने के बाद पवन खेड़ा ने भी दोबारा पोस्ट कर अपने पुराने पोस्ट को संशोधित कर दिया। इस बार पवन खेड़ा के पोस्ट में सिर्फ मांडू विधायक जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने का जिक्र था।

उधर, पूरे मामले को लेकर अब गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने तंज कसा है। निशिकांत ने एक्स पर पोस्ट किया है कि





खंडन करने में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और भाजपा के पूर्व विधायक राज पलिवार को इतने घंटे क्यों लग गए। निशिकांत दुबे ने - 'राम मिलाए जोड़ी' लिखकर दोनों पर कटाक्ष किया है। बता दें कि एक ही दल में रहने के बाद भी निशिकांत दुबे और राज पलिवार के बीच अरसे से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता चल रही है।

दरअसल, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने जेपी पटेल के पार्टी में शामिल होने की तस्वीर पोस्ट करते हुए नीचे एक लाइन भाजपा के पूर्व विधायक राज पलिवार के भी कांग्रेस में शामिल होने की बात लिखी थी। खेड़ा के इसी पोस्ट के बाद गोड्डा संसदीय लोस सीट पर अपनी दावेदारी पेश करने वाले नेताओं की भृकुटियां तन गई।पवन खेड़ा के पोस्ट के बाद राज पलिवार को लेकर इंटरनेट मीडिया में तरह तरह की खबरें चलने लगी थीं। पालिवार को गोड्डा सीट से कांग्रेस का प्रत्याशी भी बताया जा रहा था। चर्चा इस बात की भी है कि अंदरखाने कुछ चल रहा था, लेकिन कांग्रेस के कुछ नेताओं के विरोध और खटपट के कारण मामला बिगड़ गया।

कांग्रेस की ओर से अभी झारखंड में सीटों के बंटवारे के बाद प्रत्याशियों के नाम तथा सीटों के बंटवारे के संबंध में घोषणा नहीं की गई है। मांडू विधायक जेपी पटेल के बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल होने के बाद कुछ और नेताओं के कांग्रेस में जाने की सुगबुगाहट है। बताया जा रहा है कि राज पलिवार के कांग्रेस में शामिल होने की खबर प्रसारित होने के बाद गोड्डा की राजनीति से जुड़े कांग्रेस नेताओं के बीच घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चला।

# भारत जाने का अफसोस नहीं, घटना कहीं भी हो सकती है; स्पेनिश व्लॉगर ने फिर की भारत की तारीफ

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड के दुमका में स्पेनिश ट्रैवल व्लॉगर से इस महीने की शुरुआत में सात लड़कों ने गैंगरेप किया। पीड़िता ने एक बार फिर भारत की तारीफ की है। स्पेनिश महिला का कहना है कि उसे भारत आने का अफसोस नहीं है। इस तरह की घटना दुनिया के किसी भी हिस्से में हो सकती है। इससे पहले भी जब घटना सामने आई थी तब सोशल मीडिया पर कई लोगों ने भारत क लेकर गलत टिप्पणियां की थीं। उस समय भी व्लॉगर ने भारत की तारीफ करते हुए कहा था कि भारत को बदनाम न करें, ऐसी घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं।

एक इंटरनेशनल अखबार को दिए इंटरव्यू में पीड़िता ने



कहा, मुझे लगता है कि दुनिया में हर कोई मुझसे यह कहने की उम्मीद कर रहा है कि भारत मत जाओ लेकिन जिंदगी उससे कहीं ज्यादा जटिल है। मेरे साथ जो हुआ वह कहीं और भी हो सकता था। अभी कुछ समय पहले, सेंट्रल अमेरिका के बेलीज में यात्रा कर रहे एक जोड़े के साथ भी ऐसा ही हुआ था। 28 साल की महिला अपने पति के साथ स्पेन वापस पहुंच गई है। कपल ने भारत सहित 67 देशों में अपनी यात्रा के अनुभव साझा किए हैं।पीड़िता ने कहा, हां, मैंने घर छोड़ा। हां, मैंने जोखिम उठाया, लेकिन मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। मुझे भारत जाने या वहां की हमारी यात्रा को लेकर कोई अफसोस नहीं है। हो सकता है, हमें किसी दूसरे रास्ते से जाना चाहिए था या किसी होटल में रुकना चाहिए था। लेकिन इस लॉजिक को यूज करते हुए मैं कहना चाहती हूं कि, वहां कुछ बदतर हो सकता था और शायद मैं जीवित नहीं होती। घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं, यहां तक कि आपके घर के अंदर भी। महिला ने जोर देकर कहा कि वह अपनी यात्रा को खत्म नहीं करेगी और जल्द इसे दोबारा शुरू करेगी।

# होली में बस-ट्रेनें फुल, कैब को देने पड़ रहे 20 गुना अधिक किराया; पटना वंदे भारत की सभी ट्रेनों की सीटें बुक

**रांची , एजेंसी।** होली में अपने घर बिहारशरीफ जाने को बेताब बरियातू निवासी सुनील यादव को बस में टिकट नहीं मिल रहा है। लेकिन अपने बच्चों व माता-पिता के साथ उन्हें होली की खुशियां बांटनी है। जिसके लिए सुनील ने ट्रेवल एजेंसी से संपर्क साधा लेकिन एजेंसी कैब के लिए मनमाना भाड़ा ले रहे हैं, जिसे सुनील भी जानते हैं।

बिहारशरीफ के लिए जो एक सीट 450 रुपये में मिल जाती इसके लिए उन्हें कैब बुकिंग के लिए सात से आठ हजार रुपये देने पड़ रहे हैं। कमोबेश ऐसी ही स्थिति उन सभी लोगों की है जो अपने घरों से दूर कमाने रांची आए हुए हैं।

होली त्योहार को लेकर बिहार जाने वाले यात्रियों की संख्या इतनी अधिक है कि रांची से जाने वाली सभी



ट्रेनों की सीटें 24-25 मार्च के लिए अभी से ही फुल हो चुकी है और वेटिंग लिस्ट 150 पार पहुंच गया है।

दूसरी ओर बसों में 23 और 24 मार्च के लिए एडवांस बुकिंग चल रही है। सबसे अधिक यात्रियों की भीड़ बिहारशरीफ जाने वाली बसों में है। बिहारशरीफ के लिए रांची से एक भी ट्रेन नहीं है जिस कारण इन बसों में अत्यधिक भीड़ हो रही है।

बस संचालकों का कहना है कि 23 से पहले बसों में अधिक भीड़ नहीं है, लेकिन अगले दो दिनों तक काफी भीड़ है। लोग किसी भी तरह अपने-अपने घर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि इन दो दिनों के लिए 200 से 600 रुपये अधिक भाड़ा भी लिया जा रहा है, जबकि बैठने के लिए पूरी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

बसों में होली को लेकर दो दिन इतनी भीड़ है कि इसके लिए बस संचालक स्टूल की व्यवस्था कर रहे हैं। सिमरन बस के एजेंट मुन्ना बताते हैं कि बिहार जाने वालों की भीड़ सिर्फ दो दिनों के लिए है, उसके पहले और बाद सीटें खाली है।

दो दिन जिस तरह से भीड़ बढ़ेगी तो अधिक यात्रियों को जाने के लिए स्टूल लगाया जाएगा। इसकी जानकारी पहले ही दी जा रही है, यात्रियों की हामी भरने के बाद ही ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

## होली के बाद हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी फाइल करेगा चार्जशीट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की जांच जारी है। ईडी जांच पूरी करते हुए होली बाद मनी लाउंड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल करेगी। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को देर रात गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के 60 दिनों के अंदर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य है। हेमंत सोरेन 53 दिनों से जेल में हैं। इसके हिसाब से ईडी के पास चार्जशीट दाखिल करने के लिए सात दिन शेष है।

होली अवकाश के बाद सिविल कोर्ट 27 मार्च को खुलेगा। 29 मार्च को गुड फ्राइडे का अवकाश है। ईडी संभवत 30 मार्च तक चार्जशीट दाखिल कर सकती है। बता दें कि ईडी गिरफ्तारी के दूसरे दिन हेमंत सोरेन को पुलिस रिमांड पर लेकर 13 दिनों तक पूछताछ कर चुकी है।

साथ ही उस दौरान जेल में बंद निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, बिनोद सिंह समेत अन्य से पूछताछ की थी। उसी आधार पर ईडी हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल कर सकती है। ईडी ने पूर्व में सिर्फ भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ 3 अगस्त 2023 को केस किया था। बाद में उसी केस में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हुई। झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी स्वतंत्र एजेंसियों को गुलाम बना लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



### जाजमऊ आगजनी मामले में फिर टला फैसला, इरफान को नहीं लाया गया कोर्ट, रिजवान बोला-हम सब बेगुनाह

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच अभियुक्तों के खिलाफ चल रहे मुकदमे में आज एमपीएमएलए सेशन कोर्ट को फैसला फिर टल गया है। सुरक्षा कारणों के चलते महाराजगंज जेल में बंद इरफान को फैसला सुनने के लिए कोर्ट नहीं लाया गया। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि लोकसभा चुनाव का माहौल चल रहा है और अभियुक्त इरफान सोलंकी विधायक हैं। इसके अलावा रमजान का महीना भी चल रहा है और जुमे का भी दिन है। इन कारणों के मद्देनजर महाराजगंज जेल प्रशासन भी सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इरफान को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश करने की बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी कराना चाहता था। कोर्ट ने भी इरफान को तलब करने का आदेश महाराजगंज जेल नहीं भेजा था। अब फैसले पर सुनवाई के दौरान महाराजगंज जेल में बंद इरफान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश होंगे, जबकि कानपुर जेल में बंद मुकदमे के बाकी तीनों अभियुक्तों रिजवान, शौकत व इसराइल को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया गया है। पेशी पर कोर्ट जाते समय रिजवान ने कहा कि हम सब बेगुनाह हैं... दुआ करिए, सब अच्छा होगा। अधिकारी तक जानते हैं कि हकीकत क्या है। जमानत पर जेल से बाहर आ चुका मोहम्मद शरीफ भी फैसला सुनाने के लिए कोर्ट पहुंचा है।

### काशी की होली: त्योहार की चढ़ी खुमारी, होलियाना मूड में आई काशी, होली गीतों पर थिरके युवा

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी में होली को लेकर जगह-जगह जश्न मनाए जा रहे हैं। युवाओं की टोली भी अपने-अपने तरीके से होली मना रही है। होली गीत गाए जा रहे हैं। इसी क्रम में श्रीकाशी चौदह पचासी विद्वत परिषद की ओर से अस्सी घाट पर रंगांजलि का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ममता बनर्जी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल के चित्र रख हारमोनियम बजाकर होली गीत की पेशकश की गई। नाचने-गाने वाले लोगों पर फूलों की भी बारिश की गई।




### एडीए की धोखेबाजी: सौ फीट का रोड दिखाकर बेचीं दुकानें, अब गेट लगाकर प्रवेश कर दिया बंद

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के फतेहाबाद रोड से ताजमहल पूर्वी गेट रोड को जोड़ने वाले 100 फीट रोड पर आगरा विकास प्राधिकरण ने पहले 10 कियोस्क बनाए, जिन्हें 45-45 लाख रुपये में बेचा। इन कियोस्क की बिक्री के बाद बैरिकेडिंग लगाकर 20 रुपये का प्रवेश शुल्क सेल्फी पॉइंट और अटल उद्यान में प्रवेश के लिए लगा दिया। 100 फीट चौड़े मास्टर प्लान रोड को सेल्फी पॉइंट के कारण बंद करने से कियोस्क संचालकों को खर्चा निकालना मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रवेश शुल्क हटाने या 100 फीट मास्टर प्लान रोड को पहले की तरह खोलने की मांग की है। कियोस्क संचालक अनिल सिंह ने बताया कि 9 वर्ग मीटर के भूखंड पर बने कियोस्क को 45 लाख रुपये खर्च कर खरीदा गया। नक्शे में 100 फीट चौड़ा मास्टर प्लान रोड और बसों, चारपहिया वाहनों की पार्किंग बताई गई थी, लेकिन बाद में यहां पार्क और सेल्फी पॉइंट बना दिया गया। फिर इस पर 20 रुपये का प्रवेश शुल्क लगा दिया गया।

# होली पर आने से ज्यादा लौटने में हो रही है दिक्कत, ट्रेनें फुल, मुंबई-दिल्ली की फ्लाइट तीन गुना महंगी



**लखनऊ , एजेंसी।** होली मनाकर लखनऊ से मुंबई, दिल्ली लौटने की राह आसान नहीं दिख रही है। ट्रेनों में कंफर्म टिकट की मारामारी चल रही है तो उड़ानें तीन गुनी तक महंगी हो गई हैं। मुंबई की फ्लाइट का टिकट 12,321 और दिल्ली का 11,718 रुपये में मिल रहा है। आम दिनों में लखनऊ से मुंबई की फ्लाइट का किराया पांच से छह हजार रुपये के बीच रहता है। दिल्ली की उड़ान का किराया आम दिनों में 3500 से चार हजार रुपये रहता है। अमौसी एयरपोर्ट पर विमान से लखनऊ आने वालों का सिलसिला रविवार से शुरू होगा। अनुमान के मुताबिक दिल्ली व मुंबई से 24 हजार लोग पहुंचेंगे। होली के बाद कोलकाता, अहमदाबाद आदि शहरों के यात्रियों की भी भीड़ रहेगी।

#### समय लेकर निकलें यात्री

होली के मद्देनजर एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई है। जवानों की संख्या बढ़ाई गई है तथा कई चरणों में यात्रियों की जांच की जा रही है। ऐसे में एयरपोर्ट प्रशासन ने अपील की है कि होली व उसके बाद घर से अतिरिक्त समय लेकर एयरपोर्ट के लिए निकलें।




## ट्रेन में बिना टिकट 400 यात्री पकड़े, वसूला तीन लाख जुर्माना

**अलीगढ़ , एजेंसी।** ट्रेनों में बिना टिकट यात्रियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 22 मार्च को अलीगढ़ स्टेशन पर कई ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग में करीब 400 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। इनसे तीन लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बोडानी के निर्देश पर एसीएम प्रयागराज अनिल गुप्ता के नेतृत्व में अलीगढ़ स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। सीआईटी रामअवतार मीणा, जीत सिंह, रजनीश शर्मा आदि की टीम ने स्टेशन पर गाजियाबाद -टूंडला ईएमयू पैसेंजर ट्रेन, महाबोधि एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में चेकिंग की। रेलवे अफसरों के अनुसार ट्रेनों में चेकिंग के चलते स्टेशन पर ही आय में बढ़ोतरी हुई एवं यात्री संख्या भी बढ़ गई। चेकिंग टीम में डॉली वर्मा, रेखा, खेमकरन, विनोद कुमार आदि शामिल थे।

## भाकपा यूपी में छह सीटों पर लड़ेगी चुनाव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी को भेजा गया प्रस्ताव

**लखनऊ , एजेंसी।** इंडिया गठबन्धन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) प्रदेश में छह सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसका प्रस्ताव सीपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को अनुमोदन के लिए भेजा गया है। राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुमोदन के बाद इन सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जायेगी। कुछ अन्य सीटों पर राष्ट्रीय नेतृत्व से चर्चा के बाद निर्णय लिया जायेगा। यह निर्णय शुक्रवार को भाकपा के राज्य सचिव मंडल की बैठक में लिया गया। बैठक के बाद सचिव मंडल ने बयान जारी कर कहा कि वामपंथी दल उत्तर प्रदेश में आम जनता के ज्वलन्त मुद्दों पर लगातार मिलकर संघर्ष कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर वे भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश कर रहे हैं। किंतु प्रदेश में इंडिया गठबन्धन के कुछ घटक दलों ने एकतरफा लोकसभा सीटों की घोषणा कर दी। आज तक वामपंथी दलों से न तो कोई वार्ता की और न ही गठबन्धन की संयुक्त बैठक की गई।

ऐसी स्थिति में भाकपा ने फिलहाल बांदा, गाजीपुर, घोसी, राबर्ट्सगंज (सु.) शाहजहांपुर (सु.) व धौरहरा लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है। बैठक में कहा गया कि वामपंथी दलों के बीच आपसी समन्वय पर बातचीत जारी है। इंडिया गठबन्धन के दलों से भी वार्ता के द्वार खुले हैं। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिव कामरेड अरविन्द राज स्वरूप ने की। बैठक में राज्य पार्टी के केन्द्रीय प्रभारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा. गिरीश, पूर्व विधायक इम्तियाज अहमद, मोतीलाल, फूलचन्द यादव, राजेश तिवारी व रामचंद्र सरस आदि उपस्थित थे।

## सीरिया में आईएस के डिटेंशन सेंटर के लिए चंदा जुटा रहे थे हारिस और शाहनवाज

**लखनऊ , एजेंसी।** असम पुलिस की गिरफ्त में आया आतंकी संगठन आईएस का भारत प्रमुख हारिस फारूकी सीरिया और इराक बार्डर पर आईएस के डिटेंशन सेंटर के लिए चंदा भी जुटा रहा था। इसमें उसकी मदद झारखंड का शाहनवाज और अलीगढ़ का प्रो. वजीहुद्दीन कर रहा था। हारिस ने यूपी और उत्तराखंड में बम धमाकों की साजिश भी रची थी, ताकि बाद में उसे सांप्रदायिक रंग दिया जा सके। हालांकि उसके मंसूबे सफल नहीं हुए और शाहनवाज की गिरफ्तारी के बाद उसे बांग्लादेश भागना पड़ा।

सूत्रों की मानें तो हारिस फारूकी ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन को निशाना बनाने के लिए आईईडी डिवाइस वाले बम का ट्रायल भी किया था। एटीएस को आशंका है कि बांग्लादेश भागने से पहले वह भारी मात्रा में विस्फोटक यूपी या उत्तराखंड में छिपाकर रखे थे। इसलिए एटीएस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी में है। आईजी एटीएस नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि एनआईए के बाद यूपी एटीएस भी उसे अपनी कस्टडी में लेगी। इसके बाद उसे अदालत की अनुमति से रिमांड पर लेकर अलीगढ़ मॉड्यूल के बारे में पूछताछ की जाएगी। बता दें कि इस दौरान शाहनवाज, वजीहुद्दीन आदि इस मॉड्यूल के बाकी सदस्यों के बयानों के आधार पर भी उससे पूछताछ की जानी है, जिससे पता लगाया जा सके कि यूपी के कौन-कौन से शहर उसके निशाने पर थे। उधर, एनआईए की जांच में पता चला है कि हारिस के इशारे पर शाहनवाज ने गुजरात के कई शहरों की रेकी की थी। इसके बाद उसने पुणे के जंगलों में केमिकल बम का ट्रायल किया था। हारिस ने ही शाहनवाज को वजीहुद्दीन से मिलवाया था। अलीगढ़ छोड़ने के बाद उसने वजीहुद्दीन को अलीगढ़ मॉड्यूल का अमीर घोषित कर दिया था। इसके बाद वजीहुद्दीन छोटी सभाओं के जरिये युवाओं को जिहादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसा रहा था। उसने अब्दुल्ला अर्सलान के साथ यू-ट्यूब चैनल भी शुरू किया था, जिसमें उसके भड़काऊ भाषण थे।

## यूपी में कांग्रेस के अस्तित्व पर संकट, काडर में नहीं उत्साह; चुनाव लड़ने वालों के लाले




**लखनऊ , एजेंसी।** राज्यसभा में यूपी से कांग्रेस का एक भी सदस्य नहीं है। यूपी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी राज्यसभा में राजस्थान की नुमाइंदगी कर रहे हैं। यूपी विधान परिषद में भी कांग्रेस का एक भी सदस्य नहीं रह गया है। इसके बावजूद ऐसा नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस पूरी तरह से शक्तिविहीन हो गई है। वजह, यूपी की विधानसभा में अब भी उसके दो विधायक हैं। पर, इस कड़वी हकीकत से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कभी लोकसभा की 85 (उत्तराखंड भी यूपी में था) सीटों में से 83 सीट जीतकर इतिहास रचने वाली कांग्रेस के पास आज यूपी में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए एक भी सिटिंग सांसद नहीं है।

पार्टी लगातार अपना जनाधार खोती जा रही है। एक-एक कर हर तरह के प्रयोग और समझौते कर चुकी पार्टी 80 सीटों वाले राज्य में आजादी के बाद सबसे कम सिर्फ 17 सीटों पर चुनाव लड़ने की हैसियत में आ गई है। उसे समाजवादी पार्टी के जूनियर साथी की हैसियत में रहकर यहां चुनाव लड़ना पड़ रहा है।

यही नहीं, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने इस बार रायबरेली के मैदान से खुद को बाहर कर लिया है। वहीं कांग्रेस का चेहरा और सपा के साथ दो लड़कों का साथ पसंद है जैसा प्रयोग दोबारा आजमा रहे पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हारने के बाद अमेठी के मैदान में लौटते नजर नहीं आ रहे हैं। पार्टी की आखिरी उम्मीद प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी के तौर पर लड़की हूं लड़ सकती हूं जैसा भावनात्मक प्रयोग आजमा लिया।

पर, प्रदेश के कांग्रेसियों की लाख मनुहार के बाद भी वह यूपी से चुनाव लड़ेंगी, अभी तक साफ नहीं है। बेहद कठिन दौर से गुजर रही कांग्रेस इस चुनाव में यूपी से अपनी मौजूदा संख्या एक को आगे बढ़ा पाएगी तो कितना या 1977 और 1998 वाला शून्य का इतिहास दोहराएगी, यही सबसे बड़ा सवाल है। 1977 और 1998 में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का खाता तक नहीं खुल सका था।

## सीएम योगी मथुरा से करेंगे भाजपा के प्रचार अभियान की शुरुआत

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराने की तैयारी है। पार्टी की ओर से होली के तुरंत बाद का कार्यक्रम इसके लिए प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत मुख्यमंत्री प्रबुद्ध सम्मेलन कर प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ बैठक कर पार्टी की रीति-नीति के बारे में चर्चा करेंगे।



पार्टी की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री हर दिन एक क्षेत्र में तीन-तीन सम्मेलन करेंगे। पहले दिन 27 मार्च को सम्मेलन की शुरुआत मथुरा से करेंगे। इसके बाद वह मेरठ व गाजियाबाद जाएंगे। 28 मार्च को बिजनौर, मुरादाबाद व अमरोहा में सम्मेलन प्रस्तावित है।

29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर, 30 मार्च को बागपत, बुलंदशहर व गौतमबुद्धनगर तथा 31 मार्च को बरेली, रामपुर व पीलीभीत में प्रबुद्ध सम्मेलन प्रस्तावित है। इसको लेकर पार्टी की ओर से तैयारी तेज कर दी गई है।

## काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर शोध के लिए मिला 40 लाख

**वाराणसी , एजेंसी।** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) की ओर से डीएवी पीजी कॉलेज को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर शोध के लिए 40 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका डॉ. महिमा सिंह के साथ टीम शोध करेगी।

परियोजना समन्वयक डॉ. महिमा सिंह ने बताया कि काशी और काशी विश्वनाथ मंदिर पूरी दुनिया का आध्यात्मिक केंद्र है। विश्वनाथ कॉरिडोर किस प्रकार से सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित एवं संवर्धित करने में सहायक सिद्ध होगा, इसका अध्ययन किया जाएगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यगोपाल ने बताया कि दो साल तक काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में स्थापित कला, साहित्य, संस्कृति आदि के सामाजिक पक्ष का अध्ययन किया जाएगा। पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यदेव सिंह, प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव ने शोध करने वाली टीम को बधाई दी है।



## होटल रेडिसन अग्निकांड: अब पुलिस बनाएगी ब्लू प्रिंट, अग्निशमन के इंतजाम का होगा सर्वे



**आगरा , एजेंसी।** आगरा के फतेहाबाद मार्ग पर बसई चौकी क्षेत्र में होटल रेडिसन में आग की घटना को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। अग्निशमन विभाग होटल में अग्निशमन के इंतजाम की जानकारी के लिए सर्वे करेगा। ब्लू प्रिंट तैयार होगा। विशेष टीम बनेगी। आग लगने की घटना पर टीम पहुंचेगी। पर्यटकों के साथ फंसे लोगों की सहायता करेगी। इससे आपात स्थिति में निपटने में सहायता मिलेगी।

होटल रेडिसन में बृहस्पतिवार को आग लगी थी। धुआं तीसरी मंजिल तक भर गया था। कमरों में ठहरे देशी-विदेशी पर्यटकों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। पर्यटक कमरों से बाहर निकल आए थे। रात में पूरा होटल खाली हो गया था। बिजली सप्लाई भी शुरू नहीं हो सकी थी। थाना ताजगंज पुलिस भी पहुंची थी। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि आग एसी के लिए लगीं बिजली की केबलों में लगी थी। यह केबल डक्ट में जा रही थीं। एक केबल में आग के बाद सभी केबल जल गईं। प्लास्टिक होने की वजह से धुआं हो गया। यह डक्ट से होता हुआ होटल के अंदर तक पहुंच गया। पर्यटकों को दूसरे होटल में ठहराया गया था। रात में बिजली की सप्लाई को ठीक किया गया। हादसे की रिपोर्ट डीसीपी सिटी को दी गई है। अग्निशमन विभाग की टीम भी जांच कर रही है।

#### ताजगंज क्षेत्र में सबसे ज्यादा होटल

प्रदेश में कई होटलों में अग्निकांड की घटनाएं हो चुकी हैं। आगरा में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। सबसे ज्यादा होटल ताजगंज क्षेत्र में हैं। इसके बाद सिकंदरा, सदर, एत्माद्दौला इलाके में छोटे होटल हैं। अग्निशमन विभाग फायर एनओसी देता है। समय-समय पर होटलों में मॉक ड्रिल होती है। जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाते हैं।

#### थाना स्तर पर टीम करेगी जांच

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि होटलों में आपदा के समय यह पता होना चाहिए कि किस रास्ते से निकलना है। सुरक्षाकर्मी कैसे प्रवेश कर सकते हैं। मुंबई में ताज होटल में आतंकी हमले की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर होटलों का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया था। आगरा कमिश्नरेट में भी इसका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस होटलों को डिजिटल ब्लू प्रिंट तैयार करेगी। होटलों का सर्वे किया जाएगा। इसमें देखा जाएगा कि फायर एनओसी है या नहीं? अग्निशमन उपकरण एनओसी मिलने के बाद कार्य कर रहे हैं या नहीं? थाना स्तर पर टीम बनाकर जांच कराई जाएगी।

## उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा 2023 का मामला : एचजेएस परीक्षा में आयु सीमा की छूट देने से हाईकोर्ट का इन्कार

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उच्च न्यायिक सेवा वर्ष 2023 की भर्ती में आयु सीमा में छूट देने से इन्कार कर दिया है। कहा, उच्च न्यायिक सेवा नियमावली में आयु सीमा से जुड़े विवाद पहले ही तय किए जा चुके हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिरला, न्यायमूर्ति डी रमेश की खंडपीठ ने विकास वर्मा और अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया हैं। याचियों के अधिवक्ता प्रशांत राय का कहना था कि वर्ष 2020 के बाद उच्च न्यायिक सेवा की परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। वर्ष 2022 में विज्ञापित भर्ती की परीक्षा भी नहीं हो सकी। अब 2023 की भर्ती के लिए जो आयु सीमा निर्धारित की गई, उसके तहत वह आवेदन नहीं कर सकते। याचियों को आयु सीमा में छूट प्रदान की जानी चाहिए, जबकि उच्च न्यायालय की ओर से पेश हुए अधिवक्ता आशीष मिश्रा ने बताया कि 2023 की भर्ती के लिए निर्धारित की गई आयु सीमा सेवा नियमावली के अनुरूप है। इसकी वैधानिकता से जुड़े विवाद को इससे पूर्व हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की ओर से तय हो चुके हैं। इसलिए आयु सीमा में किसी भी तरह का बदलाव किया जाना उचित नहीं होगा। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

# गाजियाबाद से सिर्फ एक बार महिला बनी सांसद, भाजपा ने कभी नारी शक्ति को नहीं दिया टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यूं तो हर राजनीतिक दल देश की सियासत में महिला आरक्षण की वकालत करता है, मगर जिक्र जब गाजियाबाद लोकसभा सीट का हो तो ये बात पूरी तरह बेमानी साबित होती है। आजादी के बाद से अबतक हुए लोकसभा चुनावों में केवल एक बार ही कांग्रेस की कमला चौधरी ने बतौर सांसद जिले का प्रतिनिधित्व किया है, जबकि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा से कभी किसी महिला को मैदान में नहीं उतरने का मौका नहीं मिला। देश की आजादी के बाद इस सीट पर अबतक 16 लोकसभा चुनाव हुए हैं।

शुरुआती दौर से ही गाजियाबाद सीट पर पहले कांग्रेस और फिर भाजपा का दबदबा रहा है, जो अभी तक कायम है। इन 16 चुनावों में से सिर्फ एक बार ही कांग्रेस की कमला चौधरी ने भारतीय संसद में बतौर सांसद गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व किया है। भाजपा के अलावा कई दलों ने महिलाओं को लोकसभा चुनाव मैदान में उतारा, मगर किसी को भी जीत नसीब नहीं हुई। गाजियाबाद से पहली और अबतक की आखिरी महिला



सांसद होने का गौरव कमला चौधरी के ही नाम है। कमला चौधरी 1962 में चुनाव जीतकर सांसद बनीं थीं। सबसे पहला चुनाव 1957 में हुआ तब गाजियाबाद सीट हापुड़ लोकसभा के नाम से हुआ करती थी। 1957 में हुए चुनावों में इस सीट से कांग्रेस के कृष्ण चंद्र सांसद बने। उसके बाद 1962 में हुए दूसरे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने कमला चौधरी को मैदान में उतारा। इस चुनाव में अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय नसीम मोहम्मद को 28,633 वोट से मात देकर कमला चौधरी सांसद बनीं। उस समय कमला चौधरी को 81,999 और नसीम मोहम्मद को 53,366 वोट मिले।

1967 के अगले चुनावों में कांग्रेस ने एक बार फिर कमला चौधरी पर दांव खेला, मगर निर्दलीय प्रकाश वीर शास्त्री से हार गईं। इसके बाद 1971,1977 और 1980 में किसी भी दल ने महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। इसके बाद भी लगभग ऐसी ही स्थिति रही। अबतक हुए आधे से ज्यादा चुनावों में सत्ता संग्राम के इस चुनावी मैदान में महिलाओं को उतारना किसी भी दल ने मुनासिब नहीं समझा। साल 1996 में कांग्रेस की रीता चौधरी समेत तीन महिलाएं मैदान में थी, मगर जीत भाजपा के डॉ. रमेश चंद्र तोमर को मिली। 1998, 1999 और 2004 में हुए चुनावों में भी प्रमुख दलों से कोई महिला उम्मीदवार नहीं रहीं। 2004 तक जो सीट हापुड़ के नाम से थी वह परिसीमन के बाद 2009 में गाजियाबाद नाम से हो गई। इसके बाद 2014 में आम आदमी पार्टी से शाजिया इल्मी और 2019 में कांग्रेस की डॉली शर्मा चुनाव लड़ीं मगर जीत नहीं मिली।

गाजियाबाद में कुल 29,38,845 मतदाता हैं। इसमें 16,22,869 पुरुष और 13,15,782 महिलाएं हैं। इस हिसाब से पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में बहुत अंतर नहीं है, मगर फिर भी प्रमुख दलों ने टिकट देने के मामले में महिलाओं को हाशिए पर रखा। यहां तक की देश के सबसे बड़े सत्तासीन दल भाजपा ने तो एक बार भी गाजियाबाद सीट से किसी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। कांग्रेस से मौके मिले, मगर जीत नहीं। जिन दूसरे दलों ने महिलाओं को टिकट दिया उन्हें भी जीत नसीब नहीं हुई। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) के टिकट पर गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए अभी तक कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। हालांकि कौन प्रत्याशी होगी इसका अंतिम फैसला पार्टी मुख्यालय से होगा। कयास लगाए जा रहे है कि पार्टी इस बार अपने मूल कैडर वोट के सहारे मैदान में उतरेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजे बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, 20 लड़कों ने ईंट-पत्थर बरसाए; एसआई की यूनिफॉर्म फाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद के सेक्टर-86 में गुरुवार देर रात डीजे को बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर करीब 20 युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने जमकर ईंट-पत्थर बरसाए। पुलिस की सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। हमले में तीन पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। एक उप-निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) की वर्दी फाड़ दी गई। खेड़ीपुल थाना की पुलिस मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार खेड़ीपुल थाना में तैनात उप-निरीक्षक कृष्ण ने अपनी शिकायत में बताया कि गुरुवार रात वह ड्यूटी पर थे। इस दौरान रात करीब 12.20 बजे एक सूचना मिली कि सेक्टर-86 स्थित रॉयल स्वीमिंग पूल पर 15-20 लड़के शराब पी रहे हैं। तेज आवाज में डीजे बजाकर शोर कर रहे हैं। इससे आसपास रह रहे लोगों को दिक्कत हो रही है। उप-निरीक्षक कृष्ण के अनुसार सूचना मिलते ही वह अपनी टीम में शामिल कांस्टेबल मोहित, एसपीओ महाबीर के साथ ईआरवी से मौके पर पहुंचे। डीजे बंद करने को कहा तो युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उप निरीक्षक पर पर लात-घूसे बरसाने लगे। तत्काल ड्यूटी अधिकारी अय्यूब खान को सूचना दी। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि स्वीमिंग पुल को किराये पर अमन नामक युवक चला रहा है। पीड़ित ने उस पर भी कार्रवाई करने की मांग की है। खेड़ीपुल थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को काबू किया गया है। बांकी की तलाश की जा रही है। आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच और थाना की टीम जुटी है। आरोपियों ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए ईंट-पत्थर बरसाने लगे। इसमें उप-निरीक्षक कृष्ण, कांस्टेबल मोहित और एसपीओ महाबीर को चोटें आईं। इसके बाद सभी ने पुलिस को सूचना देकर और पुलिस कर्मियों को बुलाया। तबतक आरोपी ईंट-पत्थर बरसाते हुए मौके से फरार हो गए। खेड़ीपुल थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आखिरकार तुम कामयाब हो गए....नोट लिख फंदे पर झूली महिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के राहुल विहार में ससुरालियों के तानों से परेशान महिला ने गुरुवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जान देने से पहले महिला ने सुसाइड नोट में आपबीती लिखी। क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस का कहना है कि पति और सास-ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मूलरूप से सहारनपुर के रहने वाले राजपाल क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के राहुल विहार इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी शादीशुदा बेटी शुभांषी भी घर से कुछ दूरी पर अपनी ससुराल में रहती थी। राजपाल का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2015 में बेटी शुभांषी की शादी अशोक के साथ की थी। अशोक का भाई धर्मेन्द्र पूर्व पार्षद है। शादी के नौ वर्ष बीत जाने के बावजूद शुभांषी के कोई संतान नहीं थी। जिसके चलते ससुराल पक्ष के लोग उसे ताने मारते थे तथा साथ ही दहेज के लिए भी उसे प्रताड़ित करते थे। इन्हीं कारणों से शुभांषी डिप्रेशन में चली गई थी। गुरुवार रात शुभांषी ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। जानकारी होने पर पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे फंदे से उतार कर नोएडा स्थित फोर्टिस अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम नोएडा पुलिस द्वारा कराया गया है। जिसमें शुभांषी द्वारा फांसी लगाए जाने की पुष्टि हुई है। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतका के पिता राजपाल की शिकायत के आधार पर पति अशोक कुमार, सास महेंद्री देवी, ससुर दौलतराम, जेठ धर्मेन्द्र, जेठानी मीनल और देवर दीपक कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुभांषी के पति अशोक ने घटना की जानकारी दी और एक सुसाइड नोट भी पुलिस को सौंपा। इसमें शुभांषी ने लिखा है कि वह कई दिनों से तनाव में थी। संतान न होना जीवन का सबसे बड़ा दुख है। संतान न होने को लेकर ससुराल वाले और खासतौर पर जेठानी तंज कसती रहती थीं। परिजनों के मुताबिक अशोक काफी समय से बेरोजगार था। हाल ही में उसकी नौकरी लग गई थी।

# देश की पहली लिथियम खदान छत्तीसगढ़ के कोरबा में, यहां 80 फिट नीचे मिला लिथियम का भंडार

**कोरबा, एजेंसी।**
देश में पहली बार लीथियम खदान खुलने जा रही है यह खदान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में खोली जा रही है। कोरबा जिले के ग्राम घुचापुर के आसपास के 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम पाए जाने की पुष्टि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की थी। इस इलाके में लिथियम पाए जाने के बाद केंद्रीय खान मंत्रालय ने नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस खदान को कमर्शियल माइनिंग के क्षेत्र में रखा गया है। जिसके तहत खदानों को निलामी करते हुए केंद्र सरकार निजी कंपनी को सौंपती है। छत्तीसगढ़ के कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए कई कंपनी ने बोली लगाई है। इनमें ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित कई बड़ी कंपनियां शामिल है।

कटघोरा में खुला पहला लिथियम खदान

छत्तीसगढ़ के कोरबा में लीथियम की पुष्टी के बाद से लगातार लीथियम खदान के खुलने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। माना जा रहा था यह कार्य साल 2024 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। अब केंद्रीय खान मंत्रालय ने नीलामी



की प्रक्रिया शुरू कर दिया है। इस प्लांट को लेकर अभी सफल बोलीदाता का नाम सामने नहीं हैं। इस प्रक्रिया के बाद लिथियम के कटघोरा लिथियम ऋश्चश्च ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया जा रहा है। जिसे लेकर परीक्षण और खनन दोनों का ही अधिकार शामिल किया जाएगा। बतादें कि छत्तीसगढ़ के कटघोरा में पहला लीथियम प्लांट लगाने के साथ ही कश्मीर के रियासी में भी लिथियम ब्लॉक की शुरुआत की जा रही है। इन दोनों जगहों को लेकर नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले इसको लेकर नीलामी में लगाई बोली में समुचित बोलीदार आगे नहीं आए, जिसके कारण एमएसटीसी पोर्टल पर चल रही इसकी ऑनलाइन नीलामी को रोक दिया गया था। बतादें कि लिथियम की खदान शुरू होने पर कोरबा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश में भी समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह इलाका मैदानी है, जिससे यहां कई सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था भी अच्छी है। यही कारण है कि यह निवेशकों के लिए भी आदर्श राज्य माना गया।

# हिमाचल में उपचुनाव के नतीजों पर टिकेगा सुक्खू सरकार का भविष्य

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार से नाखुश चल रहे तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे ने पहाड़ी राज्य की सियासत में फिर गर्माहट ला दी है। हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से केएल ठाकुर और देहरा से होशियार सिंह भाजपा का दामन थामेंगे। हालांकि विधानसभा स्पीकर ने अभी तक इनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। भाजपा इन्हें अपना उम्मीदवार घोषित कर उपचुनाव लड़ाएगी। कांग्रेस से बागी हुए छह विधायक पहले ही अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। उनकी भी भाजपा में शामिल होने की तैयारी है। जून को होंगे। माना जा रहा है कि केंद्रीय चुनाव आयोग इन सीटों पर (निर्दलीय विधायकों के सीट पर) भी लोकसभा चुनाव के साथ पहली जून को उपचुनाव करवाएगा। इस तरह नौ सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर कांग्रेस की सुक्खू सरकार का भविष्य टिका है। उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अग्निपरीक्षा होगी। नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के परिणाम विधानसभा का समीकरण बदल सकते हैं। विधानसभा




की 68 सीटों में कांग्रेस के पास 34 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं। जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होगा, अगर वो मोदी लहर में भाजपा जीतती है तो भाजपा के विधायकों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी और वो मजबूत स्थिति में आ जाएगी। रोचक बात यह है कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 35 है। कांग्रेस महज एक जीत से इस आंकड़े को छू लेगी। हालांकि सभी नौ सीटें गंवाने पर विधानसभा में कांग्रेस सरकार पर तलवार लटकी रहेगी। इस उपचुनाव के नतीजे तय करेंगे कि सरकार पर खतरा बढ़ेगा या टलेगा। पिछले एक माह में राज्य में घटे सियासी घटनाक्रम पर नजर डालें तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले कांग्रेस कमजोर दिखाई दे रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के सभी बड़े नेता गुटबाजी से इतर भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की कवायद में एकजुट थे।

### बाड़मेर में अधिकतम तापमान 39.02 डिग्री सेल्सियस रहा

# राजस्थान में गर्मी ने दिखाए तेवर



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। प्रदेश के पश्चिमीं जलों जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर में गर्मी ने असर दिखा दिया है। हालांकि, रात के समय जरूर गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 26 और 27 मार्च को प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी भाग के कुछ हिस्सों में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश बूंदाबांदी होने की संभावना है। वहीं 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच सामान्य से कम वर्षा होने के आसार रहेंगे। इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 2 डिग्री अधिक रहने की संभावना है। फिलहाल प्रदेश के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री को पार कर चुका है। विभाग के आंकलन के मुताबिक तापमान 32 से 37 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से 23 डिग्री रहेगा। हालांकि रात के पारे में बीते दो हफ्ते से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खास तौर पर राज्य के पश्चिमी हिस्से में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब जा पहुंचा है। ऐसे में विभाग का मानना है कि अप्रैल का मौसम प्रदेश में गर्मी के साथ शुरू होगा।

मौसम विभाग के अनुसार बाड़मेर में अधिकतम तापमान 39.02 और न्यूनतम 19.08 डिग्री सेल्शियस तापमान दर्ज किया गया। जैसलमेर में अधिकतम 38.04 और न्यूनतम 22.06, जालोर में अधिकतम 38.0 और न्यूनतम 18, फलौदी में अधिकतम 37.04 और न्यूनतम 25.00, जोधपुर सिटी में अधिकतम 37.01 और न्यूनतम 21.04, बीकानेर में अधिकतम 36.08 और न्यूनतम 21.03 डिग्री सेल्शियस तापमान दर्ज किया गया. वहीं डूंगरपुर में अधिकतम 36.06 और न्यूनतम 20.08, फतेहपुर मं अधिकतम 36.00 और न्यूनतम 14.09, चूरू में अधिकतम 35.08 और न्यूनतम 17.08 और जयपुर में अधिकतम 32.05 और न्यूनतम 20.02 डिग्री सेल्शियस तापमान दर्ज किया गया।

# टाइगर में बहुत जान है..., 2004 की ऐतिहासिक सफलता फिर दोहराएगी कांग्रेस; जयराम रमेश ने जीत को लेकर किया दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने लोकसभा चुनावों के नतीजों पर भाजपा के दावों को खारिज करते हुए कहा कि टाइगर में अभी बहुत जान है। कांग्रेस पार्टी बीस साल बाद सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 2004 की ऐतिहासिक सफलता को फिर दोहराएगा।



उस समय इंडिया शाइनिंग का प्रभावशाली अभियान भी भाजपा की सत्ता छिनने से बचा नहीं पाया था। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी इस लोकसभा चुनाव में पांच न्याय और 25 गारंटियों के साथ उतर रही है। हमें पूरा विश्वास है कि विपक्षी आईएनडीआईए को स्पष्ट बहुमत मिलेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं है, बल्कि पूरी पार्टी की है। कांग्रेस का घोषणापत्र अब न्यायपत्र कहलाएगा। इसमें युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय और हिस्सेदारी न्याय और 25 गारंटियां भी शामिल हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या यह चुनाव मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस न्याय गारंटी होगा, तो उन्होंने कहा कि यह गारंटी हमारे अनुभवों पर आधारित है। यह पांच न्याय ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आधार स्तंभ हैं। जयराम रमेश के पुराने टाइगर जिंदा है बयान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, टाइगर जिंदा ही नहीं, बल्कि टाइगर उत्सुक है, टाइगर में और भी बहुत जान है। इसलिए जिनको लगता है कि 2024 में सब पहले ही तय है, तो वह पूरी तरह से गलत हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको बताऊं कि वर्ष 2003 में क्या हुआ था, कांग्रेस मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ हार गई थी। तब इंडिया शाइनिंग का प्रभाव था। लेकिन 2004 में कांग्रेस ने केंद्र में अपनी सरकार बनाई थी। इसलिए 20 साल बाद यह चीज दोहराई जाएगी।

# जल्द तोड़े जाएंगे चिंटल सोसाइटी के पांच टावर, फ्लैट मालिकों- बिल्डर में बनी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम के सेक्टर-109 की चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के जे टावर के फ्लैटों की कीमत में संशोधन किया गया है। बिल्डर को 6500 रुपये प्रति वर्ग फीट की बजाय 6900 रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से फ्लैट मालिकों को राशि लौटानी होगी। पिछले सप्ताह चिंटल पैराडाइसो विवाद को लेकर गठित कमेटी के अध्यक्ष और अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इसमें पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के अधीक्षक अभियंता प्रवीण चौधरी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई मनीष यादव आदि मौजूद थे। बैठक में जे टावर के फ्लैट की कीमत के संशोधन को लेकर चर्चा हुई थी।

कई बातों को ध्यान में रखते हुए इस कमेटी ने 400 रुपये प्रति वर्ग फीट रेट को बढ़ाना उचित पाया था। इसके पश्चात प्रस्ताव को मंजूर करने के बाद जिला उपायुक्त को मंजूरी के लिए भेज दिया था। जिला उपायुक्त ने इस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी



प्रदान कर दी है। इस राशि के साथ-साथ पहले की तरह आंतरिक सज्जा और स्टांप ड्यूटी की कीमत का अलग से भुगतान करना होगा। गत 19 जनवरी को आईआईटी, दिल्ली की रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन ने जे टावर को असुरक्षित घोषित किया था। इस टावर में 52 फ्लैट हैं। मौजूदा समय में 40 परिवार रह रहे हैं। जे टावर के निवासी फ्लैट की कीमत को साढ़े सात हजार रुपये प्रति वर्ग फीट करने की मांग कर रहे हैं। इसके पीछे इनका तर्क है कि द्वारका एक्सप्रेस वे के खुलने के बाद इस एरिया में फ्लैट की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। फ्लैट के रेट 60 से 70 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। दूसरी ओर, रविवार सुबह 10.30 बजे चिंटल पैराडाइसो की आरडब्ल्यूए ने सोसाइटी क्लब परिसर में एक बैठक बुलाई है, जिसमें आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

गुरुग्राम के जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा, अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट के बाद चिंटल पैराडाइसो के जे टावर के फ्लैट की कीमत में संशोधन कर दिया है। कमेटी ने कितनी राशि बढ़ाने का प्रस्ताव किया है, अभी इसकी जानकारी नहीं है। चिंटल पैराडाइसो की आरडब्ल्यूए की बैठक रविवार सुबह होगी। इसमें सुप्रीम कोर्ट की तरफ से विकल्प एक और दो को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके साथ-साथ डी, ई, एफ, जी और एच टावर के एग्रीमेंट पर चर्चा होगी। इन पांचों टावर के 25 फ्लैट मालिकों और बिल्डर के बीच एग्रीमेंट हो गया है। इसके मुताबिक निर्माण की एवज में फ्लैट मालिकों को एक हजार रुपये प्रति वर्ग फीट की अतिरिक्त राशि देनी होगी।

# मेघालय, मणिपुर, नगालैंड में क्षेत्रीय दलों को समर्थन देगी भाजपा, प्रभारी पात्रा ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में मेघालय, मणिपुर, नागालैंड में क्षेत्रीय दलों को समर्थन देने की शुक्रवार को घोषणा की। पार्टी मेघालय की दोनों लोकसभा सीटों पर सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मणिपुर की दो संसदीय सीटों में से एक पर नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) को समर्थन देगी। भाजपा नगालैंड की एकमात्र लोकसभा सीट पर नगालैंड की सत्तारूढ़ पार्टी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) का समर्थन करेगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र के भाजपा प्रभारी संबित पात्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, आगामी संसदीय चुनाव में भाजपा मेघालय की दोनों सीटों (शिलांग और तुरा) पर एनपीपी उम्मीदवारों को, बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में एनपीएफ को और नगालैंड में एनडीपीपी को समर्थन देगी।

भाजपा ने लक्षद्वीप संसदीय क्षेत्र में अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को समर्थन करेगी। राकांपा के अजित गुट ने अभी तक इस सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

IPL 2024

# विराट ने रचा इतिहास

## आईपीएल में दो टीमों के खिलाफ 1000+ रन बनाने वाले पहले भारतीय बने



**चैन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के पहले लीग मैच में सीएसके के खिलाफ विराट कोहली ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। उन्होंने इस मैच में 20 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 21 रन की पारी खेली और आउट हो गए। विराट कोहली ने इस छोटी पारी के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल में 1000 रन बनाने का कमाल किया तो वहीं उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में भी अपने 12,000 रन पूरे कर लिए।

सीएसके के खिलाफ 1000 रन पूरा करते ही विराट कोहली ने इस लीग में इतिहास रच दिया और पहले ऐसे भारतीय बल्लेबाज बने जिन्होंने आईपीएल में दो टीम के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया।

आईपीएल में विराट कोहली ने दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अब तक 1030 रन बनाए हैं तो वहीं सीएसके के खिलाफ उनके रनों की संख्या 1006 हो चुकी है। अब कोहली इस लीग में दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

वैसे आईपीएल में विराट कोहली से पहले डेविड वॉर्नर दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बना चुके हैं, लेकिन बतौर विदेशी बल्लेबाज उन्होंने यह कमाल किया है। वैसे ओवरऑल अगर बात करें तो वॉर्नर के बाद कोहली इस लीग में दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

डेविड वॉर्नर ने इस लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ 1105 रन बनाए हैं तो वहीं उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध अब तक 1075 रन बनाए हैं। इसके अलावा शिखर धवन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 1057 रन बनाए हैं तो वहीं रोहित शर्मा ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 1040 रन बनाए हैं। आईपीएल में कुल 4 बल्लेबाज अब तक ऐसे हैं जिन्होंने एक टीम के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है।

### आईपीएल में एक टीम के खिलाफ 1000प्लस रन बनाने वाले बल्लेबाज

1105 रन – डेविड वॉर्नर बनाम पीबीकेएस
1075 रन – डेविड वॉर्नर बनाम केकेआर
1057 रन – शिखर धवन बनाम सीएसके
1040 रन – रोहित शर्मा बनाम केकेआर
1030 रन – विराट कोहली बनाम डीसी
1006 रन – विराट कोहली बनाम सीएसके



# पंजाब ने दिल्ली को 4 विकेट से हराया

## सैम करन का अर्धशतक, अर्शदीप-हर्षल ने दो-दो विकेट लिए

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने IPL-2024 का आगाज जीत के साथ किया है। शिखर धवन की कप्तानी वाली क्क्यस् ने सीजन के पहले डबल हेडर मैच में दिल्ली कैपिटल्स (ष्ष्ट) को 4 विकेट से हरा दिया।

मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पंजाब ने बॉलिंग का फैसला लिया। दिल्ली ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 174 रन बनाए और पंजाब को 175 रन कर टारगेट दिया।

जवाब में पंजाब ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब की तरफ से सैम करन ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 47 बॉल पर 63 रन बनाए। उनके अलावा लियम लिविंगस्टन 38, प्रभसिमरन सिंह 26 और शिखर धवन ने 22 रन का योगदान दिया। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव और खलील अहमद बे दो-दो विकेट लिए। ईशांत शर्मा को एक विकेट मिला। जॉनी बेयरस्टो रन आउट हुए। इससे पहले दिल्ली की टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 174 रन बनाए। दिल्ली की ओर से शोई होप ने 25 बॉल पर सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। इम्पैक्ट प्लेयर अभिषेक पोरेल ने 10 बॉल 32 रन की पारी खेली। जबकि डेविड वॉर्नर ने 21 बॉल पर 21 रन की पारी खेली। कार एक्सीडेंट के बाद वापसी कर रहे कप्तान ऋ्षभ पंत ने 13 बॉल पर 18 रन का योगदान दिया।

पंजाब की ओर से हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट झटके।

# उथप्पा ने धोनी की तुलना रोजर फेडरर से की





**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने एमएस धोनी की जमकर तारीफ की, जब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पारी की आखिरी गेंद पर विकेट के पीछे से शानदार रन आउट किया।

धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के उद्घाटन मैच में अनुज रावत को रन आउट किया। 43 वर्षीय क्रिकेटर ने संदेह को खारिज कर दिया और आईपीएल 2023 सीज़न के बाद घुटने की सर्जरी के बावजूद अपनी स्थायी फिटनेस और चपलता से सबको चकित कर दिया। रॉबिन उथप्पा ने कई लोगों की भावनाओं को दोहराया, धोनी के समर्पण पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए, उनकी कार्य नीति की तुलना टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर से की।


धोनी की रिकवरी व्यवस्था के बारे में उथप्पा की अंतर्दृष्टि, जिसमें टेनिस सत्र भी शामिल थे, ने उस सावधानीपूर्वक तैयारी की झलक पेश की जिसने आईपीएल क्षेत्र में धोनी की विजयी वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। रॉबिन उथप्पा ने शुक्रवार को जियोसिनेमा को बताया, वह निश्चित रूप से ऐसा करता है। उसका घुटना इस समय बिल्कुल नया दिखता है। तथ्य यह है कि वह जॉगिंग कर रहा है और अच्छी तरह से चल रहा है, इससे पता चलता है कि उसने पर्दे के पीछे काम किया है। बिल्कुल रोजर फेडरर की तरह। किसी को नहीं पता कि उसके पास किस तरह की कार्य नीति है, लेकिन वह टूर्नामेंट में आता है और वास्तव में अच्छा दिखता है।

एमएस ऐसा कर रहा है। उथप्पा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे धोनी ने फिटनेस पर लौटने के लिए कुछ टेनिस सत्रों का उपयोग किया, जबकि वह पिछले साल घुटने की सर्जरी के बाद रिकवरी की राह पर थे। उथप्पा ने कहा, वह अच्छे दिख रहे हैं, देखने से स्वस्थ और मजबूत लग रहे हैं, अच्छी बल्लेबाजी करते दिख रहे हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा था, सीएसके एमएस धोनी को व्हीलचेयर पर खेलाएगी। लेकिन, मुझे लगता है कि उन्होंने अच्छी शुरुआत की है।

मैं इससे खुश हूं। वह खुद को फिट रखने के लिए टेनिस और पैडल टेनिस खेल रहे हैं। वह इस समय अच्छे दिख रहे हैं। सीएसके ने पहले मैच में आरसीबी को 173 के पार स्कोर पर रोकने के बाद छह विकेट से हराया।

# पाकिस्तान क्रिकेट में पसरा मातम

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व मैनेजर हुआ निधन शहरयार खान का निधन



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। पाकिस्तान क्रिकेट के एक दिग्गज ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। इस दिग्गज ने 89 साल की उम्र में आखिरी सांस ली।

बता दें ये दिग्गज पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार थे और लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके फैंस के साथ ये खबर शेयर की है।

### पाकिस्तान क्रिकेट के इस दिग्गज का निधन

भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती सालों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। बता दें वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे। इसके अलावा वह भारत और यूनाइटेड किंगडम में पाकिस्तान के उच्चायुक्त भी रहे। शहरयार पहली बार 2003 से 2006 के बीच पीसीबी के अध्यक्ष बने। इस बीच भारतीय टीम ने दो बार पाकिस्तान का दौरा किया था। इसके बाद उन्होंने 2014 से 2017 तक भी पीसीबी प्रमुख का जिम्मा संभाला था।

### पाकिस्तान टीम के मैनेजर भी रहे

शहरयार खान पाकिस्तान के 1999 के भारतीय दौरे तथा 2003 में वनडे वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान टीम के मैनेजर रहे थे। वह भोपाल के शाही परिवार से संबंध रखते थे। पीसीबी के वर्तमान अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि पीसीबी की तरफ से मैं पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान के निधन पर गहरी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं। वह एक अच्छे प्रशासक थे और उन्होंने अत्यंत समर्पण के साथ पाकिस्तान क्रिकेट की सेवा की। पाकिस्तान क्रिकेट देश में खेल के विकास में उनकी सेवाओं के लिए शहरयार खान का कर्जदार रहेगा।

IPL 2024

### शायद इस मैदान पर मेरा आखिरी मैच था

# दिनेश कार्तिक ने संन्यास पर तोड़ी चुप्पी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का आगाज हो चुका है, जिसमें गतविजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने जीत के साथ शुरुआत की है। इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने मैच के बाद अपने बयान से ये संकेत दिया है कि ये उनका आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है। कार्तिक ने कहा कि यह उनका चेपॉक स्टेजियम में अंतिम मैच हो सकता है, यदि उनकी टीम प्लेऑफ में पहुंचती है और यहां पर मुकाबला होता है तो उसी स्थिति में उन्हें इस मैदान पर खेलने का मौका मिलेगा।

**शायद मैं चेपॉक पर अंतिम मैच खेल चुका**

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में मिली 6 विकेट से हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए दिनेश कार्तिक ने कहा कि कमेंट्री करते हुए टेस्ट मैचों के बीच क्रिकेट खेलने के लिए समय निकालना बेहद मुश्किल था। मुझे जो भी समय मिलता था उसमें मैं कड़ी मेहनत करता था।

इसलिए मुझे खुशी है कि मैं पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा। कुछ रन बनाकर अच्छा महसूस हो रहा है। मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम प्लेऑफ में इस बार जगह बनाने में सफल होगी यहां प्लेऑफ के मैच खेले जाएंगे और मैं उनके लिए वापस यहां आ सकता हूं जो मेरा यहां अंतिम मैच हो सकता है, लेकिन यदि मैं ऐसा करने में सफल नहीं हो सका तो ये चेपॉक पर मेरा आखिरी मैच होगा।

**आरसीबी को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में निभाई अहम भूमिका**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आईपीएल के 17वें सीजन के अपने पहले मुकाबले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक समय 78 के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से दिनेश कार्तिक ने अनुज रावत के साथ मिलकर ना सिर्फ पारी को संभाला बल्कि टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका अदा की। कार्तिक ने 26 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 38 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसके चलते आरसीबी 20 ओवरों में 173 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब हो सकी।

# मुझे लगता है कि गायकवाड़ की कप्तानी बहुत प्रभावशाली थी: सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी की शुरुआत की सराहना की, और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरुआती मैच में उनके शानदार गेंदबाजी बदलाव को श्रेय दिया।

मुस्तफिजुर रहमान ने सीएसके के लिए अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपने स्पैल की पहली दस गेंदों में चार विकेट लेकर आरसीबी के शीर्ष बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। सीएसके ने आरसीबी को 20 ओवर में 173 रन पर रोकने के बाद छह विकेट से हरा दिया। गायकवाड़ का रणनीतिक कौशल चमक गया क्योंकि उन्होंने अपने गेंदबाजों का चतुराई से उपयोग किया, विशेष रूप से मुस्तफिजुर रहमान को सटीकता के साथ तैनात किया और मैच के महत्वपूर्ण चरण के दौरान तुषार देशपांडे पर विश्वास बनाए रखा।

गावस्कर ने गायकवाड़ के धैर्य और निर्णय लेने की क्षमता की सराहना की और युवा कप्तान के मार्गदर्शन में अनुभवी एमएस धोनी के प्रभाव पर प्रकाश डाला। गावस्कर ने क्रिकेट लाइव में कहा, बिल्कुल! एक कप्तान के तौर पर आपका डेब्यू काफी अहम हो जाता है। आप जीत के साथ अपने कप्तानी करियर की अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं और वैसा ही हुआ। जो बात प्रभावशाली थी वह था उनका गेंदबाजी में बदलाव। जिस तरह से उन्होंने मुस्तफिजुर का इस्तेमाल किया वह बिल्कुल शानदार था।

उन्होंने कहा, वह अंतिम ओवर के लिए तुषार देशपांडे पर भरोसा रखते हुए, दीपक चाहर की जगह लेते रहे। मुझे लगता है कि यह देखते हुए कि तुषार देशपांडे के ओवर में 25 रन पड़े, किसी अन्य गेंदबाज का उपयोग करने का अवसर था, लेकिन वह फिर भी तुषार देशपांडे पर अड़ा रहा, और देशपांडे ने शानदार अंतिम ओवर के साथ जवाब दिया। तो, हाँ, मुझे लगता है कि कप्तानी सबसे प्रभावशाली थी। और हम यहां देखते हैं, निश्चित रूप से, उनके मार्गदर्शन के लिए उनके आसपास एमएस धोनी हैं। शॉर्ट गेंदों को नियोजित करने की आरसीबी की आक्रामक रणनीति के बावजूद, गावस्कर ने इसकी एक-आयामी प्रकृति पर ध्यान दिया, यह सुझाव देते हुए कि उनके दृष्टिकोण में भिन्नता की कमी महंगी साबित हुई। हर तरह से शॉर्ट बॉल आज़माएं, लेकिन जब यह काम नहीं कर रही थी... तो ऐसा लगा कि वे बस यही करना चाह रहे थे। आपके पास डागर जैसा कोई था, जिसने 6 छह रन देकर 2 ओवर फेंके थे। मैं जानता हूं कि बाएं हाथ के स्पिनर को 6 रन के लिए कैसे चुना जा सकता है, लेकिन आपको एक मौका लेना होगा। जो कुछ उन्होंने किया, जोसेफ, ग्रीन, सिराज, हर कोई संक्षेप में बताता है।

गावस्कर ने कहा, क्या हो रहा था कि यदि आपको बाउंसर सही से नहीं मिलती है, तो आप इसे वाइड दे देंगे, जिसका मतलब है कि आप एक अतिरिक्त रन दे रहे हैं, आप एक अतिरिक्त डिलीवरी करने जा रहे हैं। तो, आपका बाउंसर बहुत सटीक होना चाहिए, और ऐसा नहीं था। वह एक-आयामी रणनीति वास्तव में निराशाजनक थी।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने कहा कि सीएसके ने अपने घरेलू फायदे का फायदा उठाया, आरसीबी की बल्लेबाजी लाइनअप को प्रभावी ढंग से दबाव में रखा और पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा। मुस्तफिजुर रहमान के शानदार प्रदर्शन के साथ-साथ पूरी सीएसके टीम के योगदान ने येलो आर्मी के लिए व्यापक जीत सुनिश्चित की। मुझे लगता है कि यह शायद चेन्नई के लिए एक आदर्श शुरुआत है।

# शिवम दुबे के फिनिशर बनने के पीछे एमएस धोनी का हाथ, आईपीएल 2024 में पहला मैच फिनिश करने के बाद खुद बताया



**चैन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद कहा कि उन्होंने मैच को खत्म करने की कला पूर्व कप्तान एमएस धोनी से सीकी है और वह हर गेम में इसको लागू करने की कोशिश करते हैं। शिवम ने आईपीएल 2024 के पहले मैच में 28 गेंद में नाबाद 34 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने विनिंग शॉट भी लगाया।

आईपीएल 2023 में सीएसके की खिताबी जीत के दौरान से शिवम दुबे का आत्मविश्वास बढ़ रहा है और पिछले कुछ मैचों में उन्होंने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन करके दिखाया है। पिछले सीजन 16 मैच में उन्होंने 38 के औसत से 418 रन बनाए। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें आयरलैंड और अफगानिस्तानके खिलाफ टी20 सीरीज में चुना गया।

शिवम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मैच को फिनिश करने की कला दिखाई। अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 63 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को 6 विकेट से जीत दिलाई। बाएं हाथ का बल्लेबाज एक बार फिर अंत तक क्रीज पर डटा रहा। उन्होंने गेम फिनिश को लेकर बात की है। शिवम दुबे ने आईपीएल द्वारा एक्स पर शेयर वीडियो में कहा, चेन्नई के लिए गेम को फिनिश करना मेरे लिए कुछ अलग एहसास है। यही चीज है जो मैंने माही भाई से सीखा है और यही मैं हर गेम में करने की कोशिश करता हूं। पहले सीएसके के गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने अपनी वैरिएशन से चार विकेट झटककर आरसीबी को मुश्किल में डाल दिया था।

लेकिन अनुज रावत (48 रन) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 38 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से आरसीबी छह विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाने में सफल रही। पर उसके गेंदबाज अपनी गलतियों से सीएसके को दबाव में लाने के बावजूद जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। सीएसके ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर अपने नये कप्तान ऋ्तुराज गायकवाड़ को जीत से शुरूआत कराई।

# होली में हुड़दंगियों से सख्ती से निपटेगी पुलिस फुलवारी शरीफ में निकाला फ्लैग मार्च



निज संवाददाता

**पटना।** पटना पुलिस होली में हुड़दंगियों से सख्ती से निपटेगी। फुलवारी शरीफ के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शनिवार को सिटी एसपी पश्चिम और पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सियाग ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को भरोसा दिलाना है। लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि आपसी भाईचारे का पर्व होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। अगर कोई सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि जिस जगह पर होलिका दहन किया जा रहा है। वहां पर बिजली का खुला तार ना हो। किसी को कोई परेशानी नहीं हो, इसका भी ख्याल रखना होगा।

## अरई उच्च विद्यालय के समीप एक युवक का मिला शव



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई उच्च विद्यालय के समीप एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान बिरई निवासी 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में की गई है।थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है । परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। मृतक के शरीर पर किसी तरह का कोई निशान नहीं मिला है।पोस्टमार्टम एवं अन्य रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है की मृत्यु कैसे हुई है। मृतक के पैकेट से एक सलफास का डब्बा मिला है। फॉरेंसिक जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## महागठबंधन में टिकट पर मारामारी, औरंगाबाद से आरजेडी का कैंडिडेट उतारने पर कांग्रेस ने मोर्चा खोला

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार महागठबंधन में लोकसभा चुनाव 2024 के टिकटों को लेकर मारामारी चल रही है। आरजेडी बिना सीट बंटवारे के ही अपने प्रत्याशियों को सिंबल बांट रही है। इसी क्रम में दक्षिण बिहार की औरंगाबाद सीट से आरजेडी ने अभय कुशवाहा को प्रत्याशी बना दिया। अब जिले के कांग्रेस नेताओं ने आरजेडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। औरंगाबाद से कांग्रेस के सांसद रह चुके पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के पटना स्थित आवास पर शनिवार को बड़ी संख्या में समर्थक जुटे। सभी ने औरंगाबाद सीट आरजेडी को दिए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। निखिल कुमार ने एक दिन पहले मीडिया से बातचीत में कहा कि औरंगाबाद कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। यहां से उन्होंने चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर ली थी। मगर आरजेडी ने इस सीट से अपना उम्मीदवार उतार दिया, इससे जिले के कांग्रेस नेता काफी नाराज हैं। उन्होंने आरजेडी पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव की पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। जबकि कांग्रेस ने कम से कम एक सीट पर जीत तो दर्ज की थी। निखिल कुमार ने कहा कि आरजेडी ने अपने प्रत्याशी को औरंगाबाद से सिंबल दे दिया, जो कि बहुत गलत किया। बता दें कि वह कांग्रेस से औरंगाबाद से टिकट की मांग कर रहे थे। 2019 के आम चुनाव में भी उनका टिकट काट दिया गया था और महागठबंधन में ऐन वक्त पर यह सीट जीतनराम मांझी की पार्टी हम को दे दी गई थी। वहीं, इस बार जेडीयू से आरजेडी में आए टेकारी से पूर्व विधायक अभय कुशवाहा को हाल ही में लालू प्रसाद यादव ने औरंगाबाद से प्रत्याशी बनाकर सिंबल बांटा था। इस सीट पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव होना है। नामांकन की आखिरी तारीख 28 मार्च है।

## नाबालिग को बहला-फुसला कर घर से भगाने की प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के एक गांव से 16 वर्षीया नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में नाबालिग की मां ने गांव के ही एक युवक को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि बुधवार को हम रफीगंज बाजार गये थे। मेरे पीछे में अपनी दादी को बोली कि हमें स्कूल जाना है और मां भी रफीगंज बुलाई है। बाद में जानकारी मिली कि वह बाईक से उक्त आरोपी युवक के साथ गई है। उस युवक ने फोन कर बोला कि ज्यादा दिमाग मत लगाओ। हम चार दिन में घर आकर पहुंचा देंगे। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## एक नजर

### मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)।** रफीगंज के कौआखाप गांव में मारपीट के मामले में नरेश पासवान ने जाखिम गांव के सुनील खत्री एवं अन्य अज्ञात को आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि रात में घर से शौच के लिए जा रहे थे। तभी अकेला पाकर उक्त आरोपी ने यह दोषी ठहराया कि वर्ष 2020 में तूने मुझे पुलिस से पकड़वाया था। जब मैं बोला कि हम उस समय जेल में थे। तो ये काम कैसे कर सकते है। उसने मारपीट किया और चुप रहने की धमकी देकर चला गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की हकीकत की जा रही है।

### शराब मामले में एक हुआ गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के बड़ेम ओपी क्षेत्र के न्यू नगर मझियांव निवासी बुचन राजवंशी को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष सिमरन राज एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर शराब मामले मे प्राथमिकी दर्ज था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### बाइक चोरी मामले में बाइक समेत तीन गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के तिवारीडीह गांव निवासी मोहित कुमार, गुड्डु कुमार, बिट्टू कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष सिमरन राज एवं सशस्त्र बल के द्वारा चोरी की बाइक समेत बड़ेमे पेट्रोल पंप के समीप से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों लोगों पर बाइक चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### विदेशी शराब व बाइक समेत दो गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के माली थाना क्षेत्र के जयहिंद तेंदुआ गांव के समीप से वाहन जांच के दौरान थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के द्वारा रिसियप थाना क्षेत्र के मुख्तियारपुर गांव निवासी संतोष कुमार और एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव निवासी रोहित कुमार को झारखंड निर्मित 375 एमएल के एक बोतल रॉयल स्टैग विदेशी शराब और बाइक समेत पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विदेशी शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों लोगों को जेल भेज दिया गया है।

### आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के माली थाना क्षेत्र के बैरिया बाजार स्थित पुनपुन खेल मैदान परिसर पर 20 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने पर सेक्टर पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद के द्वारा 21 मार्च को आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि उस दिन 2:00 बजे से 4:00 बजे के बीच होली मिलन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तेज ध्वनि में लाउडस्पीकर का उपयोग किया गया जबकि आचार संहिता को लेकर धारा 144 लागू है।

### देसी शराब व बाइक समेत कारोबारी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (का. सं.)।** नवीनगर के टंडवा थाना क्षेत्र के करमा लहंग गांव के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद एवं सशस्त्र बल के द्वारा नवीनगर थाना क्षेत्र कुशा गांव निवासी प्रदीप कुमार को झारखंड निर्मित 180 एमएल के 180 बोतल टनाका देसी शराब और बाइक समेत पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि देसी शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उक्त व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में होली मिलन समारोह आयोजित

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नबीनगर के सरस्वती शिशु मंदिर, भवानोखाप में होली अवकाश के पूर्व रंगों के त्योहार पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मां सरस्वती की वंदना सभा के बाद प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्र, आचार्यगण, बंधु एवं भगिनी ने अपने-अपने बिरादरी के बीच एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पारस्परिक प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए रंगों का पवित्र त्योहार होली का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के संगणक आचार्य अमरजीत, आचार्य दिलीप कुमार सिंह, उमाशंकर पांडेय, राजेन्द्र सिंह ने लोक संगीत, पारम्परिक होली गाकर गजब का समा बांधा। इन सब का संगीत सुनकर सभी खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर सभी आचार्य परिवार एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्र ने सभी आचार्य परिवार एवं कर्मचारियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बाद में मथुर मिष्ठान पश्चात होली अवकाश की घोषणा की गई।

## शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का मना शहादत दिवस

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर में एक सादे समारोह में शनिवार को शहीद ए आजम भगत सिंह एवं उनके साथी राजगुरु एवं सुखदेव की शहादत मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, आम नागरिक एवं विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने शहीदों के सम्मान में खड़े होकर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा का विधिवत उद्घाटन दाऊदनगर के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज भगत सिंह और उनके साथियों के शहादत दिवस के समय में देश में बचे-खुचे सीमित लोकतंत्र को भी समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। देश की विभिन्न राजनीतिक पार्टियां इलेक्टोरल बॉंड के नाम पर पूंजीपतियों से खुलेआम घुस वसूल रही हैं तथा देश की प्रमुख जांच एजेंसियों का इस्तेमाल जबरदस्ती पार्टी फंड इकट्ठा करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकतंत्र को मौजूदा फासीवादी निजाम बिल्कुल समाप्त कर तानाशाही स्थापित करना चाह रही है जिसे हर हाल में रोकना होगा। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए संस्थान के सचिव सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि हिन्दुस्तान को एक समाजवादी राष्ट्र बनाने तथा देश में जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, नस्ल आदि के नाम चलाई जा रही राजनीति का विरोध करते हुए देश के लोगों के बीच अमन और भाईचारा के लिए कार्य करना हीं शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला नेत्री मीना सिंह ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों का सपना था कि समाज में महिलाओं को बराबरी का स्थान मिले लेकिन आज महिलाओं को संसद में आरक्षण महज लॉलीपॉप दिखलाया जा रहा है तथा उनके खिलाफ विभिन्न प्रकार की हिंसा में लगातार वृद्धि हो रही है।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए गोह कॉलेज के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष राजकमल कुमार सिंह ने कहा कि जब तक देश में समान शिक्षा व्यवस्था लागू नहीं होगा तब तक देश भगत सिंह के सपनों का हिन्दुस्तान बनाना संभव नहीं होगा लेकिन मौजूदा हुक्मरान ऐसा नहीं करना चाहते हैं। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय समाजसेवी राजाराम सिंह ने कहा कि भगत सिंह एवं उनके साथियों की कुर्बानी आजादी की लड़ाई का वह महत्वपूर्ण मोड़ था जहां से बिल्कुल यह तय हो गया था कि अब भारत की आजादी को दुनियां की कोई ताकत रोक नहीं सकती। 23 मार्च 1931 को जब भगत सिंह एवं उनके साथियों ने अपना बेशकीमती बलिदान दिया था तभी यह तय हो गया था कि देश की आजादी का लक्ष्य अब ज्यादा दूर नहीं है। इनके अलावा इस सभा को संस्थान के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता- कयूम अंसारी, औरंगजेब आलम, अरविंदो मिशन स्कूल का विद्यार्थी विवेकचंद्र सैनी, कशिश कुमार, युवराज पांडेय, शिक्षिका सिम्पी पटेल, शिक्षक बिनोद भगत, बसंती देवी, राजकुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व आगत अतिथियों के स्वागत में स्कूली छात्रा कुमारी सुषमा सैनी एवं स्नेहा कुमारी ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से एक मांग प्रस्ताव पारित किया जिसमें- नासरीगंज-दाउदनगर सोन-पुल का नामकरण 'शहीद भगत सिंह सेतु' करने, पूरे देश में शहीद भगत सिंह एवं उनके साथियों का शहादत दिवस 23 मार्च को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने, संसद भवन में तीनों शहीदों की तस्वीरें लगाने, इन्हें आतंकवादी घोषित करने वाले अंग्रेजी दस्तावेजों को रद्द कर के इन तीनों शहीदों को 'राष्ट्रीय शहीद' घोषित करने, देश की सभी राज्यों की राजधानियों में शहीद ए आजम एवं उनके साथियों का स्मारक निर्माण करवाने, शहीद-ए-आजम की सभी रचनाओं को हिन्दी एवं अंग्रेजी में सरकारी खर्च पर मुद्रित-प्रकाशित करवाकर उन्हें देश के सारे मान्यताप्राप्त पुस्तकालयों में मुफ्त में उपलब्ध करवाने, शहीद-ए-आजम और इनके साथियों की जीवनी को सरकार द्वारा स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल करवाने आदि मांगें शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद चंद्रवंशी ने की जबकि संचालन सचिव सत्येन्द्र कुमार ने किया।

## यातायात नियमों को तार-तार कर रहे युवा



निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह शहर में इन दिनों बाइक चालक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यहां एक बाइक में चार लोग सफर कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन के लाख दावों के बाद भी बगैर हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों पर लगाम नहीं लग पा रही है। गोह बाजार की सड़कों पर फर्राटा भर रहे दोपहिया वाहन नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं तो कहीं बाइक सवार हेलमेट पहनने के बजाय वाहन में हेलमेट लटकाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। एक बाइक में दो-तीन लोग ही नहीं अब चार और पांच लोग बाइक पर सफर कर रहे हैं। इस वजह से दुर्घटना होने का खतरा लगातार बना हुआ है।

हाल की सड़क दुर्घटना को देखा जाय तो हेलमेट न पहने से कई युवक की जान सड़क दुर्घटना में हुई है। हालांकि पुलिस प्रशासन लगातार ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग और बगैर हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा करती है। लेकिन शनिवार को थाना के समीप गोह मुख्य बाजार में एक बाइक पर एक महिला दो बच्चे वह एक युवक यानी चार-चार सवारिया बिना हेलमेट के देखे गए। ऐसे कई बाइक ऐसी मिली जिस पर चार से पांच युवक सफर कर रहे हैं। ऐसे पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार अभिभावकों से भी नाबालिकों को दो पहिया वाहन नहीं देने की अपील करती रही है ।इसके बावजूद नाबालिक दो पहिया वाहन दौड़ा रहे हैं। धीरे चले ,सुरक्षित पहुंचे, यातायात नियमों का पालन करें, इस तरह की चेतावनी सड़कों पर लगे साइन बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है,लेकिन रफ्तार के शौकीन युवक को और छात्रों के लिए इसका कोई महत्व नहीं है। यही वजह है कि आए दिन दोपहिया वाहनों की दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

## होलिका दहन के समय अलर्ट रहेंगे बिजलीकर्मी

निज संवाददाताद | पटना



शहर में होलिका दहन रविवार की रात की जाएगी। इसे लेकर हर चौक-चौराहे पर होलिका दहन के लिए लकड़ियां इकट्ठा की गई हैं। कदमकुआं, राजेन्द्रनगर, कंकड़बाग, मीठापुर, गर्दनीबाग, उमा सिनेमा, सीडीए बिल्डिंग, बोरिंग रोड, पाटलिपुत्रा समेत अन्य इलाके में होलिका दहन को लेकर तैयारी की गई है। कुछ जगहों पर लोग बिजली तार के नीचे होलिका दहन की सामाग्रियां इकट्ठा की गई हैं। इसे लेकर पेसू ने आम लोगों से अपील की है कि वे बिजली तार के नीचे होलिका दहन न करें। इससे बिजली के खुले तार या कवर तार में आग लग सकती। लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। पेसू जीएम ने सभी बिजलीकर्मियों को निर्देश दिया है कि तार के नीचे होलिका दहन सामाग्रियां कहीं दिखे तो उसे तत्काल हटवाई जाए। बिजली तार से दूर हटकर होलिका दहन सामाग्री रहे। वहीं होलिहा दहन के समय बिजलीकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है। पेसू अपने-अपने विद्युत आपूर्ति डिविजन में कंट्रोल रूम अस्थाई रूप से स्थापित किया है, ताकि बिजली संबंधित किसी तरह की घटना-दुर्घटना से तत्काल निपटा जा सके।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

निज संवाददाता



**गोह ( औरंगाबाद ) ।** गोह स्थित तुलसी बिगहा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन नॉवलेश यादव की अगुआई में शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ संरक्षक अजय यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।बाराणसी से आये राधा कृष्ण झांकी टीम ने एक से बढ़कर एक झांकी व गीत की प्रस्तुति दी। आयोजक टीम ने सभी से गीले शिकवे भूलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया व आपस में प्यार बांटे। प्रेम के इस महान पर्व होली में सदस्यों ने जमकर गुलाल व रंग लगाकर होली की खुशी बांटे। सुभारम्भ के दौरान सरक्षक श्री यादव ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक है। इस त्योहार को हमसभी को शांति और शौहार्द्र के साथ मनाना चाहिए।एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने का संदेश दिया। वहीं अगुआई कर रहे नॉवलेश यादव कहा कि होली आपसी प्रेम को अभिव्यक्तत करने और वैमनस्यता को भुलाते हुए समाजिक सौहार्द स्थापित करने का पर्व है। इसके रंग में जातियों और धर्म की नफरतें समाप्त होकर सांस्कृतिक चेतना को बढ़ाता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर दयाल यादव,पंचायत समिति भोला यादव पैक्स अध्यक्ष साधु यादव, प्रवक्ता संजय ब्यास, बिकास यादव, नीरज पासवान, शैलेश कुमार, राजेश कुमार, सुभाष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पीयूष कुमार,श्याम किशोर सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

## किसान की बेटी ने 12वीं परीक्षा में बिहार टॉप 10 लिस्ट में शामिल



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में गोह की छात्रा ने टॉप टेन में अपना स्थान बनाते हुए बिहार राज्य में परचम लहराया है। प्रज्ञा कुमारी ने 475 अंक लाकर अपने राज्य का नाम रोशन किया।वही गोह की ही पैक्स अध्यक्ष की पुत्री तृप्ति राज जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान सम्मान बढ़ाया है। किसान के पुत्री ने बिहार में बनाई जगह-गोह प्रखंड के बाजार बर्मा निवासी किसान सुनील कुमार की पुत्री प्रज्ञा कुमारी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 475 अंक लाकर बिहार में अपना जगह बनाया। उनकी माता संगीता कुमारी ग्रहणी है। प्रज्ञा कुमारी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ केवीएम क्लासेस के राहुल शर्मा कुंदन सर को दी है। गौरतलब हो की प्रज्ञा कुमारी 2022 की मैट्रिक की परीक्षा में बिहार में तीसरा स्थान प्राप्त की थी।आंगनबाड़ी सेविका का पुत्री औरंगाबाद में तीसरे स्थान पर- गोह प्रखंड के हरि गांव गांव निवासी पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी की पुत्री तृप्ति राज ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान लाकर जिला का मान सम्मान बढ़ाया है। इन्होंने अपने मेहनत के बल पर 474 अंक प्राप्त किया। उनके माता साधना कुमारी आंगनबाड़ी सेविका है तृप्ति राज ने अपनी सफलता का स्त्री अपने माता-पिता के साथ अपने गुरु राहुल शर्मा व कुंदन कुमार को दी है।

## फार्मासिस्टों की नियमित बहाली जल्द हो

**पटना (नि.सं.)।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऑर्गेनाइजेशन छात्रसंघ ने राज्य में फार्मासिस्टों की नियमित नियुक्ति की मांग सरकार से की है। संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि बिहार में 17 वर्षों से फार्मासिस्ट पद पर नियमित नियुक्ति नहीं हुई है। जिस वजह से राज्य के लगभग सभी सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट का पद रिक्त हैं। मरीजों को गैर तकनीकी योग्यताधारी कर्मियों से दवा लेनी पड़ती है, इससे मरीजों को दवा लेने और समझने में परेशानी होती है।